


* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 22 सितंबर, 2025, सोमवार, वर्ष 10, अंक 332, आश्विन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00













# नवरात्र के सूर्योदय के साथ स्वदेशी क्रांति का बिगुल फूंका पीएम मोदी ने

- नागरिक देवो भवः के मंत्र से आत्मनिर्भर बनेगा भारत, ब्रांड बनेगा मेड इन इंडिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के नाम संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी पर नवरात्रि के पहले दिन से देश आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक बड़ा कदम उठा रहा है। 22 सितंबर को सूर्योदय के साथ ही जीएसटी बचत उत्सव शुरू हो जायेगा। इसका फायदा सभी वर्गों को होगा। जीएसटी उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पसंद की चीजें खरीद पायेंगे। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वही सामान खरीदें, जिसे बनाने में देशवासियों का पसीना लगा हो। प्रधानमंत्री ने 20 मिनट के संबोधन में जीएसटी रिफॉर्म, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी पर जोर दिया। उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की कि स्वदेशी के अभियान के साथ निर्माण को गति दें। निवेश के लिए माहौल बनायें। केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे तभी सपना पूरा होगा।

**अब गरीबों की भी बारी है:** मोदी ने कहा कि पिछले 11 साल में देश में 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया है। गरीबी से बाहर आये ये लोग न्यू मिडिल क्लास के रूप में अपनी भूमिका अदा कर रहे हैं। इस साल सरकार ने 12 लाख रुपये की इनकम टैक्स फ्री करके उपहार दिया, तो सोचिए मिडिल क्लास के जीवन में कितना बदलाव आया है। अब गरीबों की भी बारी है। इन्हें डबल बोनांजा मिल रहा है। जीएसटी कम होने से उनके लिए घर बनाना, टीवी, फ्रिज, बाइक और स्कूटर में कम खर्च करना होगा। घूमना-फिरना भी सस्ता होगा।



## वन नेशन वन टैक्स पर जनता ने पीएम बनाया

प्रधानमंत्री ने कहा कि वन नेशन वन टैक्स पर 2014 में जब देश ने मुझे पीएम बनाया, तब लाखों कंपनियों को अलग-अलग तरह के टैक्स के जाल से परेशानी होती थी। सामान को एक शहर से दूसरे शहर तक पहुंचने के बीच जो खर्च बढ़ता था, वो गरीब उठाता था। देश को यहां से निकालना बहुत जरूरी था। जब आपने हमें 2014 में अवसर दिया तो हमने जीएसटी को प्राथमिकता बनाया। हमने स्टेकहोल्डर, राज्यों से बात की। हर समस्या का समाधान खोजा। वन नेशन वन टैक्स का सपना साकार हुआ।

## पनीर, घी, साबुन शैंपू के साथ कार एसी की कीमतें घटीं

नयी दिल्ली। जरूरत के सामानों पर आज से अब केवल दो स्लैब 5% या 18% में जीएसटी लगेगा। सरकार ने टैक्स सिस्टम को आसान बनाने के लिए ऐसा किया है। इससे आम जरूरत की चीजें जैसे पनीर, घी और साबुन-शैंपू के साथ एसी, कार भी सस्ते होंगे। वहीं, तंबाकू, पान मसाला, काबोर्नेटेड ड्रिंक और लग्जरी सामान जैसे बड़ी कारें, याट और पर्सनल इस्तेमाल के लिए विमान पर 40% का स्पेशल टैक्स लगेगा। कुछ सामान जैसे छेना, पनीर, रोटी, चपाती, पराठा पर अब कोई टैक्स नहीं लगेगा।

## भारत को आत्मनिर्भर बनाना होगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि सूक्ष्म और लघु उद्योग पर विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा। भारत को आत्मनिर्भर बनाने का बहुत बड़ा दायित्व एमएसएमइ पर भी है। जो देश के लोगों की जरूरत का है, जो देश में बना सकते हैं वो हमें देश में ही बनाना चाहिए। जीएसटी की दरें कम होने से नियम और प्रक्रिया आसान बनने से जीएसटी को बहुत फायदा होगा। उनकी बिक्री बढ़ेगी और टैक्स भी कम देना होगा। उनको भी डबल फायदा होगा। एसएसएमइ से मुझे बहुत अपेक्षाएं हैं, जब भारत तरक्की के शिखर पर था उसका आधार टरटए ही थे। भारत में बने सामानों की क्वालिटी बेहतर होती थी। हमें उस गौरव को वापस पाना है। हमारे यहां बना सामान दुनिया में बेस्ट हो।

## हर घर को स्वदेशी का प्रतीक बनाना है

रोजमर्रा की चीजें विदेशी हैं, हमें इनसे मुक्ति पानी है। हम मेड इन इंडिया सामान खरीदें। हमें हर घर को स्वदेशी का प्रतीक बनाना है। हर दुकान को स्वदेशी से सजाना है। गर्व से कहो ये स्वदेशी है। गर्व से कहो कि मैं स्वदेशी खरीदता हूं और बेचता हूं। ये हर भारतीय का मिजाज बनना चाहिये।

# शारदीय नवरात्र आज से शुरू, कलश स्थापना के साथ होगी पहली पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शारदीय नवरात्रि 2025 का शुभारंभ सोमवार से हो रहा है। यह पर्व देवी दुर्गा की पूजा और आराधना का महत्वपूर्ण समय है। नवरात्रि के नौ दिनों में मां के नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। शारदीय नवरात्र की शुरुआत कलश स्थापना से होगी। पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है।






# रांची और दुमका में सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य आगाज

## दुमका में बाबूलाल और रांची में संजय सेठ- रघुवर दास ने की शिरकत



## रांची के मोरहाबादी में साइक्लोथॉन में जुटे युवा

रांची के मोरहाबादी मैदान से रविवार सुबह सांसद खेल महोत्सव 2025 का रंगारंग आगाज हुआ। हजारों युवाओं और खेल प्रेमियों की भागीदारी के बीच आयोजित इस भव्य कार्यक्रम की शुरुआत साइक्लोथॉन से हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर संजय सेठ ने कहा कि खेल न केवल शरीर को तंदरुस्त रखते हैं बल्कि समाज को अनुशासन और ऊर्जा से भी भरते हैं। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि यदि देश को विकसित भारत बनाना है, तो पहले फिटनेस और हेल्थ पर जोर देना होगा। रघुवर दास ने इस मौके पर कहा कि साइक्लोथॉन जैसे आयोजन युवाओं को नशे से दूर रखने और समाज में सकारात्मक ऊर्जा पैदा करने का माध्यम हैं।



### साइक्लोथन में बड़ी संख्या में युवा हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/दुमका।** रांची और दुमका ने रविवार को युवा शक्ति और खेल भावना का शानदार नजारा पेश किया। यहां सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ धूमधाम के साथ हुआ। दुमका में नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हरी झंडी दिखाकर नमो साइक्लोथन में शामिल प्रतिभागियों को रवाना किया। साइक्लोथन में बड़ी संख्या में युवाओं, छात्रों और महिलाओं ने हिस्सा लिया और शहर की सड़कों पर ऊर्जा और जोश का माहौल देखने को मिला। खेल महोत्सव के तहत आने वाले दिनों में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

### मोदी के नेतृत्व में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने का प्रयास : बाबूलाल

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, परिश्रम और स्वस्थ जीवन की सीख देता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य भी यही है कि गांव-गांव, जिले-जिले से निकलने वाली प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहचान मिले। बाबूलाल मरांडी ने यह भी कहा कि इस पर्व और त्योहार में जो भी समान खरीदा जायें, वह स्वदेशी होना चाहिए। इससे राष्ट्रप्रेम के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया जा सकेगा। कार्यक्रम में दुमका के पूर्व सांसद सुनील सोरेन, भाजपा जिला अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।







# आजादी के 78 साल बाद भी दिलबोध और मुडल टोला के साथ बाइपास को जोड़नेवाली सड़क निर्माण की बाट जोह रही है

## ■ सरकारी कर्मियों, स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को थोड़ी सी बारिश में भी पैदल चलना होता मुश्किल

## ■ क्षेत्र के विकास की पोल खोल रही है मेराल बीडीओ के आवास से गुजरने वाली कच्ची सड़क

**बलराम शर्मा**

**मेराल/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** हम भले ही आजादी की 79वीं वर्षगांठ मना चुके हैं, लेकिन आज भी मेराल बीडीओ के आवास से होकर गुजरने वाली कच्ची सड़क किसी रहनुमा की बाट जोह रही है। नेशनल हाइवे सड़क से दिलबोध और मुडल टोला एवं मेराल के बाइपास सड़क को जोड़ने वाली यह महत्वपूर्ण कच्ची सड़क पर थोड़ी सी बरसात में पैदल चलना दूभर हो जाता है। बता दें कि लगभग 50 वर्ष पूर्व प्रखंड कार्यालय के साथ ही इसी मार्ग पर प्रखंड कर्मियों के लिए सरकारी आवास बना था, तब सीमित संसाधन की वजह से शायद यहां पक्की सड़क नहीं पाया। समय गुजारते गया और सरकारी आवास खंडहर में तब्दील होने के बाद यहां पुनः 2024 में सरकारी कर्मियों के लिए नयी बिल्डिंग बनायी गयी, परंतु सामने की सड़क कच्ची ही रह गयी। कच्ची सड़क की वजह से सरकारी आवास में रहने वाले बड़े साहब को छोड़ अन्य कर्मचारियों, स्कूली बच्चों और राहगीरों को थोड़ी सी बरसात में भी पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। प्रखंड मुख्यालय का यह सड़क नहीं बन पाना यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों और जनता के रहनुमा कहलाने वाले विधायक, सांसद की कार्यशैली को उजागर कर रही है। इस महत्वपूर्ण सड़क पर प्रतिदिन प्रखंड के जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोगों के साथ-साथ दिलबोध टोला और मुडल टोला के हजारों लोगों के साथ-साथ अन्य पंचायत और प्रखंडों के लोगों का आवागमन रहता है। बरसात के मौसम में सड़क पानी और कीचड़ होने के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। खराब सड़क के कारण प्रखंड मुख्यालय को सीधा जोड़ने वाला इस मुख्य सड़क को छोड़ कर लोग नेनुआ मोड और लखेया मोड होते बस स्टैंड और प्रखंड कार्यालय जाने पर मजबूर रहते हैं।



### इस कच्ची सड़क को ग्रेड वन बनाया जायेगा : मुखिया



मेराल पूर्वी पंचायत के मुखिया रामसागर महतो ने कहा कि 2 वर्ष पूर्व प्रखंड मुख्यालय से मुडल टोला तक 3 किलोमीटर सड़क निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से होना था। सड़क का निर्माण कार्य मुडल टोला से प्रारंभ हुआ, जो दिलबोध टोला तक 3 किलोमीटर पूरा होने की वजह से इधर का सड़क नहीं बन पायी। दुर्गा पूजा के बाद मनरेगा से इस कच्ची सड़क को ग्रेड वन बनाया जायेगा।

### सड़क की मरम्मती एक-दो दिन में कराऊंगा : बीडीओ



प्रभारी बीडीओ यशवंत नायक ने कहा कि दुर्गा पूजा और अन्य पर्व त्योहार को देखते हुए मैं अपने स्तर से इस कच्ची सड़क की मरम्मती एक-दो दिन के अंदर ही कराऊंगा। उन्होंने सड़क की पक्कीकरण के लिए जिला के अधिकारियों से बात कर प्रस्ताव भेजने की बात कही।

### सड़क को बहुत जल्द पीसीसी बनवायी जायेगी : प्रखंड प्रमुख



प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि प्रमुख बनने के बाद प्रखंड के सभी क्षेत्रों का हाल जानने का अवसर मिला है। मैं अपने स्तर से प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक में प्रमुख समस्याओं के निदान के लिए प्रयासरत रहती हूं। प्रखंड मुख्यालय की इस कच्ची सड़क को बहुत जल्द पीसीसी बनवायी जायेगी।

## भाजपा का राज्य सरकार पर बड़ा हमला

# स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के संरक्षण में हो रहा है टेंडर घोटाला : अजय साह

**11 टेंडर समुदाय विशेष के एक परिवार को**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए बड़ा हमला बोला है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने प्रेस वार्ता में ठोस तथ्यों और दस्तावेजों के साथ दावा किया कि मंत्री के संरक्षण में न केवल टेंडर घोटाला हुआ है, बल्कि टेंडर वितरण में धर्म के नाम पर खुलेआम पक्षपात भी किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग घोटालों में भी तुष्टीकरण कर रहा है।



अजय साह ने बताया कि रांची, दुमका, जामताड़ा, सरायकेला, बोकारो और देवघर जैसे जिलों में स्वास्थ्य विभाग के पिछले एक साल में जारी 11 में से सभी टेंडर रांची के एक ही मुस्लिम परिवार की कंपनियों को दिये गये। उन्होंने खुलासा किया कि इस परिवार ने तीन अलग-अलग कंपनियां हिंद इंफ्राटेक, भारत सप्लायर्स और ग्लोबल सप्लायर्स एक ही पते पर रजिस्टर्ड कीं और सभी टेंडर इन्हीं के नाम कर दिये गये। चौंकाने वाली बात यह है कि इन तीन में से दो कंपनियों में एक ही व्यक्ति डायरेक्टर के रूप में दर्ज है।

अजय ने कहा कि जेम पोर्टल के क्लॉज 29 के तहत यदि कोई व्यक्ति अलग-अलग कंपनियां बनाकर टेंडर भरता है, तो उसकी सभी कंपनियां तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित कर दी जानी चाहिए और उनकी बिड रद्द हो जानी चाहिए। लेकिन यहां उल्टा हुआ– इन कंपनियों को न सिर्फ योग्य घोषित किया गया, बल्कि वर्क ऑर्डर देकर भुगतान तक कर दिया गया। यह कोई संयोग नहीं, बल्कि एक सुनियोजित लूट है।

अजय के कहा कि पूरे राज्य में इतना बड़ा घोटाला बिना स्वास्थ्य मंत्री के सरंक्षण में संभव ही नहीं है। इस पूरे घोटाले से साफ झलकता है कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के संरक्षण में विभाग लूट खसोट का अड्डा बन गया है। भाजपा ने सरकार से मांग की कि उजागर किये गये सभी टेंडरों को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाये और मामले की उच्चस्तरीय स्वतंत्र जांच करायी जाये। यह भी जांच हो कि क्यों और कैसे एक ही परिवार की कंपनियों को 11 जिलों के 11 टेंडर दिये गये। उन्होंने कहा कि यह मामला सिर्फ वित्तीय भ्रष्टाचार का नहीं बल्कि धार्मिक पक्षपात का भी है, जहां इरफान अंसारी द्वारा केवल अपनी जाति, समुदाय के वेंडर्स को तरजीह दी जा रही है।

## कांग्रेस का भाजपा पर पलटवार

# जिस पार्टी का अध्यक्ष रक्षा सौदे में दोषी हो उसके प्रवक्ता लगा रहे आरोप: राकेश सिन्हा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि जिस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत माता के रक्षा सौदे में दलाली करने का दोषी और सजायाफ़्ता हो, उस पार्टी के प्रवक्ता द्वारा भ्रष्टाचार पर सवाल उठाना सबसे बड़ा मजाक है। भाजपा के पास मुद्दों का दिवालियापन साफ नजर आ रहा है, इसलिए वे अब आधी-अधूरी और झूठी कहानियों के सहारे जनता को गुमराह कर रहे हैं। सिन्हा ने कहा कि स्वास्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी अल्पसंख्यक समाज से आते हैं, इसलिए भाजपा उन्हें जानबूझ कर टारगेट कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि मंत्रीजी ने स्वयं शिकायत प्राप्त होते ही विभागीय जांच शुरू करवाई और साफ कर दिया कि दोषी पाये जाने वालों पर सख़्त कार्रवाई की जायेगी।



उन्होंने कहा कि भाजपा के आरोप हास्यास्पद और तथ्यहीन है। आधी-अधूरी जानकारी पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करना भाजपा की पुरानी आदत है। शिकायत सबसे पहले मंत्री को प्राप्त हुई थी और उसी आधार पर विभागीय जांच चल रही है। दोषी पाये जाने पर नियमसंगत कार्रवाई निश्चित की जायेगी। जिस संवेदक का नाम भाजपा ले रही है, वह पिछले कई वर्षों से विभाग में कार्यरत है। यह मामला भी जांच के अधीन है। मंत्री पद संभालने के बाद इरफान अंसारी ने किसी भी संवेदक को अतिरिक्त लाभ या काम नहीं दिया है। टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष है। अधिकारियों को नियमों और शर्तों का गहन अध्ययन करने का निर्देश दिया गया है। यदि जरूरी हुआ तो नीट में संशोधन भी समीक्षा के बाद किया जायेगा। एल-1 ठेकेदार का चयन जिला निविदा समिति करती है। इसमें मंत्री की कोई व्यक्तिगत भूमिका नहीं होती। भाजपा जिस टेंडर का हवाला दे रही है, वे सभी टेंडर मंत्री के कार्यभार संभालने से पहले ही प्रक्रियाधीन थे। मामला सामने आते ही मंत्री ने तत्काल जांच दल का गठन कर विभागीय समीक्षा का निर्देश दिया है। दोषी पाये जाने पर कार्यकारी एजेंसियों (जैसे सिविल सर्जन) पर भी कार्रवाई की जायेगी। प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी ने कहा कि भाजपा को चाहिए कि झूठे आरोपों का सहारा लेने के बजाय तथ्यों के साथ राजनीति करें। डॉ इरफान अंसारी ने हमेशा जनहित में पारदर्शी कार्य किया है और भाजपा के खोखले आरोप उनकी बढ़ती लोकप्रियता और जनता के बीच बढ़ते कद से घबराहट का नतीजा है।

## जीएसटी सुधार 2025 : आत्मनिर्भर भारत की कर क्रांति

# पीएम मोदी का देशवासियों को त्योहारों का उपहार



**डॉ प्रदीप कुमार वर्मा**

भारत की आर्थिक यात्रा आज एक निर्णायक मोड़ पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले एक दशक में जिस प्रकार पारदर्शिता, सुशासन और विकास के मार्ग पर कदम बढ़ाया है, उसमें वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार एक मील का पत्थर है। 2017 में जीएसटी की शुरुआत के बाद यह अब तक का सबसे बड़ा अप्रत्यक्ष कर सुधार है, जिसने न केवल कर प्रणाली को सरल बनाया बल्कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को भी आर्थिक आधार दिया।

हाल ही में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित 56वीं जीएसटी परिषद की बैठक में जो अगली पीढ़ी के सुधार लागू किये गये हैं, वे न केवल कर संरचना को आसान बनाते हैं, बल्कि आम आदमी, किसानों, मध्यम वर्ग, एमएसएमई और उद्योग जगत–सभी को नयी ऊर्जा और राहत प्रदान करते हैं।

**दो-स्लैब संरचना : पारदर्शिता और सरलता का नया युग :** पहले जहां 5%, 12%, 18% और 28% की बहुस्तरीय व्यवस्था थी, अब उसे सिर्फ दो दरों - 5% और 18% में बदल दिया गया है। इससे कराधान का ढांचा अधिक पारदर्शी, न्यायसंगत और पालन में आसान होगा। जीएसटी सुधारों ने घरेलू आवश्यक वस्तुओं (साबुन, टूथपेस्ट, भारतीय ब्रेड) पर कर घटाकर 5% या शून्य कर दिया, जिससे सामर्थ्य में वृद्धि हुई।

जीवन रक्षक दवाओं की कीमतें 12% से घटा कर शून्य या 5% कर दी गयी, जिससे स्वास्थ्य सेवा सस्ती हो गयी। दोपहिया वाहन, छोटी कारें, टीवी, एसी, सीमेंट पर कर 28% से घटा कर 18% कर दिया गया , जिससे मध्यम वर्ग को राहत मिली। कृषि मशीनरी और सिंचाई उपकरणों पर कर 12% से घटाकर 5% किया गया, जिससे कृषि लागत में कमी आयी। ये परिवर्तन केवल आंकड़ों में कमी नहीं हैं, बल्कि मध्यम वर्ग के घरों की बचत, किसानों की उत्पादन लागत में कमी, और छोटे उद्योगों की प्रतिस्पर्धा क्षमता में वृद्धि के प्रत्यक्ष उपाय हैं।

**सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सुधार :** भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा हमेशा से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण पर केंद्रित रही है। यही दृष्टिकोण इन सुधारों में परिलक्षित होता है-



**शिक्षा :** किताबों, पेंसिल, क्रेयॉन्स, शार्पनर और ज्योमेट्री बॉक्स जैसी वस्तुएं अब शून्य या 5% जीएसटी पर मिलेंगी। इससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों की पढ़ाई सस्ती होगी।

**स्वास्थ्य :** दवाओं और मेडिकल उपकरणों पर दरों में कटौती से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान होगी। जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी छूट ने हर परिवार को सुरक्षा कवच प्रदान किया है।

**कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था :** कम दरों पर कृषि मशीनरी, जैविक कीटनाशक और मधुमक्खी पालन उपकरण मिलने से किसानों की लागत घटेगी और आत्मनिर्भर खेती को बल मिलेगा।

**कला और संस्कृति :** हस्तशिल्प, मूर्तियां, खिलौने और लोककला पर कर दरें घटा कर 5% की गयी हैं। इससे ग्रामीण कारीगरों और परंपरागत कलाकारों की आजीविका सुरक्षित होगी और भारत की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षण मिलेगा।

> **आर्थिक विकास का बहुगुणक प्रभाव**
>
> जीएसटी सुधार केवल कर घटाने का कदम नहीं है। यह विकास का गुणक तंत्र है
>
> कम कीमतें - अधिक मांग - बढ़ी हुई खपत
>
> खपत में वृद्धि - उद्योगों का उत्पादन तेज - रोजगार के अवसर
>
> उद्योगों की मजबूती - सरकार की राजस्व वृद्धि - सामाजिक योजनाओं में निवेश

पिछले वर्षों में देखा गया है कि कम दरों और बेहतर अनुपालन से राजस्व वसूली में वृद्धि हुई है। औसत मासिक संग्रह 2017-18 के 82,000 करोड़ से बढ़ कर 2.04 लाख करोड़ हो गया है। करदाताओं का दायरा 66.5 लाख से बढ़ कर 1.51 करोड़ तक जा पहुंचा। यह न केवल आर्थिक औपचारिकता को बढ़ाता है, बल्कि देश की वित्तीय नींव को भी मजबूत करता है।

**झारखंड के संदर्भ में लाभ:** झारखंड एक खनिज-समृद्ध, औद्योगिक और साथ ही कृषि-प्रधान राज्य है। यहां मध्यम वर्ग, मजदूर, किसान और छोटे व्यापारी बड़ी संख्या में रहते हैं। नयी जीएसटी संरचना से निर्माण सामग्री और सीमेंट सस्ते होने से आवासीय योजनाओं और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को गति मिलेगी। कृषि उपकरण सस्ते होने से झारखंड के छोटे किसान लाभान्वित होंगे और पानी-बचत वाली सिंचाई प्रणालियां लोकप्रिय होंगी। छोटे उद्योगों, स्टार्टअप्स और हस्तशिल्प कारीगरों को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं की लागत घटने से ग्रामीण और आदिवासी परिवारों की जेब पर बोझ कम होगा। झारखंड भाजपा का संकल्प है कि इन सुधारों को राज्य के हर नागरिक तक पहुंचाया जाये, ताकि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति साकार हो।

**राजनीतिक और वैचारिक दृष्टिकोण :** भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की दृष्टि हमेशा राष्ट्र प्रथम, समाज सर्वोपरि रही है। जीएसटी सुधार इसी दिशा में एक ठोस कदम है। यह सुधार मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों को राहत देता है, जो भाजपा की समाज-केन्द्रित राजनीति का मूल है। यह सुधार किसानों और कारीगरों को सम्मानजनक जीवन देता है, जो आत्मनिर्भर भारत का आधार है। यह सुधार औद्योगिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ाता है, जिससे भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर कहा था– यह आपके लिए दिवाली का तोहफा है। वास्तव में यह केवल कर कटौती नहीं बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता का पर्व है।

**चुनौतियां और आगे की राह :**

निस्संदेह, सुधारों की सफलता तभी सुनिश्चित होगी जबः 1. राज्यों को राजस्व का संतुलन बनाये रखने के लिए पर्याप्त सहयोग मिले। 2. डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए छोटे व्यापारियों को कर अनुपालन में सरलता हो। 3. उपभोक्ताओं को तत्काल राहत सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी निगरानी तंत्र हो। भाजपा झारखंड और मैं स्वयं राज्यसभा सांसद के रूप में यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि ये सुधार झारखंड की धरती पर वास्तविक परिवर्तन लेकर आयें।

**निष्कर्ष :** जीएसटी सुधार 2025 केवल कर प्रणाली का सरलीकरण नहीं है, बल्कि यह नये भारत की आर्थिक क्रांति है। इससे जहां गरीब और मध्यम वर्ग को राहत मिली है, वहीं किसानों, छोटे उद्योगों और कारीगरों को भी नयी दिशा मिली है। यह सुधार भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा को गति देगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा। झारखंड की जनता और पूरे भारत को यह भरोसा होना चाहिए कि भाजपा की नीतियां सदैव समाजहित और राष्ट्रहित के लिए समर्पित हैं।

**(लेखक : राज्यसभा सांसद और प्रदेश महामंत्री, भाजपा झारखंड हैं।)**

# गारू में मनरेगा में नाबालिग के नाम पर बना जॉब कार्ड

**अवैध भुगतान का आरोप**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार प्रखंड में मनरेगा कार्यों में गंभीर गड़बड़ी और भ्रष्टाचार का मामला उजागर हुआ है। प्रखंड अंतर्गत बारेसांढ़ पंचायत में नाबालिग बच्चों के नाम पर फर्जी तरीके से जॉब कार्ड बना कर अवैध भुगतान किये जाने का आरोप सामने आया है।

ग्रामीणों के अनुसार बारेसांढ़ निवासी आरपी सिंह, पिता रघुनाथ सिंह, की उम्र लगभग 17 वर्ष है। उनके आधार कार्ड में जन्मतिथि 22 अप्रैल 2008 दर्ज है। नाबालिग होने के बावजूद पंचायत के रोजगार सेवक और कंप्यूटर ऑपरेटर की मिलीभगत से उनका जॉब कार्ड बना कर विभिन्न योजनाओं के तहत भुगतान कर दिया गया है। इस जॉब कार्ड की संख्या 8578 बतायी गयी है।

ग्रामीणों का कहना है कि जॉब कार्ड बनाने की प्रक्रिया में मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक और कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा दस्तावेजों की जांच अनिवार्य होती है। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी कर फर्जी तरीके से नाबालिगों और स्कूली छात्रों के जॉब कार्ड बनाये गये हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस तरह से मनरेगा अधिनियम की धज्जियां उड़ायी जा रही हैं और सरकारी धन की बंदरबांट की जा रही है।

ग्रामीणों ने आरपी सिंह समेत कई नाबालिग बच्चों के फर्जी जॉब कार्ड की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग उपायुक्त लातेहार से की है।




### मामले की जांच की जायेगी : बीपीओ

वहीं, इस मामले पर पूछे जाने पर गारू प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीओ) दिलीप कुमार पाल ने कहा कि फिलहाल मामले की जांच की जायेगी, उसके बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकता है। ऑपरेटर को इस संबंध में देखने का निर्देश दिया गया है।

### जांच के बाद बता पाऊंगा : बीडीओ

इस संबंध में गारू प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार ने बतलाया कि मुझे संज्ञान में नहीं है। मैं जांच करने के बाद ही कुछ भी बता पाऊंगा। बाकी मुझे डिटेल भेज दिया जाये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.8 °c | 23.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.47 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.37 बजे |



# भारत की नाइटिंगेल लता मंगेशकर की याद में संगीतमय श्रद्धांजलि 'सुरधारा' का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संगीत सरिता और हारमनी इवेंट एंड स्कूल ऑफ म्यूजिक के बैनर तले भारत रत्न स्वर कोकिला और भारत की नाइटिंगेल कही जाने वाली लता मंगेशकर की याद में संगीतमय श्रद्धांजलि 'सुरधारा' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। कार्यक्रम में राज्य के कई जाने-माने कलाकारों ने भाग लिया और अपनी कला से लगा मंगेशकर को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की होस्ट प्रसिद्ध संगीत साधिका और समाजसेवी वीणा श्री ने कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों का अभिवादन किया।



## संगीत मेरी पूजा है : वीणा श्री

प्रसिद्ध संगीत साधिका और समाजसेवी वीणा श्री ने कहा कि मेरे हर संघर्ष, मेरे शरीर के हर पाट में, मेरी ज़िंदगी... सब कुछ संगीत है। संगीत के सिवा इस दुनिया में किसी को भी मैंने इतना नहीं चाहा जितना मैंने संगीत को चाहा। संगीत मेरी चाहत है, संगीत मेरे जज्बात हैं और संगीत मेरी पूजा है। उन्होंने संगीत के महत्व पर बात करते हुए कहा कि जितने भी लोग यहां आये हैं, जितने भी बच्चे आये हैं, मैं चाहती हूं कि वे संगीत की पूजा करें। संगीत को साधना समझें, क्योंकि ये एक ऐसी चीज है कि अगर आप डिप्रेशन में हैं, एंग्जायटी में हैं, तो बस एक गीत सुनिए, और देखियेगा आप खुद-ब-खुद बेहतर महसूस करेंगे।

वीणा श्री ने बताया कि विदेशों में तो म्यूज़िक थेरेपी पहले से ही चलन में है और अब भारत में भी इसकी शुरुआत हो चुकी है। भारत में म्यूजिक थेरेपी बहुत जरूरी है, ताकि लोग डिप्रेशन और एंग्जायटी से बाहर निकल सकें। हमारी कोशिश भी यही है कि हम इसे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं।

## समाजसेवा में भी अग्रणी

सिर्फ संगीत ही नहीं, वीणा श्री समाज सेवा में भी लगातार सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि कई बार रात के 12-1 बजे कॉल आता है कि किसी मरीज को खून की जरूरत है, ऑपरेशन थिएटर में है। ऐसे मैं बस भगवान के सामने खड़ी हो जाती हूं और कहती हूं, भगवान, इन्हें बचा लो। विश्वास मानिए, ऊपर वाला हमेशा मदद करता है, और ब्लड अरेंज हो जाता है। उनकी जान बच जाती है।

## संगीत सरिता और हार्मनी स्कूल - संगीत के जरिए सेवा की मिसाल

वीणा श्री ने बताया कि वह कई समाजसेवी संस्थाओं से जुड़ी हुई हैं और उन्होंने स्वयं भी संगीत सरिता नामक एक संस्था की स्थापना की है। इस संस्था के माध्यम से वे उन गरीब और जरूरतमंद बच्चियों की शादी करवाने में मदद करती हैं, जो या तो उनके साथ काम करती हैं या फिर आर्थिक रूप से कमजोर हो, वीणा श्री ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल संगीत सिखाना नहीं है, बल्कि जरूरतमंदों की ज़िंदगी को भी बेहतर बनाना है, वीणा श्री कहती हैं। इसके साथ ही उन्होंने हार्मनी स्कूल की भी शुरुआत की है, जहां बच्चों को संगीत की शिक्षा दी जाती है। वीणा श्री बताती हैं कि हर रविवार को हम बच्चों को संगीत सिखाते हैं और मंगलवार को खास तौर पर उन बच्चों के लिए क्लास लगायी जाती है, जो फीस देने में असमर्थ हैं, इस नेक काम में शिक्षक भी अपना सहयोग देते हैं।

वीणा श्री का मानना है कि संगीत केवल एक कला नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम भी हो सकता है – और उनकी ये दोनों संस्थाएं इसी सोच को जमीन पर उतारने का प्रयास हैं। वीणा श्री का जीवन एक आदर्श उदाहरण है कि कैसे संगीत केवल एक कला नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक माध्यम बन सकता है। उनका समाज के प्रति समर्पण और संगीत के प्रति भक्ति, दोनों ही प्रेरणादायक हैं।

कार्यक्रम में आरव सिंघल, पूर्वी, शौर्य सिंघल, आशी, रोशन, रोशनी, जीत, आदित्य, अनय, मयंक, मिस्टी, सुहाना जैसे छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी शामिल रहीं। इन बच्चों की नृत्य और संगीत प्रतिभा ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक राज्य मंत्री ज्योति मथारू, झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, आजाद सिपाही के प्रबंध निदेशक राहुल सिंह, समाजसेवी अस्मित शेट्टी, अजीता भट्टाचार्य, तनुश्री सरकार, सीमा राय, परमजीत टिंकू (गुरु नानक स्कूल सचिव), डॉ अनिल कुमार, सोनाली भट्टाचार्य, गुरनाम सिंह, राजीव रंजन मिश्रा (आरोग्यम डायरेक्टर), राशिद हुसैन, सौरव प्रसाद, रवि रंजन, राजेश, साबिर हुसैन (आईफा डायरेक्टर), अर्शद उदय (उम्मीद ट्रस्ट), देवाशीष राय (कॉसमॉस क्लब), संतोष कुमार, गायन क्षेत्र से मृणालिनी अखौरी, नीलिमा ठाकुर, वंदना उपाध्याय, डॉ पॉम्पा सेन विश्वास, गिरिजा शंकर केजरीवाल, नीतू सिंह (पार्षद), रवि मेहता, क्षत्रिय महासभा की रीना सिंह, मनीष सिंह, नीलू सिंह, खुशी काकन, सुमन सिंह, समाजसेवी वीणा सिंह, शिवकुमार शर्मा और अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शैलपुत्री



मां दुर्गा का पहला ईश्वरीय स्वरूप शैलपुत्री है। शैल का अर्थ है शिखर। शास्त्रों में शैलपुत्री को पर्वत (शिखर) की बेटी के नाम से जाना जाता है। आमतौर पर यह समझा जाता है कि देवी शैलपुत्री कैलाश पर्वत की पुत्री हैं। लेकिन यह बहुत ही सतही विचार है। इसका योग के मार्ग पर वास्तविक अर्थ है झ्र चेतना का सर्वोच्चतम स्थान। यह बहुत दिलचस्प है कि जब ऊर्जा अपने चरम स्तर पर होती है, तभी आप इसका अनुभव कर सकते हैं। इससे पहले कि यह अपने चरम स्तर पर न पहुंच जाये, तब तक आप इसे समझ नहीं सकते क्योंकि चेतना की अवस्था का यह सर्वोत्तम स्थान है, जो ऊर्जा के शिखर से उत्पन्न हुआ है। यहां पर शिखर का मतलब है, हमारे गहरे अनुभव या गहन भावनाओं का सर्वोच्चतम स्थान। जब व्यक्ति 100% क्रोध में होता है तो महसूस करेंगे कि क्रोध शरीर को कमजोर कर देता है। दरअसल हम क्रोध को पूरी तरह से व्यक्त नहीं करते, जब 100% क्रोध में होते हैं और पूरी तरह से क्रोध को व्यक्त करें तो इस स्थिति से जल्द ही बाहर निकल सकते हैं। जब 100% किसी भी चीज में होते हैं, तभी उसका उपभोग कर सकते हैं। ठीक इसी तरह जब क्रोध को पूरी तरह से व्यक्त करेंगे, तब ऊर्जा की उछाल का अनुभव करेंगे और साथ ही तुरंत क्रोध से बाहर निकल जायेंगे। क्या कभी देखा है कि बच्चे कैसे व्यवहार करते हैं? जो भी वे करते हैं, 100% करते हैं। अगर वे क्रोध में हैं, तो वे उस पल में 100% गुस्से में हैं, और फिर तुरंत कुछ ही मिनटों के बाद वे उस क्रोध को भी छोड़ देते हैं। अगर वे नाराज हो जाते हैं, तो भी वे थकते नहीं। लेकिन अगर आप क्रोध हो जाते हैं, तो आपका क्रोध आपको थका देता है। ऐसा क्यों है? ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप अपना क्रोध 100% व्यक्त नहीं करते। अब इसका मतलब यह नहीं है कि आप हर समय नाराज ही रहें। तब आपको उस परेशानी का भी सामना करना पड़ेगा, जिसकी वजह से क्रोध आता है। जब आप किसी भी अनुभव या भावना के शिखर तक पहुंचते हैं, तो आप दिव्य चेतना के उद्भव का अनुभव करते हैं, क्योंकि यह चेतना का सर्वोत्तम शिखर है। शैलपुत्री का यही वास्तविक अर्थ है।

### मां शैलपुत्री की पूजा में कौन से मंत्र का जाप करें?

*ॐ ऐं ह्रीं क्लीं शैलपुत्र्यै नम:ह्र मंत्र के जप से आप मां दुर्गा के पहले स्वरुप मां शैलपुत्री की आराधना कर सकते हैं।*

# मैकलुस्कीगंज के पर्यटन स्थलों का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को निजी दौरे पर मैकलुस्कीगंज पहुंचे। वहां उन्होंने मैकलुस्कीगंज के कई पर्यटन स्थलों का निरीक्षण किया। उनके साथ विधायक कल्पना सोरेन एवं रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सबसे मैकलुस्कीगंज स्थित डाकबंगला पंहुचे, जहां उन्होंने काफी समय बिताया और अधिकारियों से मैकलुस्कीगंज के पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने नकटा पहाड़ सहित कई स्थलों का भ्रमण किया और सर्व धर्म स्थल सहित अन्य पर्यटन स्थलों के संबंध में जानकारी ली। बताया जाता है कि उन्होंने अधिकारियों से मैकलुस्कीगंज को पर्यटन स्थल को विकसित करने संबंधित बातों पर चर्चा हुई। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मैकलुस्कीगंज डाक बंगला में भी ठहरे। यहां उन्होंने स्थानीय एंग्लो-इंडियन परिवारों के उनके रहन-सहन, समस्याओं और जीवनशैली की जानकारी ली। मुख्यमंत्री को क्षेत्र की विशेषताओं और आवश्यकताओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री के इस दौरे मैकलुस्कीगंज क्षेत्र के स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी कि मैकलुस्कीगंज को पर्यटन हब के रूप में नयी पहचान मिलेगी और विकास की एक नयी पहल होगी। नकटा पहाड़ से लौटने के क्रम में मैगजीन मोड़ में झामुमो नेता अनिल पासवान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

इस मौके पर खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी, अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रणव अंबष्ट इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी धन्नजय बैठा सहित कई लोग उपस्थित थे।




# सांसद दीपक प्रकाश ने रांची से सात ट्रेनों के परिचालन की मांग की

**इस संबंध में दक्षिण पूर्व रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक को भी लिखा पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा सासंद दीपक प्रकाश ने रांची/हटिया से रेल सेवा विस्तर की मांग की है। उन्होंन विभिन्न जगहों के लिए सात ट्रेनों के परिचालन की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने दक्षिण पूर्व रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक को भी लिखा पत्र भी लिखा है। पत्र में दीपक प्रकाश ने कहा है कि रांची झारखंड की राजधानी है। क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक संरचना में एक केंद्रीय भूमिका निभाती है।

रांची एवं इसके आसपास के जिलों की एक बड़ी जनसंख्या उच्च शिक्षा, रोजगार, उन्नत चिकित्सा सुविधा, धार्मिक यात्रा, रक्षा संबंधी आवागमन, व्यापारिक गतिविधियां, वाणिज्यिक कार्य तथा पर्यटन जैसे विविध उद्देश्यों के लिए देश के विभिन्न भागों में नियमित रूप से यात्रा करती है।

यात्रियों की बढ़ती मांग तथा रांची एवं हटिया स्टेशनों की रणनीतिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए, यह विनम्र प्रस्ताव किया जाता है कि नयी रेल सेवाओं की शुरुआत की जाये। साथ ही अहमदाबाद, इंदौर, अमृतसर, अयोध्या (लखनऊ मार्ग से), सिकंदराबाद एवं अल्लेप्पी। वर्तमान में इन मार्गों पर सीधी रेल सेवाओं की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है। समर्पित रेल सेवाओं की शुरुआत से यात्रियों की सुविधा, संपर्क क्षमता तथा क्षेत्रीय समन्वय में उल्लेखनीय सुधार होगा। सांसद ने पत्र में एक-एक ट्रेन का जिक्र करते हुए इसके परिचालन शुरू करने के उद्देश्य और औचित्य का भी जिक्र किया है।



### इन ट्रेनों के परिचालन की मांग की

- हटिया से अमृतसर
- रांची से अल्लेप्पी
- रांची से पोरबंदर
- हटिया से इंदौर
- हटिया से लखनऊ (अयोध्या मार्ग से)
- रांची से राउरकेला
- रांची से हैदराबाद

# जीएसटी रिफॉर्म : जनता को मिला त्योहार का तोहफा

# आत्मनिर्भर भारत की ओर ऐतिहासिक कदम



प्रतुल शाहदेव




### आयकर और जीएसटी छूट से ऐतिहासिक राहत

आयकर और जीएसटी सुधारों से देशवासियों को लगभग ढाई लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त बजट राहत मिलेगी। यह भारतीय इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा टैक्स रिफॉर्म पैकेज है। देशवासियों को इनकम टैक्स और जीएसटी रिफॉर्म से ढाई लाख करोड रुपये की जो बचत होगी, जो वापस अर्थव्यवस्था में जायेगी और अर्थव्यवस्था और बेहतर होगी। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा, पहली बार देशवासियों के पास इतना बड़ा अतिरिक्त बजट होगा। यह पैसा अब उनकी जरूरतों और खुशहाली में खर्च होगा। जीएसटी रिफॉर्म्स को विशेषज्ञ भारत की आर्थिक यात्रा का टर्निंग प्वाइंट मान रहे हैं। टैक्स में राहत, खपत में वृद्धि और स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग का आह्वान— ये सब मिलकर भारत को आर्थिक रूप से और मजबूत बनायेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के शब्दों में, आइए, हम सब मिल कर स्वदेशी को अपनाएं और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने ऐतिहासिक संबोधन में देशवासियों को नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स का तोहफा दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ टैक्स सुधार नहीं है, यह भारत की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा भरने वाला परिवर्तन है।

**रोजमर्रा की जरूरतें होंगी और सस्ती :** 22 सितंबर से रोजमर्रा के इस्तेमाल की वस्तुएं और खाने-पीने का सामान जो अब तक 12% टैक्स स्लैब में आते थे, उन्हें 5% पर लाया जायेगा या उन पर टैक्स पूरी तरह शून्य कर दिया जायेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, गरीब और मध्यम वर्ग के थाली में जो जाता है, उस पर टैक्स का बोझ अब और कम होगा।

**खपत बढ़ेगी, अर्थव्यवस्था को रफ़्तार मिलेगी :** आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि टैक्स स्लैब में यह कटौती सीधे खपत को बढ़ाएगी। अर्थशास्त्र का बेसिक सिद्धांत भी यही है कि कीमतें कम होने से खपत बढ़ती है और खपत बढ़ने से उत्पादन का दायरा बढ़ेगा और रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, जब उत्पादन बढ़ेगा, खपत बढ़ेगी, तब भारत की जीडीपी और मजबूत होगी।

**मेक इन इंडिया और स्वदेशी अभियान को नयी शक्ति :** अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से मेक इन इंडिया और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा, आज हर भारतीय का कर्तव्य है कि वह स्वदेशी उत्पादों को अपनाए। यही हमारे कुटीर उद्योग और छोटे व्यापारियों की असली ताकत है। यही आत्मनिर्भर भारत का मार्ग है।ह्व विशेषज्ञ मानते हैं कि इस कदम से देश के लघु एवं कुटीर उद्योग को नयी ऊर्जा मिलेगी। ग्रामीण और छोटे शहरों में स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय उत्पादों की मांग बढ़ेगी।

# 'विकसित भारत' थीम पर चित्रकला कार्यशाला का आयोजन कल

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आइजीएनसीए), क्षेत्रीय केंद्र, रांची दावारा संस्कृति मंत्रालय की राष्ट्रीय पहल 'सेवा पर्व' के तहत कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आइजीएनसीए), क्षेत्रीय केंद्र, रांची दावारा संस्कृति मंत्रालय की राष्ट्रीय पहल 'सेवा पर्व' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। आइजीएनसीए ने कहा है कि सेवा पर्व एक राष्ट्रीय पहल है, जो सेवा को देशभक्ति के सर्वोच्च रूप के रूप में मनाती है। यह विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। 'विकास भी, विरासत भी' (विकास के साथ-साथ धरोहर) के सिद्धांत पर आधारित यह पहल सांस्कृतिक गर्व को सामाजिक जिम्मेदारी के साथ जोड़ती है।

कला, धरोहर, नवाचार, कल्याण, पर्यावरण देखभाल और महिला नेतृत्व में प्रगति जैसी गतिविधियों के माध्यम से यह पहल नागरिकों – विशेष रूप से युवा, महिलाओं और हाशिए पर पड़े समुदायों को देश के विकास में सक्रिय रूप से योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करती है। चित्रकला कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों और उभरते हुए कलाकारों को विकसित भारत की अपनी दृष्टि व्यक्त करने के लिए एक रचनात्मक मंच प्रदान करना है।

यह कार्यक्रम कला के माध्यम से सांस्कृतिक गर्व, एकता और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के साथ-साथ छात्रों और कलाकारों को सामूहिक रचनात्मकता और राष्ट्र-निर्माण की कल्पनाशील खोजों में संलग्न करेगा।

'विकसित भारत' थीम पर चित्रकला कार्यशाला डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में और दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची के सहयोग से दो दिनों तक आयोजित की जायेगी। सुबह 10 बजे से पांच बजे तक 23 सितंबर को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में और 24 सितंबर सुबह 8 बजे से दोबहर एक बजे तक दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची में हो रहा है। कार्यशाला में प्रत्येक दिन 100+ छात्रों की भागीदारी के साथ 200 से अधिक छात्रों के शामिल होने की उम्मीद है। विजेता प्रविष्टियों के लिए पुरस्कार राशि संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रदान की जायेगी। इस कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संदय सेठ, विधायक सीपी सिंह, विधायक सारयू राय, पद्मश्री अशोक भगत, पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसराज, पद्मश्री महावीर नायक समेत अन्य लोग प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाने के लिए शामिल शिरकत करेंगे।



## सड़क दुर्घटना में एक की मौत



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। बीते गुरुवार रात में कोनहारा स्थित जीटी रोड पर एक हाइवा वाहन और एक टेलर वाहन का आमने-सामने टक्कर होने से दोनों वाहनों में आग लग गयी थी। इस दौरान टेलर वाहन के चालक वाहन में दब गया और उसकी जलने से मृत्यु हो गयी। इस अवसर पर ग्रामीणों के द्वारा पुलिस बल के साथ धक्का मुक्की और अभद्र व्यवहार करने और आग बुझाने आये फायर ब्रिगेड वाहन के चालक साथ धक्का-मुक्की करते हुए अग्निशमन वाहन और एनएचएआइ वाहन को क्षतिग्रस्त करने का कार्य, सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए जीटी रोड को उपद्रवियों द्वारा कई घंटों तक जाम कर दिया गया। इस संदर्भ में उपद्रवियों के सत्यापन उपरांत बरकट्ठा थाना में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में सात लोग इरफान अंसारी पिता मुख्तार अंसारी, आरिफ अंसारी पिता किरामत मियां, मिंहाज खान उर्फ लड़न खान पिता चांद खान, शाहबाज खान पिता इसरैल खान, चांद खान पिता इस्मैल खान, नेजाम अंसारी पिता नेयामत मियां, र गोलू अंसारी सभी ग्राम कोनहरा खुर्द निवासी समेत 50-60 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज हुई। इस मामले का केस नंबर 115/25 है।

## ब्रह्माकुमारीज ने की नशा मुक्त अभियान की शुरुआत



झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अड्डी बांग्ला झुमरी तिलैया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को लेकर रविवार को ब्रह्मा कुमारीज यूथ विंग के द्वारा विशेष स्वदेशी भारत और नशा मुक्ति युवा अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बहन ने नशा मुक्ति अभियान पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा नशा जरूरी नहीं होता है। हम दूसरों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें। विश्व में युवा ही सबसे ज्यादा नशे की लत में भीगे हुए है तो यह हम सभी का दायित्व है कि स्वयं के साथ दूसरों को भी इस नशे की लत से मुक्त करें। कुसुम दुग्गड ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होती हैं जिनका समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है कि अधिक से अधिक युवा नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़े। उन्होंने कहा आज के दिन पूरे ब्रह्माकुमारी आर्गेनाईजेशन के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान का एक विशाल कार्यक्रम रखा गया है। वहीं सभी युवा भाई बहनों को नशा मुक्त होने का शपथ भी दिलाया गया। साथ ही साथ स्वदेशी अपनाने की भी प्रतिज्ञा कराई गयी। कार्यक्रम में नीरज, रानी, प्रिया, भावना, कृति, दीपक, अंकित, प्रेरणा, राजीव मोहन आदि उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण



कोडरमा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त ऋतुराज के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अभिषेक आनंद के नेतृत्व में रविवार को झुमरीतिलैया स्थित बंदना स्वीट्स, हैपी बर्थडे रेस्टुरेंट, वन बाइट, शिव शंकर ढाबा, द फास्ट फूड और सड़क किनारे संचालित विभिन्न फूड स्टॉलों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान हैपी बर्थडे रेस्टुरेंट से 40 बोतल एक्सपायर कोल्ड ड्रिंक्स बरामद की गयी। जबकि वन बाइट रेस्टुरेंट से तीन पैकेट एक्सपायर्ड चिकन पैटी और तीन पैकेट सॉस जब्त किये गये। सभी एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री को मौके पर ही नष्ट कराया गया। दोनों प्रतिष्ठानों पर अर्थदंड लगाया जायेगा। इसके अलावा शिव शंकर ढाबा और द फास्ट फूड के पास फूड लाइसेंस नहीं पाया गया, जिसके लिए उन्हें नोटिस जारी कर निर्धारित समयावधि में लाइसेंस प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है। सड़क किनारे संचालित फूड स्टॉल और ठेला-खोमचा व्यवसायियों को सात दिनों के भीतर नजदीकी प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से फूड लाइसेंस के लिए आवेदन करने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्धारित समय- सीमा में अनुपालन न करने की स्थिति में, उनके विरुद्ध खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। आगामी पर्व-त्योहारों को ध्यान में रखते हुए, सभी होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा संचालक, फूड वेंडर्स, पेयजल कारोबारी, रिटेलर और होलसेलर को निर्देशित किया गया है कि अनिवार्य रूप से फूड लाइसेंस प्राप्त करें। प्रतिष्ठानों में स्वच्छता और हाइजीन का विशेष ध्यान रखें। एक्सपायर खाद्य सामग्री को तुरंत हटायें। केवल गुणवत्ता युक्त और एफएसएस एआइ प्रमाणित सामग्री का प्रयोग करें। पैकेज्ड खाद्य सामग्री पर युक्त और एफएसएस एआइ लाइसेंस नंबर, निर्माण तिथि, एक्सपायरी तिथि और निमार्ता का पूरा पता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि औचक निरीक्षण की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।

## देश के महानायक नरेंद्र मोदी का जीवन प्रेरणादायक है: अन्नपूर्णा देवी



कोडरमा (आजाद सिपाही)। भाजपा द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा अंतर्गत रविवार को कोडरमा रेलवे परिसर के नजदीक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन और कार्यकलापों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उद्घाटन कोडरमा सांसद सह भारत सरकार महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने की। इस दौरान कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, बरकट्ठा विधायक अमित यादव उपस्थित रहे। संचालन कार्यक्रम संयोजक नितेश चंद्रवंशी ने किया। प्रदर्शनी उद्घाटन करते हुए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। डॉ नीरा यादव ने कहा हम सब को इस बात के लिए फक्र है कि हमें नरेंद्र मोदी जैसा देश में प्रधानमंत्री मिला है, उनके कार्यकाल में देश उन्नति कर रहा है। विधायक अमित यादव ने कहा कि युवाओं महिलाओं और किसानों के हित में ढेर सारे कार्य किये गये हैं। कार्यक्रम संयोजक नितेश चंद्रवंशी ने कहा प्रधानमंत्री इस देश के राष्ट्रीय पुरुष हैं इनके नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर बनते हुए विकसित बनने की ओर बढ़ा रहा है बहुत जल्द देश तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। यह पीएम नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व का ही कमाल है। हम सब नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई देते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि मोदी जी दीर्घायु हो। कार्यक्रम को प्रदर्शनी को देखने के लिए पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता और आमजन भागीदार बने। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता रमेश सिंह, रवि मोदी, प्रकाश राम, देवनारायण मोदी, शिवेंद्र नारायण सिंहा, डॉ नरेश पंडित, गोपाल कुमार गुटुल, चंद्रशेखर जोशी, सुनील बड़गावे, जयप्रकाश राम सेठ, रीता लोहानी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दुखद हादसा : डोभा में डूबने से दो चचेरे भाइयों की मौत

**खेल - खेल में फिसला पैर**

आजाद सिपाही संवाददाता

बरही। बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत दुलमहा पंचायत के सिनपुर में रविवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। मनरेगा योजना के तहत गांव से एक किलोमीटर दूर बने डोभा में डूबने से दो चचेरे भाइयों की मौत हो गयी। मृतक की पहचान कुश कुमार उम्र करीब 7 वर्ष पिता संजय यादव और सूर्यांश कुमार पिता सुरेंद्र यादव के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक कुश और सूर्यांश अपने दो दोस्त आदित्य कुमार और सौरव कुमार के साथ सुबह 10 बजे जंगल दुमुंहवा जंगल की ओर घूमने के लिए गये था। जहां प्रायः जानवर चराने के लिए लोग जाते है। वहीं आदित्य और सौरव शौच के लिए चले गये जबकि कुश और सूर्यांश नहाने के लिए डोभा में उतर गये, जहां वे लोग डूबने लगे। जिसके बाद आदित्य और सौरभ गांव पहुंचकर इस बात की सूचना गांव के लोगों को दिया। बिना देर किए दर्जनों लोग उक्त डोभा के पास पहुंचे जहां से दोनों



कुश और सूर्यांश को निकालकर बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता और मुखिया मनोज कुमार बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे, जहां पहुंचकर उन्होंने परिजनों से भेंट कर हिम्मत बंधाया।

**कुश कक्षा वन और सूर्यांश एलकेजी में करता था पढ़ाई :** दुलमहा पंचायत के चंदनगमर स्थित लुसेंट्स कॉन्वेंट स्कूल में दोनों पढ़ाई करते थे। कुश कक्षा वन का छात्र था जबकि सूर्यांश एलकेजी में पढ़ाई करता था। इधर घटना की सूचना पाकर विद्यालय के निदेशक चंद्रदेव पंडित ने बताया कि दोनों काफी होनहार छात्र थे। वहीं उन्होंने दोनों के निधन पर शोक व्यक्त किया है। वहीं पंचायत के स्थानीय मुखिया नारायण यादव ने भी घटना को काफी दुःखद बताया है।

**गांव में पसरा मातम**

एक ही परिवार के दो छोटे बच्चों की असामयिक मौत ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया है। हर किसी की आंखों में आंसू है और गांव का माहौल बेहद दुःखद बना हुआ है। ग्रामीणों का मानना है कि डोभा या अन्य गड्ढों में अगर सुरक्षा घेराबंदी की जाती तो शायद यह हादसा टल सकता था। घटना के बाद बरही पुलिस ने दोनों मासूमों के शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर, शव को पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

## तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा से सटे गिरिडीह जिले के धनवार थाना अंतर्गत करगली गांव में एक बच्चे की तालाब में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान करगली गांव निवासी 4 वर्षीय ओम यादव (पिता विकास यादव) के रूप में की गयी है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के चचेरे दादा राम यादव ने बताया कि ओम रविवार की सुबह घर में बिना कुछ कहे ही घर के बगल के बच्चों के साथ घर से थोड़ी दूर पर स्थित एक तालाब में नहाने चला गया था। नहाने के बाद उसके साथ गये सभी बच्चे अपने अपने घर वापस आ गये। वहीं ओम वापस नहीं लौटा। जिसकी तलाश हेतु घर के सदस्य तालाब की ओर गये। जहां उन्होंने देखा कि ओम बेहोशी की हालत में तालाब के ऊपरी हिस्से पर तैर रहा था। जिसके बाद ग्रामीण उसे बाहर निकालकर स्थानीय निजी क्लिनिक पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने बताया कि उसकी स्थिति गंभीर है, उसे सदर अस्पताल ले जाना होगा। जिसके बाद हमलोग उसे लेकर सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के पश्चात मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## शिवाडीह में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

# सांसद और विधायक ने किक मारकर किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रखंड के कुशवाहा खेल मैदान शिवाडीह में मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल किक मारकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पूर्व सांसद विधायक और अन्य अतिथियों को गाजे बाजे के साथ झूमर टीम ने नाचते गाते हुए फुटबॉल मैदान तक लाने का काम किया जहां पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए, नशा मुक्त भारत को लेकर शपथ दिलायी गयी और राष्ट्रगान के साथ टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। सांसद मनीष जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नमो फुटबॉल टूर्नामेंट 2016 से सदर में चल रहा था इसे विस्तार करते हुए पिछले साल से पूरे लोकसभा क्षेत्र के 22 प्रखंडों में संचालित किया जा रहा है जिसमें हजारों खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि आज के युवा मोबाइल गेमिंग में ज्यादा व्यस्त रहते हैं और मैदान में कम नजर आते हैं उन्हें खेल



### मौके पर ये रहे उपस्थित

मौके पर मुख्य रूप से हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि अजय साहू, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा, इंद्र नारायण कुशवाहा, जय नारायण प्रसाद, विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूलम साहू, सह प्रतिनिधि कृष्ण राम, विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, उप प्रमुख वचनदेव कुमार, मध्य जिला परिषद सदस्य सुनिता देवी, डॉ. बालेश्वर महतो, पारसनाथ प्रसाद, भीखन महतो, पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, मुकुटधारी महतो, टूर्नामेंट अध्यक्ष रंजीत मेहता, सचिव शिबू मेहता, कोषाध्यक्ष भवानी प्रसाद दांगी, शिवाडीह ग्राम अध्यक्ष खिरोधर प्रसाद, सचिव वास्तव प्रसाद, कोषाध्यक्ष मुकुल देव कुमार, मनीष पांडेय, उपेंद्र प्रसाद, श्रीकांत निराला, राजीव कुमार रंजन, नरसिंह प्रसाद, इन्द्र भूषण, सुमन गिरी, महेंद्र महतो, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, उदय मेहता, सचिदानंद पांडेय, कार्तिक प्रसाद समेत हजारों कार्यकर्ता, खेलप्रेमी और खिलाड़ी मौजूद थे।

के मैदान में उतरने की आवश्यकता है। ग्रामीणों के द्वारा खेल मैदान में गार्डवाल निर्माण की मांग पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि डीएमएफटी मद से गार्डवाल का निर्माण होगा इसके लिए डीपीआर और इस्टीमेट बन रहा है बहुत जल्द इसका शिलान्यास किया जायेगा। उम्मीद है अगले नमो टूर्नामेंट तक कार्य पूरा हो जायेगा।

उद्घाटन मैच ड्रीम मर्चेंट क्लब गुरुचट्टी बनाम युवा क्लब के टिलहवा के बीच खेला गया जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए टीलहवा की टीम 2-0 से मैच अपने नाम किया। दूसरा मैच जनता युवा क्लब प्लांडु बनाम महावीर युवा क्लब चोरका के बीच खेला गया जिसमें प्लांडू ने चोरका 1-0 से मैच जीत लिया।

## दुर्गा पूजा को लेकर डोमचांच में शांति समिति की बैठक



डोमचांच(आजाद सिपाही)। थाना परिसर में रविवार को आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक की अध्यक्षता कोडरमा एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने किया। वहीं मुख्य रूप से बीडीओ भोला पांडेय, सीओ रविन्द्र पांडेय मौजूद रहे। बैठक में दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गयी। थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने कहा कि सोशल मीडिया में फैले अफवाह से बचना है। शिवसागर में रावण दहन रात्रि 9 बजे करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने दुर्गा पूजा को शांति माहौल में मनाने को लेकर विस्तार से बताया जिसमें पंडाल की मजबूती, पंडाल में महिला व पुरुष के आने-जाने की अलग से व्यवस्था, डीजे पर प्रतिबंध, पार्किंग की व्यवस्था, आदि शामिल थे। मौके पर भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद वर्मा, कांग्रेस नेता प्रदीप सिंह, बलराम भारती, निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष पप्पू मेहता, वार्ड पार्षद अशोक यादव, केपी चौधरी, मुकेश राम, सुरेश कुमार, हाजी मुस्लिम अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव, बबन मेहता, पवन पांडेय, गुड्डू यादव, वार्ड पार्षद नीलकंठ मेहता, बीरेंद्र पंडित, एसआई सुबोध कुमार पाठक, रमेश मराडी, केएल तांती मौजूद थे।

# राजद नेता ने कोडरमा में बनीं फोरलेन सड़क पर उठाया सवाल

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और कोडरमा सांसद पर बोला हमला!

**श्मशान घाट जमीन पर दखल और रोजी-रोजगार बंद कराने में जुटे है जनप्रतिनिधि, जनमुद्दे पर चुप्पी : सुभाष यादव**

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। राजद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और कोडरमा विधानसभा के राजद के पूर्व प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव ने कोडरमा में फोरलेन सड़क की गुणवत्ता और रेलवे ओवरब्रिज के समीप सड़क धंसने, सड़क निर्माण में घोर लापरवाही बरतने और कोडरमा में लगातार हो रही सड़क दुर्घटना पर गहरी चिंता जताया है। पार्टी नेता ने केंद्र सरकार के सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी और कोडरमा से भाजपा सांसद सह महिला और बाल विकास मंत्री



अन्नपूर्णा देवी की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी का बयान था कि पैसों की कोई कमी नहीं, लेकिन जनता के पैसों को पानी में बहाना नहीं चाहिए। क्योंकि जिस बरही से जेजे कॉलेज तक फोरलेन सड़क बनीं है, वो सड़क टूट रही है। सड़क के निर्माण में घोर लापरवाही बरती गयी है। कई जगहों पर डिवाइडर नहीं है। कोडरमा में एनएचआइ के बरही से जेजे कॉलेज तक सड़क का उद्घाटन को च माह से भी कम हुआ है, लेकिन सड़क की हालत बेहद खराब है। झुमरीतिलैया के बाईपास में रेलवे ओवरब्रिज के समीप सड़क धंस गयी है। उन्होंने स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री को कोडरमा के जनमुद्दे से कोई सरोकार नहीं रखने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कोडरमा के जनप्रतिनिधि श्मशान घाट की जमीन दखल करने और रोजी रोजगार को बंद कराने में लगे है। जनता के जनमुद्दे को विधानसभा और लोकसभा में उठाने की इन्हें फुरसत नहीं है। उन्होंने कहा कि सालों से दूसरे चरण के तहत जेजे कॉलेज से रजौली तक फोरलेन सड़क बनाने की प्रक्रिया ठंडे बस्ते में डाल कर रखा गया। इस मुद्दे पर संसद में आवाज नहीं उठी, क्योंकि फोरलेन सड़क को प्रभावशाली लोग खींचतान कर मनमुताबिक क्षेत्र से ले जाने के फिराक में थे। श्री यादव ने कहा कि मामले में अब माननीय हाई कोर्ट ने साफ कर दिया है कि वाइल्ड लाइफ सेंचुरी एरिया के बाहर से ही फोरलेन जायेगी। उन्होंने कहा कि जेजे कॉलेज से रजौली तक शीघ्र फोर लेन सड़क बनें, इसके लिए माननीय हाई कोर्ट की पहल सराहनीय है। वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा घुसपैठ का मुद्दा लाकर जनमुद्दे के सवाल से जनता का ध्यान बांटने की कोशिश कर रही। जबकि सच्चाई ये है कि 11 साल से देश का बॉर्डर की सुरक्षा संभालने का जिम्मेवारी भाजपा सरकार के अधीन है। फिर घुसपैठ कैसे हो रहा। भाजपा राज में बॉर्डर लांघ कर घुसपैठ हो रहा तो, ये भाजपा के लिए शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि घुसपैठ का मुद्दा महज भाजपा का जुमलेबाजी है।

## समाजिक कार्यकर्ता सह भाजपा नेता की मौत



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया प्रखंड के खैरा पंचायत के बेडमक्का निवासी समाज सेवी सह भाजपा बुथ अध्यक्ष प्रमोद सिंह का निधन शनिवार मध्यरात्रि को हो गया। रविवार सुबह निधन की सुचना पुरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गयी। आस पास के गांव के लोग और ग्रामीण का भीड़ घर पर जमा हो गया। वहीं सुचना पाते ही बरकट्ठा विधायक अमित यादव घर पहुंच कर शौक व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि प्रमोद जी का जाना हम सबों व्यक्तिगत क्षति है। हमारे हर कार्यक्रम में जरूर पहुंचते थे। परिवार के सदस्यों का मेरा हर समय सहयोग बरकरार रहेगा। प्रमोद सिंह का छः बेटी ही है जिसमें पांच का शादी हो गया है। घर जाकर शौक व्यक्त करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पांडेय, दशरथ नारायण सिंह, मुखिया कुमारी माधुरी, उपमुखिया प्रतिनिधि सोबरन महतो, राजकुमार सिंह, बद्री साव, शंभु महतो, संतोष कुमार, सुरेंद्र राणा, सुरेश प्रसाद, कौलेश्वर मिश्रा, विजय वर्णवाल, दिलीप शर्मा, विनोद महतो, मनीष यादव, शम्भु प्रसाद, सौरव सिंह, केदार प्रसाद, दिलीप सिंह समेत गांव के लोगों ने अंतिम संस्कार में सहयोग किया। अंतिम संस्कार गांव के श्मशान घाट में किया गया। मुखागी भतीजा अंशु कुमार ने दिया।

## महत्वाकांक्षी योजना एनजीओ कीर्तन जागरण का झामुमो नेता ने किया उद्घाटन



कोडरमा (आजाद सिपाही)। झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य संजय पांडेय ने रविवार को गुमो वार्ड नंबर 20 में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एनजीओ कीर्तन जन जागरण का उद्घाटन किया। इस दौरान संजय पांडेय ने कहा कि झारखंड सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना अंतर्गत महिलाओं को सिलाई, ब्यूटीशियन, अगरबत्ती, साबुन पैकिंग, सर्फ, मिठाई, पत्तल, बांस की टोकरी और डाला बनाने आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस योजना का लाभ हर महिलाओं को लेकर घर बैठे पैसा कमाने का सुलभ रास्ता मिलेगा और खुद को आत्मनिर्भर करेंगी। वैसे हेमंत सरकार द्वारा मइयां सम्मान योजना के तहत पहले ही आपसबों को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया गया है। इसलिए सभी ने हेमंत सरकार का आभार जताया। इस योजना की सुपरवाइजर किरण सिंह, शिक्षिका पूजा देवी को बनाया गया है। कार्यक्रम में संचालक कीर्तन सिंह, प्रवीण सिंह, नीलम सिंह, सोनु कुमारी, कविता शर्मा, आशा शर्मा, गायत्री शर्मा, बबिता शर्मा, पिंकी कुमारी, गिरजा देवी, नीलम देवी, कविता देवी, सुनील सिंह आदि मौजूद थे।

## स्व. टेकलाल महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बनासो बाजार टांड में रविवार को स्वर्गीय टेकलाल महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा पिता काटकर और कीक मारकर किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनंत कुमार पांडेय ने कहा कि यह प्रतियोगिता झारखंड के जननायक महान नेता स्वर्गीय टेकलाल महतो के नाम पर रखा गया है। इसलिए महामाया युवा क्लब बनासो के सदस्यों को बधाई देता हूं। हम लोगों को उनके स्मृति में नाम और प्रतिष्ठा बनाये रखना है। खिलाड़ियों से उन्होंने कहा कि खेल मित्रता की भावना से खेलें। खेल से खिलाड़ी शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होते हैं। जबकि दर्शक आनंदित होते हैं। आयोजक महामाया क्लब के सदस्यों ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया है। जिसका समापन टेकलाल महतो की स्मृति दिवस 27 सितंबर को किया जायेगा। उस दिन झारखंड के पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे और खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार का वितरण करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से उत्तम कुमार महतो, हीरामन महतो, भुनेश्वर यादव, राजू रवानी, राहुल कुमार, देवशरण यादव, गुरु प्रसाद साव, शेख अजीज, शेख कल्लू, शंभू यादव, दिनेश मंडल, रियाज खान, बासुदेव महतो, राज किशोर पांडेय, विजय नंदन पांडेय, भागीरथ पासवान, राहुल पासवान, रामदास पांडेय, परमेश्वर महतो, धनेश्वर महतो, प्रयाग पासवान, प्रमोद पांडेय, श्रीकांत पांडेय, संतु पांडेय, संतोष पासवान, बंधन यादव, मुकुंद साव, संतु पासवान, दामोदर राम, धनेश्वर महतो, सुरेश महतो, अनिल महतो और भीम महतो समेत कई अन्य लोग शामिल थे।

## दारू में साफ-सफाई अभियान चलाया गया



दारू (आजाद सिपाही)। हजारीबाग सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जुलजुल सीतागढ़ पहाड़ संरक्षण समिति की ओर से साफ-सफाई अभियान रविवार को चलाया गया। जिसमें उपस्थित गुरहेत पंचायत के मुखिया महेश तिग्गा ने कहा स्वच्छता हमें कीटाणुओं, बैक्टीरिया और वायरस से बचाती है, जिससे संक्रमण का खतरा कम होता है। नियमित स्नान और हाथों की सफाई से कई बीमारियों से बचा जा सकता है पौता पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि लालधारी राम ने कहा स्वच्छता अपनाने वाले लोग परिवार और समाज के अन्य लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करते हैं, जिससे समाज में अच्छी आदतें फैलती हैं बैहरी पंचायत के मुखिया पवन कुमार यादव ने कहा साफ-सफाई से व्यक्ति तरोताजा महसूस करता है और उसका आत्मविश्वास बढ़ता है, जिससे वह सकारात्मक दिख पाता है और इनकम टैक्स के अधिकारी गुरहेत पंचायत के रोजगार सेवक निरज कुमार और वासुधा कल्याण के कार्यरत सदस्य साथ ही पंचायतों के अग्रसर सदस्य अनिल होरो, दशरथ ठाकुर, उदय ठाकुर अनिल यादव, नरेश तिग्गा, प्रकाश कच्छप, विक्रम केरकेट्टा, जितेन्द्र केरकेट्टा, शंभू केरकेट्टा, बसंत केरकेट्टा, मुनाजिर अंबारी रोहित लकड़ा, फिरोज अंसारी, शिवम, अजय केरकेट्टा, नितेश और समस्त जुलजुल सीतागढ़ पहाड़ संरक्षण समिति सदस्य दर्जनों की संख्या में उपस्थित थे।

## बड़कागांव में देखा जायेगा सूर्योदय का अद्भुत नजारा

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। हजारीबाग जिले के बड़कागांव के पंकरी बरवाडीह के इक्विनोक्स स्थल में सूर्योदय का अद्भुत नजारा 23 सितंबर को देखा जायेगा। सम दीवा रात्री के मौके पर सूर्य उतरायण से दक्षिणायन की ओर करवट लेते हुए देखा जायेगा। यह स्थल हजारीबाग - बड़कागांव रोड स्थित पंकरी बरवाडीह के भोक्ता स्थान तालाब के पासपूरब दिशा में है। यहां कई वर्षों से 21 मार्च और 23 सितंबर को सूर्योदय के इस अद्भुत नजारा को देखने की परंपरा है।

## भूरकुंडा थाना मैदान बचाओ समिति ने मैदान की दुर्दशा पर जतायी नाराजगी



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा थाना मैदान बचाओ समिति ने रविवार को की बैठक। बैठक की अध्यक्षता पंकज कुमार और संचालन श्रवण कुमार ने किया। इस दौरान थाना मैदान में पसरी गंदगी और श्रवानी मेला के बाद असमतल जमीन को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में कहा गया की श्रावणी मेला सम्पन हुए एक माह से अधिक समय हो गया है। लेकिन श्रावणी मेला कमेटी द्वारा मैदान की साफ-सफाई और समतलीकरण कार्य शुरू नहीं किया गया है। सौंदर्यीकरण के नाम पर महज छह सिमेंटेड बेंच बनाकर खानापूर्ति कर छोड़ दिया गया है। जबकि पतरातू अंचलाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने भी मेला से अर्जित आय से मैदान का सुंदरीकरण कराने का आश्वासन दिया था। अंचलाधिकारी ने मेला का आय-व्यय सार्वजनिक कराने के लिए बैठक बुलाने की बात कही थी। जबकि काफी समय बीतने के बाद भी बैठक नहीं की जा सकी है। मैदान में बच्चे और किशोर गंदगी और उबड़-खाबड़ जमीन पर खेल रहे हैं। समिति ने कहा कि मामले को लेकर रामगढ़ उपायुक्त को ज्ञापन सौंप हस्तक्षेप और उचित कार्रवाई की मांग की जायेगी। कहा गया कि साफ-सफाई और समतलीकरण के बाद आसपास के लोगों को गंदगी न फैलाने की अपील की जायेगी। चेतावनी बोर्ड लगाया जायेगा और मनमानी करनेवालों पर जनप्रतिनिधियों के सहयोग से उचित कार्रवाई के उपाय भी किए जायेंगे। बैठक में उपाध्यक्ष श्रवण कुमार, सतीश राय, राहुल यादव, मोनू सिंह, अजीत वर्मा, उमेश राउत, सुधीर मुंडा, अभिषेक मेहता, रोहित वर्मा, सुमित गुप्ता, शंकर साव, चंद्रमणि सिन्हा, शहजाद मंसूरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रोटरी रामगढ़ सिटी के तत्वावधान में बोरोंबिंग पंचायत भवन में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चला, जिसमें कुल 95 लोगों की आंखों की जांच की गयी। शिविर की शुरूआत मुखिया बसंती देवी, विशिष्ट अतिथि युगेश महतो, प्रोजेक्ट चेयरमैन हरीश चौधरी और भरत गोयल, अध्यक्ष आदर्श चौधरी, सचिव रोहित पंसारी, भगवान महावीर आई हॉस्पिटल, रांची के प्रोजेक्ट चेयरमैन कमल जैन और प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर हरीश दोषी ने मिलकर दीप प्रज्ज्वलित कर लिया। यह शिविर भगवान महावीर आई हॉस्पिटल, रांची और रोटरी रामगढ़ सिटी का संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। निधि बुधिया, उमेश राजगढ़िया और पंकज जैन सहित अन्य मुख्य रूप से मौजूद थे। अतिथियों ने रोटरी रामगढ़ सिटी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर से ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलता है। रोटरी रामगढ़ सिटी के अध्यक्ष आदर्श चौधरी ने कहा कि संगठन भविष्य में भी ऐसे सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

## मांडू में शारदीय नवरात्र की तैयारी पूरी



**मांडू (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र महोत्सव को लेकर मांडू क्षेत्र में तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सोमवार को विधिवत कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय नवरात्र पर्व का शुभारंभ होगा। पूजा समितियों ने पूजा को भव्य बनाने और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर जगह-जगह तोरण द्वार सजाए हैं और मंडपों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर बज रहे भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब चुका है। इस वर्ष मांडू में कई प्रमुख स्थानों पर नवरात्र की पूजा अर्चना होगी। इनमें पड़ाव दुर्गा मंडप, मांडू चट्टी पूजा समिति, मनोकामना बाबा परिसर स्थित मां वैष्णव मंदिर, मांडू बस्ती दुर्गा मंदिर के अलावा बोंगाहारा और गरगाली शामिल हैं। यहां भव्य आयोजन की तैयारियां की गयी हैं। वहीं, ग्रामीण स्तर पर भी श्रद्धालु अपने-अपने घरों में कलश स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करेंगे। पूजा समितियों ने सुरक्षा और स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा है। भक्तों की सुविधा के लिए जगह-जगह प्रकाश व्यवस्था, पानी और बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। श्रद्धालुओं में नवरात्र को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और सभी मां दुर्गा की आराधना के लिए आतुर हैं।

## मारवाड़ी युवा मंच चेतना शाखा ने किया गरबा रास का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी युवा मंच चेतना शाखा रामगढ़ कैंट के तत्वावधान में शनिवार को देर शाम शाखा डॉ नीति बेरलिया की अध्यक्षता में गरबा रास का आयोजन सैनी होटल में किया गया। आयोजन के पहले 3 दिन का गरबा वर्कशॉप भी रखा गया। यह वर्कशॉप नये डांसरों के लिए बहुत ही उपयुक्त है। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को नवरात्रि के उत्सव के लिए तैयार करना है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ डांस फ्लोर पर अपनी कला का प्रदर्शन कर सकें। वर्कशॉप करने का कारण गरबा के बुनियादी स्टेप्स सिखाना, हाथों और पैरों की चाल का समन्वय सिखाना, गरबा स्टेप्स जैसे कि 'दो ताली', 'तीन ताली' और 'छह ताली' सिखाना। इन स्टेप्स को संगीत के साथ जोड़ना, धीरे-धीरे ताल को बढ़ाना था। सभी सदस्यों ने वर्कशॉप में जमकर अभ्यास किया। कार्यक्रम का उद्घाटन चेतना शाखा अध्यक्षा और चेतना शाखा की महिलाओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस आयोजन में शाखा सदस्यों और बच्चों ने हिस्सा लिया और डांडिया के गीतों में झूमे और आनंदित हुए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कार्यक्रम में सोलो डांस, डुएट डांस, ग्रुप डांस सहित कई प्रकार के सरप्राइज गिफ्ट भी बांटे गये। फिर शाखा अध्यक्ष डॉ नीति बेरलिया ने स्वागत भाषण दे कर सभी मौजूद लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति व लोक परंपराओं को जीवंत रखने की आवश्यकता है। ऐसे आयोजनों से जहां हमारी संस्कृति व लोक परंपराओं को मजबूती मिलती है। वहीं महिलाओं में उत्साह का संचार होता है। इसके बाद शुरू हुई डांडिया में महिलाओं जमकर नृत्य किया। शाखा द्वारा बहुत से गेम्स भी खिलाये गये थे।

## दो घरों से नकद और जेवरात की चोरी

**गोला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हेंसापोडा गांव में 19-20 सितंबर की रात दो घरों से नकदी व जेवरात की चोरी अज्ञात चोरों ने कर ली। सूचना पर गोला थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया और चोरों की धड़ पकड़ के लिए छापामारी शुरू कर दी है। बताया जाता है कि उक्त गांव के संतोष पांडा व सोमनाथ पंडा के घर में लगे ताला को गैस कटर से काटकर चोर घर के अंदर घुसे ओर घर में रखे बक्से व आलमारी का लॉक भी गैस कटर से कटे। उसमें रखे 30-40 हजार रुपये नकद, सोने के आभूषण, चांदी की मूर्ति आदि चोर लेकर भाग निकले। बताया गया कि दोनों घर के परिवार के लोग घर में नहीं थे। जिसका फायदा चोरों ने उठा लिया।

## गोला में बाइक चोर गिरोह का खुलासा

# ग्यारह बाइक और एक कार बरामद, तीन को भेजा जेल

### एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** गोला पुलिस ने रविवार को बाइक चोर गिरोह का उद्वभेदन किया है। एसपी अजय कुमार ने गोला थाना परिसर में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि रविवार की सुबह को सुचना मिली कि बाइक चोर चोरी की बाइक को बिक्री करने वाले है। त्वरित कार्रवाई करते गठित एसआइटी टीम के दवारा तिरला मोड, डीवीसी चौक और अन्य रास्तों पर बैरिकेटिंग करते हुए एंटीक्राईम चेकिंग शुरू किया गया। बाइक चेकिंग के दौरान तीरला मोड के पास एक ब्लू रंग का अपाची मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग पुलिस को देखते ही मोटरसाईकिल मोडकर वापस भागने लगे। जिसे पुलिस बल के द्वारा पीछा कर पकड़ा गया। जिसमें मो0 एहसान अंसारी उम्र 32 वर्ष, पिता रमजान अंसारी, ग्राम चंदवे, थाना पिठोरिया, जिला रांची, मुकेश महतो उम्र 23 वर्ष पिता जीबू महतो हुहुआ कोठार थाना रामगढ, प्रेम कुमार करमाली, उम्र 19 वर्ष, पिता दिलीप करमाली, डुन्डी गाछी गोला निवासी शामिल है। इनसे ब्लू रंग के अपाची कागजात की मांग की गयी तो पकड़ाये लोगों द्वारा अपाची मोटरसाईकिल से संबंधित कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। कड़ाई से पुछताछ करने पर तीनो ने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

पुलिस को बताया कि यह बाइक 26 अगस्त की रात्री को सुतरी के पास से चोरी की गयी थी। जिस पर लिखा रजिस्ट्रेशन नंबर फर्जी है। आगे पुछताछ के क्रम में पकड़ाये तीनों व्यक्तियों के द्वारा बताया गया कि हमलोगों के द्वारा विगत कई दिनों से गोला, रजरप्पा, रामगढ़, बरलंगा थाना क्षेत्र से मोटरसाईकिल की चोरी की गयी है। जिसे हमलोग बेचने के लिए छुपाकर रखे हुए है। तत्पश्चात तीनों अपराधकर्मियों के निशानदेही पर उनके बताये अनुसार ग्राम डुन्डीगाछी के जंगल में छुपाकर रखा ग्यारह बाइक और एक फोरनेक्स कार जे एच 01एफ इ 4168 को बरामद करते हुए जब्त किया गया। पकड़ाये तीनों अभियुक्तों और बरामद मोटरसाईकिल/कार के संबंध में गोला थाना कांड संख्या-के अंतर्गत कांड दर्ज किया गया है। सभी को न्यायिक हिरासत में रामगढ़ भेज दिया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को आदित्य करमाली पिता शिबु करमाली ग्राम धवैया थाना महुआटांड जिला बोकारो वर्तमान में रांची जेल मे बन्द, सफल मुंडा पिता स्व० कचन मुंडा ग्राम रसदा थाना बासल जिला रामगढ़ वर्तमान रामगढ़ जेल बंद, अर्जुन कुमार बेदिया पिता देवदयाल बेदिया ग्राम अम्बागढ़ा थाना रजरप्पा जिला रामगढ़ (वर्तमान रामगढ़ जेल में बन्द) कैलाश कुमार रांची ने मदद की है। बताया गया कि चोर गिरोह में शामिल लोग कार को भाड़ा में लेकर क्षेत्र में रेकी करते थे। बाइक का कागजात भी रांची से फर्जी बना कार लोगों के पास बेच देते थे। जिससे लेने वालो को भनक नहीं लगे कि यह चोरी का है। गिरफ्तार अभियुक्तों का पुराना रहा है आपराधिक इतिहास।




### छापामारी दल में यह थे शामिल

परमेश्वर प्रसाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पंकज कुमार पुलिस निरीक्षक गोला, अभिषेक कुमार थाना प्रभारी गोला, कृष्ण कुमार थाना प्रभारी रजरप्पा, अशोक कुमार थाना प्रभारी बर लंगा, पुअनि अमित कुमार, स्वामी रंजन ओझा, प्रभात रंजन, निरंजन कुमार सिंह, रंजीत कुमार महतो, रोहित कुमार सिंह, मोहम्मद इकबाल, बहादुर महतो, तहसीन अहमद, संजय गोराई, तरसीसीया लकड़ा शामिल थे।

## चुटूपालू घाटी में पलटी बस, घंटों जाम

**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** रांची-पटना मुखमार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी में रविवार को एक यात्री बस पलट गयी। इस हादसे में एक बाइक सवार की जान बाल-बाल बची। हादसे के बाद सड़क का दोनों लेन जाम हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पलटी हुई बस को हटाने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार झारखंड पर्यटन नामक बस बीआर 09 पीआर 7720 घाटी में ही ब्रेकडाउन हो गया था। जिसकी वजह से बस पर सवार सभी यात्रियों को उतार कर, उस बस की मरम्मत की जा रही थी। इसी दौरान अचानक गाड़ी में लगा ब्रेक फेल हो गया और वह पीछे की तरफ लुढ़कने लगा। इसी दौरान डिवाइडर से टकराकर बस पलट गयी। जिसकी वजह से सड़क जाम हो गया। इस दौरान वहां से गुजर रहा एक बाइक सवार अपनी बाइक छोड़कर ही भाग गया। वह बस उसी बाइक पर ही पलट गयी थी। इस हादसे में किसी भी प्रकार के जान माल की हानि नहीं हुई है। पुलिस ने क्रेन की सहायता से पलटे हुए बस को हटाया और फिर यातायात शुरू कराया। इस दौरान पुलिस को लगभग 4 घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी।

## आजाद सिपाही की खबर का असर

# बरहे गांव में डिएमएफटी फंड से बनेगा करोड़ों का पुल

प्रकाश कुमार

**प्रतापपुर/ चतरा(आजाद सिपाही)।** आजाद सिपाही द्वारा चतरा के बरहे गांव पर दिखायी गयी खबर का बड़ा असर हुआ है। जिले के प्रतापपुर प्रखंड के घने जंगलों में बसे इस गांव के ग्रामीणों को वर्षों से जिस जर्जर लकड़ी के पुल से गुजरना पड़ता था, अब उसके स्थान पर करोड़ों की लागत से नया पुल बनने की उम्मीद जगी है। इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद, सरकार और प्रशासन की नींद टूटी और अब पुल का सर्वे कार्य शुरू हो गया है। ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने बताया कि वे सालों से खुद ही इस लकड़ी के पुल को बनाते और मरम्मत करते आ रहे थे। पुल न होने से हर साल कई बच्चों को अपनी जान गंवानी पड़ती थी और गर्भवती महिलाओं को भी उफनती नदी में जान जोखिम में डालकर पार करना पड़ता था। सर्वे करने पहुंची टीम ने बताया कि इस पुल का निर्माण DMFT (डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट) फंड से किया जायेगा। उन्होंने उम्मीद जतायी कि जल्द ही निर्माण की प्रक्रिया पूरी होते ही काम शुरू कर दिया जायेगा, क्योंकि यह वाकई इस गांव की एक बड़ी समस्या है। ग्रामीणों ने आजाद सिपाही और उसकी टीम का आभार व्यक्त किया है, जिनकी वजह से उनके लिए एक नयी उम्मीद जगी है।



## खेलो झारखंड के तहत फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

# बालक में बोकारो और बालिका वर्ग में हजारीबाग बना राज्य चैंपियन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से जिले में चल रहे तीन दिवसीय खेलो झारखंड के तहत फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का रविवार को भव्य समापन किया गया। समारोह में विभिन्न विद्यालय से आए छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर समा बांध दिया। इस दौरान फाइनल मुकाबला अंडर 19 बालक वर्ग में बोकारो जिला की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एक के बाद एक 3-0 से पराजित कर चैंपियनशीप का खिताब अपने नाम किया। वहीं अंडर 19 बालिका वर्ग में हजारीबाग जिला की टीम ने रांची जिला टीम को कड़े मुकाबले में 1-0 से पराजित करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया खेल का शुभारंभ

इससे पूर्व समारोह के मुख्य अतिथि ममता देवी, आमंत्रित अतिथि मांडू विधायक निर्मल महतो, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, डीएभी एआरओ हजारीबाग डॉ. सुजीत कुमार शर्मा का स्वागत आयोजकों ने ढोल नगाड़ा और झारखंडी नृत्य के साथ मंचासिन किया। यहां पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम डीएसई संजीत कुमार एडीपीओ नलिनी रंजन ने पौधा, झारखंडी गमछा और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। अतिथियों ने फाइनल मुकाबला खेल रहे बालक बालिका दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर गेंद को किक मारकर खेल की शुरुआत की। जिला फुटबॉल संघ के महासचिव मोहम्मद मुस्तफा आजाद, ओलंपिक संघ के सचिव सीडी सिंह, रेफरी अजय डिसिलवा, दुलमी प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, शिक्षिका अर्चना कुल्लू, विद्या कुमारी, तंजीदर कौर, निशा पन्ना, सरोज मालाकार अनुपा पुष्पा तिर्की, संतोष कुमार अनल, सहित राज्य भर के सभी शारीरीक शिक्षा शिक्षक और खेल प्रेमी उपस्थित थे।

**इन्हें मिला पुरस्कार :** प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रांची की रिमसी कुमारी, बेस्ट गोलकीपर रांची की रूपाली कुमारी, मैन ऑफ द मैच हजारीबाग की कल्याणी कुमारी, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट इमामुल मिंज गुमला, बेस्ट गोलकीपर बोकारो के तरास मुर्मू, मैन ऑफ द मैच बोकारो के कल्याण ज्योति बोरा को दिया गया। जबकि बालिका वर्ग में तीसरे स्थान पर पाकुड़ जिला और बालक वर्ग में गुमला जिला रहा।

### हार और जीत सिक्के के दो पहलू होते: ममता

इधर मुख्य अतिथि ममता देवी ने फाइनल मुकाबला खेल रहे टीमों को बधाई देते हुए कहा कि हार और जीत सिक्के के दो पहलू होते लेकिन साथ ही रहते हैं। इसलिए हार से निराश न हो और जीत से उत्साहित न हों। अनुशासन के साथ खेल जारी रखें। आगे और भी कठिन रास्ता आने वाला है। हमेशा लक्ष्य की ओर राज्य का नाम रौशन करे।

### जिले में इस तरह के आयोजन होना बड़ी बात है: तिवारी

मांडू विधायक निर्मल महतो ने कहा कि जिले में इस तरह के आयोजन होना बड़ी बात है। आगे भी ऐसे आयोजन होता रहे ताकि खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलते रहे। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग ने सफल आयोजन के लिए रामगढ़ जिला को बधाई देते हुए कहा कि जिला जिला बड़े बड़े आयोजन के लिए तैयार रहे। बाद में अतिथियों ने बालक बालिका विजेता उप विजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। मंच संचालन शिक्षक मिथलेश कुमार रविदास और ममता कुमारी सिंह व धन्यवाद ज्ञापन एडीपीओ नलिनी रंजन ने किया। समारोह का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

## 125 वर्ष पुरानी है कुजू के शिव मंदिर प्रांगण में दुर्गा पूजा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा की पूजा का इतिहास करीब 125 वर्ष पुराना है। धर्मप्रेमी बताते हैं कि मां दुर्गा की पूजा अठन्नी और चवन्नी में खपरैल मकान से शुभारंभ किया गया था। आज बाहर के सजावट में लाखों रुपए खर्च होते हैं। आज खपरैल देवी स्थान की जगह भव्य 115 फीट का गगनचुंबी आर्कषक मंदिर बन गया है। इसके बावजूद आज भी मां की पूजा पौराणिक विधि से ही जारी है। प्रारंभ काल में जैसी मां की प्रतिमा बनती थी, आज भी वैसे ही बनती है। यहां का पूजा हिदू-मुस्लिम एकता का भी परिचायक है। मंदिर-मस्जिद के बीच मात्र एक मकान का फांसला है। एक ओर मां का गुणगान होता तो दूसरी ओर अजान भी होते हैं। दोनों समुदाय के लोग एक-दूसरे के त्यौहारों में बढ-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। वहीं, पब्लिक हाई स्कूल, कुजू के मैदान में करीब 40 वर्ष से रावण दहन का कार्यक्रम जारी है। जहां विजयादशमी के दिन 40 फुट का रावण का पुतला आकर्षक आतिशबाजी के बीच हजारों की संख्या में शामिल लोगों के लिए कौतूहल बनता है। वहीं, दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष शिवकुमार साहू ने बताया कि भव्य पूजा की तैयारी पूरी हो चुकी है। क्षेत्रवासी धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाते है। यह त्योहार क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का भी प्रतीक है।

## कुंदरू कला में गरीब का घर ध्वस्त



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ प्रखंड के कुंदरु कला पंचायत अंतर्गत रहमत नगर अंसारी टोला निवासी नसीम अंसारी पिता स्व मनीर मियां का आशियाना ध्वस्त हुआ। पिछले दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश होने के कारण मकान गिर गया। जिससे परिजनों मे कुल 7 सदस्य है जिसे रात गुजारने की समस्या उत्पन्न हो गयी है। मिट्टी नुमा मकान गिरने से लाखों का नुकसान हुआ अल्पसंख्यक परिवार के सदस्य हैं और अत्यंत गरीब हैं परिवार के मुखिया नसीम ने अंचल अधिकारी रामगढ़ और जिला प्रशासन से आपदा प्रबंधन विभाग से क्षतिपूर्ति हेतु मुआवजे की मांग की गयी है।

## कूड़मी समाज के एसटी की मांग को आदिवासी समाज ने किया विरोध, 24 को आक्रोश मार्च



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** कुडमी समाज द्वारा एसटी दर्जा में शामिल करने की मांग के विरोध में बरकाकाना क्षेत्र के विभिन्न आदिवासी संगठनों ने आदिवासी सेवा समिति के बैनर तलें रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग घुटुवा केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के फुटबाल मैदान में बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता गोविंद बेदिया और संचालन पंचदेव करमाली उर्फ पंचम ने किया। बैठक के दौरान उपस्थित आदिवासी नेताओं ने कुड़मी समाज की मांग पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए आक्रोश में दिखे। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कूडमी समाज के द्वारा एसटी दर्जा में शामिल करने की मांग के विरोध में आदिवासी छात्र संघ के बैनर तलें आगामी बाइस सितंबर को बाइक रैली और चौबीस सितंबर को रामगढ़ के सिदो-कान्हु मैदान से उपायुक्त कार्यालय तक आक्रोश मार्च किया जायेगा। मौके पर उपस्थित आदिवासी नेता गोविंद बेदिया ने बताया कि कुडमी समाज द्वारा एसटी में शामिल करने की मांग गलत है, जिसका आदिवासी समाज पुरजोर विरोध करता है। श्री बेदिया ने कहा कि आगामी बाइक रैली और आक्रोश मार्च में हजारों हजार की संख्या में आदिवासी समाज सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करेंगे साथ ही जरूरत पड़ने पर आगे भी आंदोलन को सड़क से सदन तक जारी रखेंगे। वहीं आदिवासी छात्र नेता पंचम करमाली ने कहा कि कूडमी समाज के मांगों के कारण आदिवासी समाज दुखित है। उन्होंने दुखित मन से कहा कि आज से किसी भी चुनाव में कुडमी समाज के प्रत्याशियों का बहिष्कार किया जायेगा और किसी भी त्योहार या समारोह में कुडमी समाज के लोगों को मुख्य अतिथि नहीं बनायेंगे। मौके पर आदिवासी छात्र संघ के जिला अध्यक्ष सुनील मुंडा, पूर्व मुखिया रमण बेदिया, गंगाधर बेदिया, प्रदीप बेदिया, रामेश्वर बेदिया, सुरेन्द्र बेदिया, तूफान ओरांव, श्याम करमाली, राजू बेदिया, दिलीप ओरांव, संतोष बेदिया, संजय करमाली, सुरेश बेदिया, सुभाष ओरांव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## हंटरगंज प्रखंड कार्यालय में लगाया गया विधिक सशक्तिकरण शिविर



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार हंटरगंज प्रखंड कार्यालय में रविवार को सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मैं मुख्य अतिथि चतरा व्यवहार न्यायालय के अपर जिला सत्र न्यायाधीश रणधीर कुमार सिंह और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तारकेश्वर दास और विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप, सीओ रितिक कुमार, झारखंड राज्य कोऑपरेटिव बैंक के निदेशक कौशलेंद्र कुमार सिंह शामिल थे। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया था। इस दौरान 26 पेंशन योजनाओं के लाभुकों को स्वीकृति पत्र दिया गया। जेएसएलपीएस के द्वारा एक करोड़ 15 लाख रुपया का ऋण वितरण किया गया। बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा चार महिलाओं का गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इस मौके पर दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल और मनरेगा योजना के तहत मजदूरों के बीच जॉब कार्ड का भी वितरण किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार हंटरगंज प्रखंड में नियुक्त पीएलवी द्वारा शिविर में आए लोगों को कानून की जानकारी दिया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा दर्जनों मरीजों का स्वास्थ्य जांच किया गया और निशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तारकेश्वर दास ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में गुजर-बसर कर रहे असहाय लोगों को उनके हक अधिकार से उन्हें परिचित कराना है। शिविर को संबोधित करते हुए अपर जिला सत्र न्यायाधीश रणधीर कुमार सिंह ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके हक अधिकार से परिचित कराना और उन्हें उनका हक अधिकार प्राप्त करने में सहयोग करना है। जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी ने भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए इसे एक वरदान बताया। इसके अलावा अन्य कई वक्ताओं ने भी शिविर को संबोधित किया।

# विमानों में तकनीकी खराबी

रेल और बस यात्रा की तुलना में विमान यात्रा को अधिक सुविधाजनक माना जाता है परंतु अब पिछले कुछ समय से विमान यात्राओं में भी अनेक समस्याएं आने लगी हैं। पुरुष यात्रियों द्वारा महिला यात्रियों से छेड़छाड़ और शराब पीकर उल्टी-सीधी बातें करने तथा उत्पात आदि करने के अलावा विमानों के इंजनों में खराबी की घटनाएं लगातार हो रही हैं जिनके पिछले साढ़े 3 महीनों के चंद उदाहरण दर्ज हैं : 4 मई को दिल्ली से शिरडी जा रहे इंडिगो के विमान में शराब के नशे में धुत्त एक यात्री ने एयर होस्टैस से कई बार छेड़छाड़ की। विमान के जयपुर पहुंचने पर यात्री को पुलिस के हवाले कर दिया गया। 28 जून को फ्लाइट में दुबई से जयपुर आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट में शराब पी रहे एक यात्री को जब एयर होस्टैस ने रोका तो यात्री ने माफी मांगने की बजाय उसके साथ छेडखानी और बदतमीजी शुरू कर दी। उसने एयर होस्टैस को गलत तरीके से छुआ। पूरी यात्रा के दौरान वह युवक एयर होस्टैस के साथ बदतमीजी करता रहा और विमान के जयपुर पहुंचने पर उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। 20 अगस्त को इंडिगो के विमान में यात्रा कर रही एक महिला को विमान के को-पायलट ने गलत ढंग से छुआ। 6 सितंबर को 180 यात्रियों और चालक दल के 6 सदस्यों के साथ कोच्चि से अबुधाबी जा रहे इंडिगो के विमान में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण विमान लगभग 2 घंटे हवा में रहा और अंततः उसे वापस कोच्चि की ओर मोड़ दिया गया तथा यात्रियों को दूसरे विमान से भेजा गया। 11 सितंबर को स्पाइस जैट के दिल्ली से काठमांडू जाने वाले एक विमान के पिछले हिस्से में आग लगने की आशंका के कारण उसे वापस दिल्ली के हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। 11 सितंबर को ही कांडला (गुजरात) से मुंबई जा रहे स्पाइस जैट के एक विमान का पहिया टूट कर नीचे गिर गया जिसके परिणामस्वरूप चालक को विमान की एमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी और पायलट की सूझ-बूझ के कारण विमान में सवार 78 यात्रियों की जान बच गयी। 11 सितंबर को ही सिंगापुर जाने वाले एयर इंडिया के एक विमान के उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद उसके कैबिन का तापमान अचानक बढ़ जाने के कारण उसे वापस दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। उल्लेखनीय है कि 12 जून, 2025 को अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के कुछ ही सेकेंड के भीतर एयर इंडिया के विमान को आग लगने की दुर्घटना में चालक दल के 12 सदस्यों सहित कुल 274 लोगों के प्राण चले गये थे। हालांकि अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान के भीषण अग्निकांड के बाद विमानन कंपनियों ने कुछ सुधार किये होंगे, परंतु उसके बाद भी विमानों में तकनीकी खामियां आना जारी है। उक्त घटनाओं से स्पष्ट है कि आजकल विमान यात्राएं भी अव्यवस्था और कुप्रबंधन का शिकार होती जा रही हैं, जिससे यात्रियों ही नहीं, बल्कि चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती दिखायी देने लगी है।

**घटनाओं से स्पष्ट है कि आजकल विमान यात्राएं भी अव्यवस्था और कुप्रबंधन का शिकार होती जा रही हैं, जिससे यात्रियों ही नहीं, बल्कि चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती दिखायी देने लगी है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**वडनगर के एक साधारण परिवार में जन्मे मोदी का बचपन ज़िम्मेदारी और सादगी से भरपूर रहा। बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए चैरिटी स्टॉल लगाने से लेकर स्कूली छात्र के रूप में जातिगत भेदभाव पर आधारित नाटक लिखने तक उन्होंने अल्पायु में ही संगठनात्मक कौशल और सामाजिक सरोकार का अद्भुत मिश्रण प्रदर्शित किया। उन्होंने वंचित सहपाठियों के लिए पुरानी किताबें और वर्दियां इकट्ठा करने के अभियान भी चलाये, जो इस बात का प्रारंभिक संकेत था कि वह नेतृत्व को किसी विशेषाधिकार के रूप में नहीं, बल्कि सेवा के रूप में देखते हैं।**

# नरेंद्र मोदी: राजनीतिक अभिजात वर्ग को चुनौती देनेवाले जननायक



**शिवराज सिंह चौहान**



भारतीय राजनीति में नरेंद्र मोदी के उदय को विशेषाधिकार के पारंपरिक लेंस से नहीं समझा जा सकता। राजनीतिक वंशों में पले-बढ़े अनेक नेताओं के विपरीत, मोदी और उनकी नेतृत्व शैली जमीन से उभरी है, जिसने उनके संघर्ष, वर्षों से जमीनी स्तर पर किये गये कार्यों और सरकार के विभिन्न स्तरों पर प्राप्त व्यावहारिक अनुभवों से आकार लिया है। उनका करियर मात्र एक व्यक्ति के उत्थान को ही प्रदर्शित नहीं करता, बल्कि यह भारत में अभिजात वर्ग द्वारा संचालित राजनीति की नींव के लिए एक चुनौती भी है।

वडनगर के एक साधारण परिवार में जन्मे मोदी का बचपन ज़िम्मेदारी और सादगी से भरपूर रहा। बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए चैरिटी स्टॉल लगाने से लेकर स्कूली छात्र के रूप में जातिगत भेदभाव पर आधारित नाटक लिखने तक उन्होंने अल्पायु में ही संगठनात्मक कौशल और सामाजिक सरोकार का अद्भुत मिश्रण प्रदर्शित किया। उन्होंने वंचित सहपाठियों के लिए पुरानी किताबें और वर्दियां इकट्ठा करने के अभियान भी चलाये, जो इस बात का प्रारंभिक संकेत था कि वह नेतृत्व को किसी विशेषाधिकार के रूप में नहीं, बल्कि सेवा के रूप में देखते हैं। इन छोटे-छोटे प्रयासों ने उनके द्वारा सार्वजनिक जीवन में अपनाये जाने वाले दृष्टिकोण का पूर्वाभास करा दिया। उनकी मूलभूत प्रवृत्तियां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में और भी प्रखर हुईं, जहां साधारण कार्यकर्ताओं को ग्रामीणों से घुलने-मिलने, उनके जैसा जीवन व्यतीत करने और अपने आचरण के जरिए उनका विश्वास अर्जित करने का प्रशिक्षण दिया जाता था। एक युवा प्रचारक के तौर पर मोदी ने बिल्कुल वैसा ही किया। अक्सर बस या स्कूटर से गुजरात भर में यात्रा करते हुए और भोजन एवं आश्रय के लिए ग्रामीणों पर निर्भर रहते हुए उन्होंने साझा कठिनाइयों और संघर्षों के माध्यम से सभी वर्गों का विश्वास अर्जित किया।

**नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने के बाद गुजरात में किये गये प्रयोग राष्ट्रीय आदर्श बन गये।**

इस अनुशासन ने उन्हें उन लोगों के रोजमर्रा के सरोकारों से जुड़े रहने में मदद की, जिनकी वे सेवा करना चाहते थे और इसी ने उन्हें संकटकाल में संगठित, बड़े पैमाने पर कदम उठाने की आवश्यकता पड़ने पर प्रभावी ढंग से नेतृत्व करने के लिए भी तैयार किया।

ऐसा ही एक संकट 1979 में मच्छू बांध के टूटने से आया था, जिसमें हजारों लोग मारे गये थे। 29 वर्षीय मोदी ने तुरंत स्वयंसेवकों को पालियों में संगठित किया, राहत सामग्री का प्रबंध किया, शवों को निकाला और परिवारों को सांत्वना दी।

कुछ साल बाद गुजरात में सूखे के दौरान उन्होंने सुखड़ी अभियान का नेतृत्व किया, जो पूरे राज्य में फैल गया और लगभग 25 करोड़ रुपये मूल्य का भोजन वितरीत किया गया। दोनों ही आपदाओं में उन्होंने बिल्कुल आरंभ से ही बड़े पैमाने पर राहत प्रयास शुरू किये, जिससे उनके उद्देश्य की स्पष्टता, उनके सैन्य-शैली के संगठन और उनका इस आग्रह का परिचय मिला कि नेतृत्व का अर्थ केवल प्रतीकात्मकता नहीं, बल्कि सेवा है।

इन शुरुआती घटनाओं ने जहां एक ओर लोगों को संगठित करने की उनकी क्षमता को परखा, वहीं आपातकाल ने दमन के दौर में उनके साहस की परीक्षा ली। मात्र 25 वर्ष की आयु में एक सिख के वेश में उन्होंने पुलिस निगरानी से बचने की कोशिश कर रहे कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच संवाद कायम रखा। इस जमीनी नेटवर्क ने क्रूर शासन के विरुद्ध प्रतिरोध को जीवित रखा, जिससे उन्हें एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में ख्याति मिली।

इन्हीं कौशलों का उपयोग जल्द ही चुनावी राजनीति में भी किया गया। भाजपा-गुजरात के संगठन मंत्री के रूप में उन्होंने पार्टी का विस्तार नये समुदायों तक किया, जिनमें राजनीतिक विमर्श में हाशिए पर पड़े लोग भी शामिल थे। उन्होंने विविध पृष्ठभूमियों के नेताओं को तैयार किया, जमीनी स्तर पर समर्थन जुटाया और पूरे गुजरात में लालकृष्ण आडवाणी की सोमनाथ-अयोध्या रथ यात्रा जैसे बड़े आयोजनों की योजना बनाने में मदद की। बाद में विभिन्न राज्यों के प्रभारी के रूप में उन्होंने बूथ स्तर तक मजबूत पार्टी तंत्रों का निर्माण किया।

साल 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के पद पर आसीन होने पर उन्होंने ये सबक शासन में लागू किये। उदाहरण के लिए पदभार ग्रहण करने के चंद घंटे बाद ही उन्होंने साबरमती में नर्मदा का जल लाने के विषय में एक बैठक बुला कर इस बात का संकेत दिया कि निर्णायक कार्रवाई उनके प्रशासन को परिभाषित करेगी। उनका दृष्टिकोण शासन को एक जन आंदोलन बनाना था, जहां प्रवेशोत्सव ने स्कूलों में नामांकन को प्रोत्साहित किया, कन्या केलवणी ने बालिकाओं की शिक्षा का समर्थन किया, गरीब कल्याण मेलों ने कल्याण को नागरिकों तक पहुंचाया, और कृषि रथ ने कृषि सहायता को किसानों के खेतों तक पहुँचाया। नौकरशाहों को दफ्तरों से निकालकर कस्बों और गांवों तक भेजा गया। उनका मानना है कि शासन लोगों तक वहां पहुंचे जहां वे रहते हैं, न कि केवल मीटिंग कक्षों तक सीमित रहे।

नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने के बाद गुजरात में किये गये प्रयोग राष्ट्रीय आदर्श बन गये।

स्वच्छता अभियानों के उनके अनुभव ने स्वच्छ भारत मिशन का रूप लिया, जहां उन्होंने प्रतीकात्मकता को सामूहिक कार्रवाई में बदलने के लिए स्वयं झाड़ू उठाई। डिजिटल इंडिया, जन-धन योजना और अन्य पहल शीर्ष से शुरू किये गये कार्यक्रम नहीं थे, बल्कि जमीनी स्तर पर बिताये उनके वर्षों से प्राप्त सीखों पर आधारित जन-आंदोलन थे। इन्होंने जन-भागीदारी के उनके दर्शन को मूर्त रूप दिया, जहां शासन तभी कारगर होता है, जब नागरिक निष्क्रिय प्राप्तकर्ता न बने रह कर, स्वयं भागीदार बनें। मोदी जैसे नेता और जनता के बीच दशकों से विकसित इसी विश्वास ने आज के भारत में नीति को साझेदारी में बदल दिया है।

दशकों से मोदी बैठकों में होने वाली बहसों से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर जीवंत संपर्क की बदौलत लोगों की जरूरतों को समझने और उन्हें पूरा करने के तरीकों को जानने की दुर्लभ सहज प्रवृत्ति प्रदर्शित करते आए हैं। यह प्रवृत्ति कठोर प्रशासनिक अनुभव के साथ मिल कर उनकी राजनीति को परिभाषित करती है। मूलभूत रूप से उनके जीवन और नेतृत्व ने भारतीय राजनीति के केवल अभिजात वर्ग से संबद्ध होने की धारणा को नये सिरे से परिभाषित किया है।

वह योग्यता और परिश्रम का प्रतीक बन चुके हैं तथा वह शासन को जनसाधारण के और करीब ले आये हैं। उनकी राजनीतिक शक्ति सत्ता को जनता से जोड़ने में निहित है। ऐसा करके, उन्होंने भारतीय राजनीति को एक नया रूप दिया है, जो आम नागरिक के संघर्षों और भावनाओं पर आधारित है।

**(लेखक : केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### पूर्व मध्य क्षेत्र बीमा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रदीप मुखर्जी और महासचिव त्रिनाथ डोरा बने




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व मध्य क्षेत्र बीमा कर्मचारी संघ का दो दिवसीय सातवां त्रैवार्षिक सम्मेलन बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रविवार को दो दिवसीय सम्मेलन के समापन में बिहार, झारखंड और ओडिशा से आये करीब 250 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से कॉ प्रदीप मुखर्जी को अध्यक्ष, कॉ त्रिनाथ डोरा को महासचिव और कॉ साधन मिश्रा को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं कॉ सुकान्तो शर्मा को जमशेदपुर मंडल से संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी। अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के महामंत्री कॉ श्रीकांत मिश्रा ने युवाओं से संगठन की मुख्यधारा में जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर अमित माइती, सुभाष कर्ण सहित जमशेदपुर मंडल के कई पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### शिविर में 160 यूनिट रक्त संग्रह




**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर में क्रॉस लिमिटेड कंपनी द्वारा दूसरा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रविवार को शिविर का उद्घाटन कंपनी के निदेशक कुणाल राय ने दीप प्रज्वलन और फीता काटकर किया। इस अवसर पर जीएम (एचआर) रमाकांत गिरी,सचिव देबोलीना, क्वालिटी एश्योरेंस जीएम पवन मेहर, एचआर मैनेजर राजेश प्रधान सहित कई अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। मौके पर कंपनी के जीएम (एचआर) रमाकांत गिरी ने बताया इस बार 160 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। जो कर्मचारियों की सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता को दर्शाता है। शिविर में वीवीडीए की ओर से सुनील मुखर्जी, कमल कुमार और उनकी टीम ने भी सहयोग किया।

### पीएम के संबोधन से स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत को मिली मजबूती : राजेश शुक्ल



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन को भाजपा के वरिष्ठ नेता सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश कुमार शुक्ल ने सराहना की। श्री शुक्ल ने कहा इससे स्वदेशी व आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और अधिक मजबूती मिली है।श्री शुक्ल भाजपा विधि एवं कानून विभाग के प्रदेश संयोजक भी हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी में लाये गये नये स्वरूप से मध्यम वर्ग और नए मध्यम वर्ग को आर्थिक राहत मिलेगी। जो त्योहारों के इस मौसम में एक स्वागतयोग्य कदम है।उन्होंने यह भी कहा आयकर में 12 लाख तक की छूट की घोषणा से आम जनमानस को उम्मीद के अनुरूप राहत मिली है। दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली और छठ जैसे पर्वों के अवसर पर यह निर्णय भारत सरकार की जनकल्याणकारी सोच को दर्शाता है।

### हर घर कॉपी, हर हाथ कलम अभियान के दूसरे चरण में सैकड़ो बच्चों के बीच शैक्षणिक सामग्री का वितरण

**हर घर कॉपी,हर हाथ कलम अभियान स्व.रामदास सोरेन के सपनों को साकार करने की दिशा में एक छोटा लेकिन मजबूत कदम : कुणाल षाड़ंगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री स्व.रामदास सोरेन की स्मृति में शुरू हुई 'हर घर कॉपी, हर हाथ कलम' अभियान का दूसरा चरण बाडीडीह भोजपुर कॉलोनी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रविवार को अभियान में मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सह बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी शामिल हुए। जहां बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, बच्चों और झामुमो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति देखने को मिली। मौके पर मुख्य अतिथि के द्वारा सैकड़ो बच्चों के बीच कॉपियां, कलम और अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। उपस्थित लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा शिक्षा को लेकर की जा रही इस पहल की भूरि-भूरि सराहना की। स्थानीय लोगों ने इसे झारखंड के भविष्य निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम बताया। मौके पर मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सह बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी कहा स्व.रामदास सोरेन का सपना था झारखंड का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। यह अभियान उनके सपनों को साकार करने की दिशा में एक छोटा लेकिन मजबूत कदम है। इसे गांव-गांव,बस्ती-बस्ती तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। संयोजक अंकित सिंह ने भावुक होते हुए कहा स्व. रामदास सोरेन सिर्फ एक जननेता नहीं, बल्कि शिक्षा के सच्चे प्रहरी थे। उन्होंने हमेशा झारखंड के बच्चों का उज्ज्वल भविष्य के लिए सपना देखा। उनका जाना हम सबके लिए व्यक्तिगत क्षति है। लेकिन उनके विचारों को आगे बढ़ाना ही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने बताया यह अभियान शहर से लेकर दूरदराज के गांवों तक ले जाया जायेगा, ताकि शिक्षा एक जन-आंदोलन का रूप ले सके। मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता सागेन पूर्ति, पूर्व नगर अध्यक्ष दलगोविंद लोहरा, झारखंड युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विक्टर सोरेन, अरुण सिंह राजा, विष्णु प्रधान, डी रवि, रोहित लोहरा, प्रहलाद लोहरा, आशीष मिश्रा, प्रीतम हेम्ब्रम, शुभम कुमार, अभय पांडे, राकेश दास,विष्णु नाग सहित कई झामुमो कार्यकर्ता, युवा और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 'हो समाज' की बैठक में सैकड़ों लोगों ने थामा झामुमो का दामन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** घाटशिला प्रखंड के गोपालपुर पंचायत अंतर्गत पांचपांडव मे 'हो समाज' की बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रति एक बार फिर मजबूत जनसमर्थन देखने को मिला। रविवार को बैठक में पूर्व विधायक स्व. रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश चंद्र सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मौके पर स्थानीय महिलाओं ने मुख्य अतिथि सोमेश चंद्र सोरेन का सामाजिक के रीति रिवाज से स्वागत किया। इस अवसर पर जितेन पुर्ती के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रखंड अध्यक्ष दुर्गा चरण मुर्मू की अगुवाई में झामुमो की सदस्यता ली। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं सोमेश सोरेन के समक्ष रखीं। उन्हें जल्द समाधान का आश्वासन मिला। साथ ही ग्रामीणों ने भावुक होकर कहा वे आगामी उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी की जीत के लिए तन-मन-धन से जुटेंगे। ताकि स्व. रामदास सोरेन को सच्ची श्रद्धांजलि दे सके।बैठक में कान्हू सामंत, कालीपद गोराई, काजल डॉन, सोनाराम सोरेन, सुशील मार्डी, रूपेश सोरेन, सौरभ बॉस, प्रकाश निषाद, अंकुर कवाड़ी सहित कई कार्यकर्ता सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में भव्य श्रृंगार और पूजा

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के ईस्ट प्लांट बस्ती स्थित श्री श्री दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में आश्विन अमावस्या के अवसर पर मां काली का भव्य श्रृंगार और विशेष पूजा का आयोजन किया गया। रविवार को अमावस्या के दौरान पूजा में सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच भोग का वितरण किया गया। मंदिर कमिटी अध्यक्ष गलविंदर सिंह ग्वाले ने बताया मंदिर में हर अमावस्या को मां काली की विशेष पूजा की जाती है। खासकर नवरात्र प्रारंभ होने से पूर्व की अमावस्या पर पूजा का धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व होता है। मौके पर छोटू पाल, राजीव कुमार झा, उमाशंकर बेरा, हरिशचंद्र प्रसाद, दुगानंद दुबे सहित कई सदस्यों ने योगदान दिया।

### महालया पर बंग बंधु संस्था ने 'प्रतिमां वंदन' कार्यक्रम का किया आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** महालया के अवसर पर सामाजिक संस्था बंग बंधु के द्वारा टेल्को सबुज कल्याण संघ में 'प्रति मां वंदन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को संस्था के शुभंकर चटर्जी, अपर्णा गुहा, उत्तम गुहा, प्रकाश मुखर्जी, अशोक दत्ता, मिथिलेश घोष, पूरबी घोष, सूर्य मुखर्जी, सेवाव्रती नील संघ के निशित गिरी, श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र सत्संग युवा संघ के राम प्रसाद संतरा और अजय गुप्ता ने संयुक्त रूप से देवी माँ दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर शहर की सुप्रसिद्ध नृत्यांगनाओं ने देवी की गीतों पर सुंदर प्रस्तुतियां दीं। मौके पर देवांजलि राय चौधरी ने बाजलों तोमार आलोर बेनु, अरुणिमा पाठक व अरुणीता मोहंती ने ढाक बाजा, कसार बाजा, इशिका बिस्वास ने साजो साजो देश बुजा तथा अन्वेषा बरुआ ने आइगिरी नंदिनी गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। वही सुमोना ने भक्ति गीत प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान बंग बंधु संस्था के द्वारा वृद्धाश्रम की 30 माताओं को नव वस्त्र, उपयोगी सामग्री एवं मध्यान्ह भोजन प्रदान किया गया। मौके पर प्रणव सरकार, उत्तान मुखर्जी, टुबलु राय चौधरी, प्रणव बड़ाट, रामकृष्ण, बाबूलाल चक्रवर्ती, नवनीता पात्र, शिला बनिक, रूपा सरकार, ओम प्रकाश बनर्जी, रत्ना पात्रा, अंजना दत्ता, सौरभ चटर्जी, शुभ्रता बरुआ, रंजना डे, जयति चटर्जी, सरबानी नंदी, सुभाष सिंहराय,अंजना चंदों,बुलबुल घोष,सुरभि घोष, अशोका दत्ता सहित सैकड़ो सदस्य शामिल रहे।

### जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता: मंगल कालिंदी



**जुगसलाई (आजाद सिपाही)।** झामुमो जुगसलाई नगर परिषद कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक नसीम मैरिज हॉल में आयोजित की गयी। रविवार को बैठक में मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, विशिष्ट अतिथि हिदायतुल्लाह खान ने शिरकत की। मौके पर झामुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा अतिथियों को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। बैठक में जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। कार्यकताओं ने क्षेत्र में तीव्र गति से हो रहे कार्यों को लेकर विधायक मंगल कालिंदी का अभिनंदन व सम्मान किया। विधायक ने कहा क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। श्री कालिंदी ने कहा राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क,बिजली,पानी सहित क्षेत्रों में अन्य व्यापक विकास कार्य तेजी से हो रही हैं। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की वे सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि आम लोग अधिक से अधिक लाभ उठा सकें।इस अवसर पर झामुमो के वरिष्ठ नेता लालतू महतो, नगर परिषद अध्यक्ष मो. जमील, नौसाद आलम, मो समद, मुस्तफा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## एसडीएम और एसडीपीओ ने बरडीहा क्षेत्र का किया संयुक्त भ्रमण

# त्योहारों में उदंडता करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : एसडीएम

- थाना स्तर के विधि व्यवस्था मामलों की समीक्षा की, दिया कई निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों से रू-बरू होते एसडीएम एवं एसडीपीओ।

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार ने रविवार को मझिआंव एवं बरडीहा क्षेत्र का संयुक्त भ्रमण किया। दुर्गापूजा एवं अन्य त्योहारों के मद्देनजर विधि व्यवस्था से जुड़े मामलों की स्थानीय पदाधिकारियों से जानकारी लेते हुए पिछले वर्ष के मामलों को लेकर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। बरडीहा थाना परिसर में बैठक कर विधि व्यवस्था से जुड़े संभावित विषयों पर चर्चा की। इसमें एसडीएम और एसडीपीओ के अलावा सीओ राकेश सहाय, पुलिस निरीक्षक बृज कुमार और थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार के अलावा प्रखंड और पंचायत स्तर के स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस दौरान अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से भी विधि व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर चर्चा की एवं उनकी राय ली। साथ ही शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार ने स्थानीय पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने वाले या सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को प्रथम चरण में ही सख्ती से निपटते हुए कार्रवाई करें। कहा कि सभी प्रखंड, अंचल और थाना के अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर अपने-अपने स्तर पर पूरी सजगता से कर्तव्य का निर्वहन करें। किसी भी अवांछित, अप्रत्याशित या अपरिहार्य स्थिति में अविलंब वरीय पदाधिकारियों को सूचित करेंगे। एसडीएम में बरडीहा वासियों को दुर्गापूजा, दशहरा एवं अन्य पर्वों की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

# स्कूली क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए व्यापक योजना पर चल रहा काम : राघवेंद्र नारायण सिंह

गढ़वा जिला क्रिकेट संघ की पहली वार्षिक आमसभा का आयोजन

- युवाओं के भविष्य को संवारने को लेकर लिए गये कई महत्वपूर्ण निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देश पर गढ़वा जिला क्रिकेट संघ की वार्षिक आमसभा की पहली बैठक रविवार को चिनिया रोड स्थित होटल पद्मावती में हुई। जिसकी अध्यक्षता गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष एवं अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का अभिवादन करते हुए बैठक के महत्व और एजेंडे पर प्रकाश डाला। इस दौरान नये सदस्यों का स्वागत करने के साथ ही उन्हें नयी जिम्मेदारियां भी सौंपी गयी। इससे पहले बैठक की शुरूआत नव-नियुक्त सदस्यों के परिचय से हुई। इस अवसर पर चंदन कश्यप एवं धर्मेन्द्र कुमार को सर्वसम्मति से जिला क्रिकेट संघ का प्रवक्ता नियुक्त किया गया।

### गढ़वा प्रीमियर लीग का आयोजन

एजेंडा क्रमांक दो के तहत इस वित्तीय वर्ष में गढ़वा प्रीमियर लीग का आयोजन कराने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष डॉ पंकज प्रभात ने इसकी रूपरेखा पेश करते हुए कहा कि चाहे जैसे भी हो, इस वर्ष गढ़वा प्रीमियर लीग का आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा।

### स्कूली खिलाड़ियों के लिए ऐतिहासिक पहल

जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह ने स्कूली क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक योजना पेश की। उन्होंने घोषणा की कि आने वाले समय में गढ़वा जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के लिए अंडर-14, अंडर-15 एवं अंडर-19 आयु वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगीं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्कूली खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के मार्गदर्शन में आयोजित की जाएगी, जिसमें भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को आधिकारिक प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान डॉ शमशेर सिंह एवं रवि दुबे सहित कई सदस्यों ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए सुझाव दिया कि अनुमंडल स्तर पर बालक एवं बालिका अंतर-विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिताएं भी कराई जानी चाहिए। वहीं, प्रतियोगिताओं को पारदर्शी एवं सफल बनाने के लिए आयोजन समिति, खेल पारदर्शिता समिति, तकनीकी समिति एवं प्रायोजन समिति के गठन का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि गढ़वा जिला क्रिकेट संघ का स्थायी मैदान चिन्हित करने के लिए जिला प्रशासन से शीघ्र लिखित अनुरोध किया जाएगा। इस कार्य के लिए अध्यक्ष, सचिव एवं उपाध्यक्ष को अधिकृत किया गया। इस मौके पर सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, डॉ पंकज प्रभात, रेखा चौबे, अधिवक्ता रवि दुबे, गौरव सिंह, राजा सिंह, डॉ समशेर सिंह, चंद्र बहादुर सिंह, सत्येंद्र प्रसाद यादव, धर्मेंद्र पाल, अजय कांत, विकास पांडे, राजेश पांडे और रवि सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### ऑक्सफोर्ड स्कूल में 23 को ग्रांड डांडिया गरबा नाइट का आयोजन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में 23 सितंबर को ग्रांड डांडिया गरबा नाइट का आयोजन होने जा रहा है। इसकी जानकारी निदेशक अनूप सोनी ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बूढ़े-बच्चे-महिलाएं आदि आकर इसका आनंद ले सकेंगे। इस कार्यक्रम में कई तरह के मनमोहक नृत्य, गान और वंदना आदि का आयोजन होगा। कार्यक्रम में आम लोगों का आगमन भी स्वीकार्य है। इसमें पश्चिम बंगाल से कलाकार गुरु अमृता दास एंड ट्रूप आ रहा है। लोगों के लिए पास की व्यवस्था की गयी है। बताया गया कि विद्यालय की ओर से इस प्रकार का आयोजन पहली बार हो रहा है।

## परीक्षा में शामिल हुए 992 नवसाक्षर, 72 और 64 साल के बुजुर्ग बने चर्चा का विषय



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से रविवार को भवनाथपुर प्रखंड के सभी नव पंचायतों में नवसाक्षरों के लिए बुनियादी सह आंकलन जांच परीक्षा आयोजित की गई। इसके सफल आयोजन को लेकर प्रखंड समन्वयक सह केआरपी अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि इस परीक्षा में कुल 942 नवसाक्षर शमिल हुए। जिसमें 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिला और पुरुष शामिल थे। परीक्षा का उद्देश्य नवसाक्षरों की शिक्षा स्तर का आंकलन करना और उनके ज्ञान को और सुदृढ़ करना है। पंचायत स्तर पर एक विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। प्रत्येक केंद्र का संचालन संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक केंद्राधीक्षक के रूप में थे। वहीं, परीक्षा के सफल संचालन के लिए प्रत्येक केंद्र पर दो पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये थे। परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी केंद्राधीक्षकों, पर्यवेक्षकों और संबंधित कर्मियों जेएसएलपीएस की बहनों एवं साक्षरता के कर्मी वीटी, सीआरपी, जनप्रतिनिधि ने सहयोग किया। परीक्षा में बिरसानगर मकरी बरबारी के विंध्याचल यादव (72), रामेश्वर यादव (64) भी शामिल हुए। बताते चलें कि प्रखंड में कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गये थे। सभी केंद्र मिलकर परीक्षा में कुल 992 नव साक्षर शामिल हुए। परीक्षा का संचालन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह सचिव विजय पांडेय, बीपीओ रविंद्र कुमार मेहता, सभी सीआरपी एवं प्रखंड समन्वयक केआरपी अरविंद कुमार तिवारी ने किया।

### कांडी प्रखंड मुख्यालय में वाहन स्टैंड और शौचालय का अभाव

**कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में बुनियादी सुविधाओं के अभाव से लोग परेशान हैं। यहां वाहनों को खड़ा करने के लिए किसी भी प्रकार के वाहन स्टैंड की व्यवस्था नहीं है। जिस कारण सड़कों पर ही हजारों गाड़ियां खड़ी रहती हैं। इससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है, वहीं यात्रियों के आवागमन में भी भारी दिक्कतें आती हैं। बताते चलें कि कांडी प्रखंड मुख्यालय आसपास के लगभग 20 गांवों का प्रमुख बाजार है। यहां थाना, बैंक और ब्लॉक से संबंधित कार्यों के अलावा दैनिक जरूरत की वस्तुएं खरीदने के लिए प्रतिदिन हजारों लोग पहुंचते हैं। यही नहीं, झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाले यात्री भी कांडी होकर ही गुजरते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दौरान स्थिति और भी भयावह हो जाती है। बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोग अपनी गाड़ियां सड़क किनारे खड़ी कर देते हैं, जिससे आवागमन लगभग ठप हो जाता है। सबसे बड़ी चिंता है कि इतनी भीड़ और यात्रियों की आवाजाही के बावजूद प्रखंड मुख्यालय में न तो वाहन स्टैंड ना ही शौचालय की सुविधा है।**

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गढ़वा के खिलाड़ी करेंगे हुनर का प्रदर्शन, पंजीयन 23 से शुरू

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखंड एवं एसजीएफआई के तहत होने वाले राज्य स्तरीय खेलो को लेकर 23 एवं 24 सितंबर को खूली चयन प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का पंजीयन किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने दो दिवसीय पंजीयन कार्यक्रम का आयोजन किया है। पंजीयन पुराना समाहरणालय परिसर के सर्वशिक्षा अभियान कार्यशाला में आयोजित होगी। इसकी जानकारी देते हुए अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी कुलदीपक अग्रवाल ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसमें वॉलीबॉल (अंडर-14), बास्केटबॉल (अंडर-14, 17, 19), योगा (अंडर-14, 17, 19), भारोत्तोलन (अंडर-17, 19), कबड्डी (अंडर-14, 17, 19), गदका (अंडर-17, 19), निशानेबाजी, बैडमिंटन (अंडर-14, 17, 19) और एथलेटिक्स (अंडर-14, 17, 19) जैसे खेल शामिल हैं। इसके लिए झारखंड समग्र शिक्षा अभियान के परियोजना सहायक रविंद्र कुमार चौबे को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। जिनसे प्रतियोगिता के संदर्भ में किसी भी तरह की जानकारी के लिए अभ्यर्थी संपर्क कर सकते हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना और प्रतिभाओं को आगे लाना है।

### करंट लगने से दो घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** दो अलग-अलग जगहों पर करंट लगने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजनों ने उन्हें भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक शैलेंद्र कुमार और प्रिंस कुमार ने उपचार किया गया। पहली घटना झगराखांड में हुई जहां गीता देवी पारस गांव के ही नाथ ठाकुर घर के आंगन में घास की सफाई कर रही थी। आंगन में बिजली का तार टूट कर गिरा था, जिसकी चपेट में आकर घायल हो गयी। वहीं, दूसरी घटना खरौंधी थाना क्षेत्र के सुंडी गांव में हुई। जहां रामप्रीत राम (60) नामक वृद्ध धान पटाने के लिए नंगे पांव बिजली के पोल पर चढ़ रहे थे। पर लकड़ी गीली होने के कारण उसमें करंट आ गया, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गये।

## स्कूली बच्चों के बीच अंगदान विषय पर सेमिनार का आयोजन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायंट्स सेवा सप्ताह के छठे दिन स्कूली बच्चों के बीच अंगदान पर सेमिनार, पेंटिंग एवं लेख प्रतियोगिता का आयोजन संस्था के अध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में हुआ। पेंटिंग एवं लेखन प्रतियोगिता में अच्छे पेंटिंग-लेखन के लिए, प्रथम, द्वितीय तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापूरी ने अंगदान के महत्व को विस्तार से बताया। कहा कि मरने के बाद शरीर को जलाया या दफनाया जाता है। अगर मरने के बाद शरीर के अंग दान कर दिये जाए तो मेडिकल स्टूडेंट को कई तरह के लाभ मिलेंगें। इसके अलावे किडनी, लिवर, आंख लंग्स आदि की बीमारी से ग्रसित होंगें उन्हें मरणोपरांत अंग दान कर नया जीवन दे सकते हैं। इसलिए अंगदान का बढ़ावा देने के लिए हम जागरूकता अभियान चला रहे हैं। वहीं, पूर्व अध्यक्ष सह पूर्व फेड पदाधिकारी मनोज केशरी ने कहा कि रक्तदान भी दान दिया जाता है। कमेटी के सदस्य विजय केशरी ने कहा कि रक्तदान के लिए अधिक से अधिक जागरूकता बढ़ाने की आवश्कता है। क्योंकि इससे किसी का जीवन बचाया जा सकता है। पूर्व फेड अध्यक्ष मदन केशरी ने कहा कि आंख की कॉर्निया दान करने से बहुत लोगों की जिंदगी में रौशनी ला सकते हैं। देश में करोड़ों लोग हैं जो कॉर्निया के बिना अंधापन की जिंदगी जी रहे हैं। उन्हें हम मरणोपरांत आंख दान कर देश से अंधापन मिटाने में सहयोग दे सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष कमलेश गुप्ता एवं अशोक विश्वकर्मा ने भी अपने विचार रखे। मौके पर अशोक केशरी, रवींद्र केशरी, मनोज केशरी, उपाध्यक्ष चंद्र भूषण सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत प्रबुद्ध व्यक्ति सम्मेलन का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यालय में रविवार को प्रबुद्ध व्यक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के कई प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने किया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान प्रबुद्ध लोगों को सम्मानित भी किया गया। वहीं, अपने संबोधन में कार्यक्रम प्रभारी श्याम नारायण दुबे ने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू हुआ है। प्रधानमंत्री का जीवन जनसेवा का केंद्र रहा है। वह दूसरों के उत्थान के लिए काम करते हुए आगे बढ़े हैं। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सेवा भावना से साल भर काम करते हैं। भाजपा दुनिया का पहला संगठन है जो राष्ट्र हित में काम करता है। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन विधायक प्रतिनिधि टिंकु गुप्ता ने किया। इस मौके पर पूर्व सांसद घुरन राम, विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, भाजपा नेता वीरेंद्र दुबे, ओमप्रकाश तिवारी, संजय ठाकुर, राजकुमार मधेशिया, विनय चौबे, डॉ पतंजलि केशरी, ओंकार तिवारी, अजय तिवारी, बिनोद जायसवाल, रुपू महतो, अनसाद बाबू, नसरुद्दीन अंसारी और ब्रजेश उपाध्याय आदि थे।

### मिलजुल कर मनायें दुर्गापूजा का त्योहार : एसडीओ

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** दुर्गापूजा को लेकर श्री बंशीधर नगर थाना में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई. जिसमें उपस्थित प्रबुद्धजनों एवं पूजा समिति के लोगों ने बारी-बारी से जानकारी दी एवं अपनी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष साझा किया। वहीं, पूजा समिति के लोगों को प्रशासन ने हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने कहा कि दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक उत्सव है, बल्कि यह समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक भी है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की। कहा कि दुर्गापूजा के अवसर पर किसी तरह का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने वाली कमेटी अश्लीलत गानों पर विशेष ध्यान रखें अन्यथा प्रशासन कड़ी कानूनी कार्रवाई करेगी। एसडीओ ने कहा कि पूजा के दौरान सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों पर विशेष नजर रहेगी। लोगों को सतर्कता बरतने की जरूरत है, अफवाह फैलाने वाले की सूचना प्रशासन को तत्काल हैं।

## हर्षोल्लास से मना मिशन मध्य विद्यालय का 46वां वार्षिकोत्सव


# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज और देश की प्रगति की नींव है : दिलीप तिर्की

आजाद सिपाही संबाददाता




**भंडरिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मिशन मध्य विद्यालय का 46वां वार्षिकोत्सव रविवार को विद्यालय प्रांगण में हर्षोल्लाास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड सरकार के खाद्य आपूर्ति निदेशक दिलीप तिर्की, उनकी पत्नी एवं भंडरिया की उप प्रमुख श्रद्धा देवी, क्रिस्टफर तिर्की और पुरोहित अलेक्सियुस गुड़िया ने संयुक्त रूप से किया। समारोह के आरंभ में छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं, प्रधानाध्यापक जेम्स कुजूर ने वार्षिकोत्सव अवसर पर विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पेश की। उन्होंने शिक्षा, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं सामाजिक योगदान की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिलीप तिर्की ने अपने संबोधन में विद्यालय के निरंतर विकास और छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज और देश की प्रगति की नींव है। उन्होंने बच्चों को मेहनत और लगन से पढ़ाई कर जीवन में सफलता अर्जित करने का संदेश दिया। वहीं, पादरी अलेक्सियुस गुड़िया ने विद्यालय, शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं की सफलता के लिए प्रभु यीशु से प्रार्थना की। जबकि विशिष्ट अतिथि एवं भंडरिया उप प्रमुख श्रद्धा देवी ने कहा कि मिशन मध्य विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। उन्होंने विद्यालय परिवार को वार्षिकोत्सव की बधाई दी और विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान छात्राओं ने नृत्य, संगीत और नाटक जैसी विविधतापूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनकी दर्शकों ने जमकर सराहना की। इससे पूर्व वार्षिकोत्सव की पूर्व संध्या पर विद्यालय परिसर में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसका उद्घाटन भंडरिया थाना प्रभारी सुभाष कुमार पासवान ने किया था। समारोह में खेल कुद प्रतियोगिता में प्रथम, दूसरे और तीसरा स्थान लाने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन तिमुथियुस कुजूर और जेम्स ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर केश्वर केरकेट्टा, अतित मधुर तिर्की, लॉरेंस कुजूर, लक्ष्मण उरांव, विनीत तिग्गा, रॉबिंसन कच्छप, पूनम, संगीता कुजूर, कांति मिंज, श्रवन ठाकुर, रसना कच्छप, नमिता कच्छप आदि मौजूद रहे।

### आरके पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक संवाद का आयोजन, परीक्षा परिणाम जारी



**मझिआंवा (आजाद सिपाही)।** उंचरी के आरके पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक मिलन के साथ ही अर्धवार्षिक परीक्षा 2025 के परिणामों की घोषणा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावकों एवं संरक्षकों ने विद्यालय में उपस्थित होकर अपने बच्चों की उत्तर पुस्तिकाएं देखीं और प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की। प्रधानाचार्य केआर झा ने हाल ही में संपन्न गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही आगामी महीनों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और उन्हें विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया। वहीं, विद्यालय के निदेशक, प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं लोकप्रिय समाजसेवी अलख नाथ पांडेय ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बच्चों की संगति पर ध्यान देने, पोषक आहार देने, आत्म-अध्ययन को बढ़ावा देने, बाइक चलाने से रोकने, मोबाइल के सीमित उपयोग की निगरानी करने एवं उन्हें प्रतिदिन खेल मैदान में भेजने की सलाह दी, ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। निदेशक ने यह भी बताया कि जल्द ही विद्यालय में सभी अत्याधुनिक सुविधाओं और उपकरणों से युक्त एक प्ले स्कूल का उद्घाटन किया जाएगा। नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश पंजीकरण अक्टूबर से प्रारंभ होगा। उधर, अभिभावकों ने अपने बच्चों की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर संतोष एवं प्रसन्नता व्यक्त की।

### अवधूत भगवान राम आश्रम की धूमधाम से मना स्थापना दिवस

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** अवधूत भगवान राम आश्रम का 65वां स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह भवनाथपुर स्थित अवधूत भगवान राम आश्रम से प्रभात फेरी निकाली गई। जो आश्रम से शुरू हुआ जो भवनाथपुर बस्ती से टाउनशिप चौक, बाजार होते हुए पुनः आश्रम पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान आश्रम के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा आश्रम परिसर की साफ-सफाई के बाद विधिवत पूजा अर्चना की गयी। इसके बाद उपाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह एवं मंत्री अनिरुद्ध राम उर्फ बुचूल राम ने संयुक्त रूप से आश्रम परिसर में ध्वजरोहण किया। साथ ही लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर आश्रम के सुनील सिंह, पपन सिंह,अरुण चौधरी, सत्येंद्र सिंह, बसंत चंद्रवंशी, प्रमोद बैठा, रविकांत सिंह, जवाहिर सिंह, चंद्रधन गुप्ता, गया बैठा, उपेंद्र सिंह, आनंद यादव आदि उपस्थित थे।

### तस्करी को ले जा रहे सखुआ के 30 चौखट सहित वाहन जब्त

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया वन विभाग के वनकर्मियों की टीम ने शुक्रवार की देर रात भंडरिया वन क्षेत्र के बैरिया से बोलेरों वाहन से तस्करी के लिए ले जा रहे सखुआ के 30पीस चौखट सहित वाहन को जब्त कर लिया। वनपाल कमलेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार की रात वन कर्मियों की एक टीम गश्ती के लिए निकली थी। इसी दौरान इंदिरा गांधी चौक से एक बोलेरो वाहन पर सखुआ का चौखट ले जाते देखा गया। हम वनकर्मियों ने उक्त वाहन को रोकने का प्रयास किया तो चालक वाहन लेकर भागने लगा। इस पर करीब लगभग 10 किलोमीटर तक पीछा किया गया। हालांकि वाहन चालक बैरिया गांव मे वाहन छोडकर फरार हो गया। जिस९क बाद वाहन सहित लकड़ी को जब्त कर भंडरिया वनविभाग लाया गया। पता चला है कि उक्त वाहन बडगड थाना क्षेत्र के मदगडीच गांव निवासी असलम अंसारी की है। जबकि लकड़ी की कीमत एक लाख रुपये बतायी जा रही है। वहीं, छापामारी टीम में वनरक्षी उपेंद्र कुमार, शुभम दुबे, तुषार कुमार, रोशन कुमार और अंकित शामिल थे।

### सांसद खेल महोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** परिषदन भवन में पलामू सांसद विष्णु दयाल के निर्देश पर गढ़वा जिला खेल संघ के पदाधिकारी के साथ सांसद खेल महोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक हुई। जिसमें जिले के सभी क्षेत्र के खिलाड़ियों को एक बेहतर मंच उपलब्ध कराकर उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिये जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पलामू के सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, गढ़वा जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे, मेदिनीनगर से चलकर आए हुए खेल संघ के पदाधिकारी सनत चटर्जी, प्रसनजीत बनर्जी, सुमित बरमन, गढ़वा जिला खेल संघ के रामाशंकर सिंह, सत्येंद्र यादव, जेम्स बाड़ा आदि उपस्थित रहे।

# हाथी ने कुड़ू में वृद्ध को कुचलकर मारा

आजाद सिपाही संवाददाता


मृतक सीताराम उरांव के परिजन

**कुड़ू / लोहरदगा।** प्रखंड के तान गांव में शनिवार की शाम लगभग आठ बजे हाथियों के झुंड ने जमकर तांडव मचाया। ग्रामीणों के अनुसार 18 हाथियों का झुंड राहे और तान पहाड़ से उतरकर गांव में घुस गया। इस दौरान 60 वर्षीय सीताराम उरांव पिता स्व. लाले उरांव अपने नये घर में थे। हाथियों ने पहले मगरा उरांव का घर तोड़ा और उसके बाद सीताराम उरांव के घर में घुस गये और सीताराम को सूंड़ में लपेटकर करीब 100 मीटर दूर ले जाकर बुरी तरह कुचल डाला। हमले में उनकी दर्दनाक मौत हो गयी। हाथियों ने इतना बुरी तरह रौंदा कि उनका शरीर क्षत-विक्षत हो गया। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि परिजन शव को खचली (टोकरी) में डालकर गांव लाये। इस हृदय विदारक घटना से पूरा क्षेत्र सदमे में है। वहीं गांव के अमर भगत और बिलतु भगत ने छत पर चढ़कर किसी तरह अपनी जान बचायी। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी हाथियों के झुंड ने गांव में कहर बरपाया था। पिछले दो दिनों में बुधन महली, मंटू उरांव, सारू उरांव, चोरों उरांव और भीखाराम उरांव सहित कई लोगों के घरों को हाथियों ने तोड़ डाला है। हाथियों के लगातार हमलों से ग्रामीण दहशत में हैं।

# मैराथन में पहले दस विजेताओं को डीसी ने किया सम्मानित

**स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी सामूहिक प्रयास से लोहरदगा जिला को बनाना है अव्वल : डीसी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** स्वच्छता ही सेवा-2025 अंतर्गत रविवार को भंडरा प्रखंड के पझरी पहाड़ से बीएस कॉलेज स्टेडियम लोहरदगा तक दौड़ का आयोजन जिला जल एवं स्वच्छता समिति, लोहरदगा द्वारा आयोजित किया गया। बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम में दौड़ के समापन पर उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि आज स्वच्छता के लिए, हम सभी को आगे आना चाहिए। सामूहिक प्रयास से ही हम स्वच्छता को कायम रख सकते हैं। इसके लिए हम में से प्रत्येक को सप्ताह में अपने घर व आसपास की सफाई के लिए दो घंटे या वर्ष में सौ घंटे समय देना होगा। अगर हम सभी इस दिशा में प्रयास करेंगे तो निःसंदेह लोहरदगा जिला देश के सबसे साफ-सुथरे जिलों में एक होगा। हमें लोहरदगा जिला को देश के सबसे साफ-सुथरे अव्वल जिलों में शामिल कराना है। उपायुक्त ने मैराथन में प्रथम दस स्थानों में रहने वाले विजेता प्रतिभागियों को मेडल, कप और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व दौड़ की शुरूआत में भंडरा प्रखंड के पझरी पहाड़ के पास से की गयी। मुख्य पथ में पदाधिकारियों ने झाड़ू लगा कर स्वच्छता का संदेश दिया।

उपायुक्त ने कार्यक्रम में कहा कि आज आप सभी ने मिलकर स्वच्छता का जो दीपक जलाया है, वह जलते रहना चाहिए। इस दौड़ का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता की भावना को जगाना है। हमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करना है। हमे अपने मन की स्वच्छता के उपर में भी काम करना चाहिए। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि अगर हम सभी अपने घर की भांति अपने घर के आसपास भी साफ-सफाई रखें तो कई प्रकार को बीमारियों को दूर भगाया जा सकता है। हमें हर दिन अपने घर के आसपास की जगह को साफ-सुथरा रखना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजन में अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, पीएचईडी कार्यपालक अभियंता अनुप हांसदा, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, थाना प्रभारी भंडरा, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक परवेज आलम आदि का प्रमुख योगदान रहा।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने का आरोपी पश्चिम बंगाल के पूर्वी वर्धमान से गिरफ्तार

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह पुलिस के द्वारा नौकरी के नाम पर ठगी करने के आरोपी रंजीत टुडू को जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल के पूर्वी वर्धमान जिले से गिरफ्तार किया गया। मामले को लेकर मिली जानकारी के अनुसार रंजीत टुडू बरवाडीह में कैपीटीएल कंपनी के कर्मी के रूप में काम करता था और बरवाडीह में ही किराए के मकान में रहता था। इस दौरान उसने कई स्थानीय युवको से दोस्ती की और उन्हें रेलवे में नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया जहां इस दौरान उसके द्वारा पैरा निवासी अजय कुमार सिंह के साथ कई दोस्तों से नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी कर फरार हो गया। ठगी का शिकार हुए युवकों के द्वारा 26 सितंबर 2024 को बरवाडीह थाना में मामला दर्ज कराया गया जिसके बाद पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू की। घटना के बाद लगातार पुलिस कप्तान के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर कई बार छापेमारी अभियान उसके पैतृक घर पूर्वी वर्धमान जिले में चलाया गया इसके बाद 18 सितंबर को उसकी गिरफ्तारी उसके पैतृक घर से करते हुए उसे न्यायालय में पेश करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी अनूप कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस कप्तान के निर्देश पर लगातार हमारे पुलिस टीम काम कर रही थी। जहां सब इंस्पेक्टर श्याम नारायण ओझा के साथ पुलिस टीम के द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह थाना कांड संख्या 89/19 में फरार चल रहे अभियुक्त संजय बैठा के खिलाफ पुलिस ने इश्तिहार चिपकाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई पुलिस कप्तान के निर्देश पर सब इंस्पेक्टर अनुराग कुमार के नेतृत्व में की गयी। जानकारी के अनुसार रांची जिला के रातू थाना अंतर्गत आमटाड़ स्थित संजय बैठा के घर पर रांची पुलिस की मदद से इश्तिहार चिपकाया गया। इसके अलावा संबंधित पंचायत सचिवालय और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी इश्तिहार लगाये गये। थाना प्रभारी ने बताया कि वर्ष 2019 में प्रतिबंधित वन क्षेत्र में प्रवेश कर वन्य जीव का शिकार करने के मामले में आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इनमें से अधिकांश की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है, लेकिन संजय बैठा अब तक फरार है। न्यायालय से इश्तिहार जारी होने के बाद नियमानुसार यह कार्रवाई की गयी है। पुलिस ने बताया कि आगामी दिनों में न्यायालय से कुर्की का आदेश प्राप्त होते ही कुर्की-जब्ती की कार्रवाई भी की जायेगी।

# वोट चोरी बर्दाश्त नहीं, संविधान पर आघात नहीं : सुखैर भगत

**वोट चोरी देश की आत्मा पर चोट है, लोकतंत्र बचाना प्रत्येक नागरिक का ज़िम्मेदारी है : नेसार अहमद**

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष सुखैर भगत के नेतृत्व में एवं प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत की अध्यक्षता में रविवार को भंडरा प्रखंड के अकाशी पंचायत में रेलवे स्टेशन के समीप वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान में भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, ग्रामीण और बुद्धिजीवी शामिल होकर लोकतंत्र बचाने का शंखनाद किया। जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने अपने सम्बोधन कहा कि वोट चोरी बर्दाश्त नहीं झ संविधान पर आघात नहीं ह्र भाजपा और चुनाव आयोग ने लोकतंत्र बेचने की कोशिश की है, हम इसे बचाने निकले हैं। कांग्रेस का संकल्प झ लोकतंत्र की रक्षा और वोट चोरों का पदार्फाश। आज भारत का हर नागरिक पूछता है कि चुनाव आयोग और बीजेपी दोनों मिलकर संवैधानिक अधिकार वोट का चोरी क्यों कर रहा है, चुनाव आयोग जवाब दे। प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने अपने बयान कहा कि - वोट चोरी देश की आत्मा पर चोट है। लोकतंत्र बचाना हर नागरिक की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत को जनता माफ नहीं करेगी। मौके पर सोशल मीडिया प्रभारी प्रकाश उरांव, जिला महासचिव संतोषी उरांव, प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष डोमना उरांव, प्रखंड उपप्रमुख राजमुनी उरांव, मंडल अध्यक्ष हामीद अंसारी, महताब आलम (कैरो), निरंजन उरांव, पंचायत अध्यक्ष चन्दर उरांव, तबरेज अंसारी, मुबारक अंसारी, बिरसा उरांव, कालेश्वर उराँव, इम्तियाज अंसारी, जमील अंसारी, प्रर्मिला उरांव, ललिता उरांव, वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# नाबालिग से छेड़खानी और परिजनों से मारपीट के मामले में तीन गिरफ्तार

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ छेड़खानी तथा उसके परिजनों के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। प्राथमिकी में आरोपियों के खिलाफ धारा 74/76/117(2)/126(2)/109 (1)/3(5) बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की धारा-8 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्परता दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई की और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में अमोद राम, प्रमोद राम और सकेन्द्र भुइयां सभी आरोपी ग्राम चपरी, थाना बरवाडीह, जिला लातेहार के रहने वाले हैं। पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपियों ने नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी की और विरोध करने पर उसके परिजनों के साथ गंभीर रूप से मारपीट की। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सीओ ने देवी मंडप मार्ग से अतिक्रमण हटाने का दिया निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका/ लातेहार।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड के समीप देवी मंडप जाने वाली मार्ग पर अतिक्रमण की सूचना मिलने के बाद अंचाधिकारी अमन कुमार ने अतिक्रमण स्थल पहुंचकर एक दिन के अंदर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवी मंडप जाने वाली मार्ग पर सड़क के दोनों ओर अवैध तरीके से सड़क को अतिक्रमण किया गया था एवं कुछ लोंगो के द्वारा घर के बहार ईट बालू झरी एवं घर के दूषित पानी व गंदे नाली का पानी का बहाव सड़क पर ही किया जाता था। जिससे सड़क खराब और आवागमन प्रभावित हो रही थी। इस मार्ग से पूरे मनिका प्रखण्ड के लोग दुर्गा पूजा, छठ पूजा, रामनवमी जूलूस और मटकोड़वा में आने जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। इसी मामले को लेकर ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी अमन कुमार को आवेदन देकर अतिक्रमण हटाने का मांग किया था। आवेदन मिलने के बाद अंचलाधिकारी अमन कुमार अतिक्रमण स्थल पहुंचकर अतिक्रमण किए लोगों को एक दिन के अंदर हटाने का निर्देश दिया।

# हेसवे में 40 फिट ऊंचा बनेगा रावण का पुतला



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत हेसवे ग्राम में विजयादशमी के दिन दसहरा मेला सह रावण दहन कार्यक्रम आयोजित करने के लिये रामजीत यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर कमिटी का गठन किया गया। कमिटी गठित कर सर्वसम्मति से हेसवे ग्राम निवासी पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह को मुख्य संरक्षक तथा रामजीत यादव को सह संरक्षक बनाया गया है। वही अध्यक्ष तेवरी उरांव, उपाध्यक्ष रोहित दास, सचिव सोनू दास गोस्वामी और जयप्रकाश दास गोस्वामी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। रामजीत यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विजयादशमी के दिन हेसवे में दसहरा मेला का आयोजन किया जायेगा जिसमे भव्य रूप से 40 फिट उंचा रावण का पुतला दहन किया जायेगा। जो मेला में आकर्षण का केंद्र होगा। साथ ही बताया कि मेला सह रावण दहन कार्यक्रम आयोजित करने में बाहर से आये लोग उपद्रव कर शांति भंग करने के उद्देश्य से किसी तरह का सरारत न करें जिसके लिये गांव के युवाओं को वोलेंटियर बनाया गया है। विधि व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करेंगे। मौके पर बैठक में अर्जुन मिस्त्री, बेनी खेरवार, महादेव महतो, राहुल गोस्वामी, मुकेश उरांव, विश्वनाथ मिस्त्री,राजेश मुंडा, नारायण लोहरा, गोपाल मिस्त्री समेत अन्य ग्रामीण युवक मौजूद थे।

# ननबैंकिंग कंपनी में जमा पैसे की जल्द भुगतान की मांग को लेकर 26 को प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच लोहरदगा के तत्वाधान में जिला स्तरीय बैठक समाहरणालय मैदान के पास मनोज उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ननबैंकिंग में जमा पैसे भुगतान के प्रति चिंतित नहीं है। यही कारण है कि सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश, विश्वामित्र, इत्यादि दर्जनों-दर्जन कंपनियों में लोगों के मेहनत के जमा पैसे की भुगतान नहीं हो पा रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। श्री सिंह ने यह भी कहा कि झारखंड में सभी कंपनियां में जमाकर्ताओं की सूची तैयार कर भुगतान करना सरकार सुनिश्चित करे नहीं तो आंदोलन शुरू करने को हम मजबूर होंगे। श्री सिंह ने 26 सितंबर 2025 को दिन के 11 बजे से समाहरणालय मैदान से शुरू होनेवाली जुलूस प्रदर्शन में सैकड़ो की संख्या में भाग लेने की भी अपील की है। बैठक में महिला मंडल के सदस्यों ने महिला सुरक्षा, रोजगार, अनुदान, महिला मंडल को दिया गया सभी तरह का लोन माफी, पूंजी देने तथा नशाखोरी रोकने जैसी मांगों को भी उठाई तथा लोहरदगा जिले में पार्टी को हर स्तर पर विस्तार करने और 26 सितंबर 2025 को जिले भर से भारी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में सोमा टाना भगत, शिवप्रसाद साहू, आदित्य सिंह, सुभाष उरांव, गंगेश्वर भगत, सोमे उरांव, सोमनाथ उरांव, मधेश्वरी साहू, प्रदीप लकड़ा, कमला देवी, सुषमा देवी, सविता उरांव, भीमसरिया उरांव, समीना खातून, अफसाना बीवी, रामा देवी, दुलेश्वरी देवी, सुगंधा देवी के अलावे काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# सत्य प्रकाश की कामयाबी पर मोईन अंसारी ने बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** रिटायर्ड आर्मी लोहरदगा जैसे छोटे जिले में दंत चिकित्सक डॉ टी साहू और माता सरिता देवी के उभरता हुआ सितारा लोहरदगा की पहचान मुम्बई फिल्म नगरी में अपनी काबिलियत का लोहा मनवाने वाले स्टार सत्य प्रकाश बालीवुड किंग शाहरूख खान, बॉबी देओल, इमरान हाशमी समेत अन्य कई हस्तियों से एक से बढ़कर एक फिल्म बड़े पर्दे पर लाकर लोहरदगा जिला की शान को बुलंदियों पर पहुंचा दिया है। इधर सत्य प्रकाश की दमदार अभिनय की प्रशंसा लोहरदगा जिला के अलावा अख्खा मुम्बई और देश विदेशों में जमकर हो रही है। इस बीच सत्य प्रकाश और डॉ टी साहू समेत पूरे परिवार वालों को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इधर सत्य प्रकाश की उपलब्धि पर किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के कसियाडीह निवासी झामुमो किस्को अल्पसंख्यक कमेटी के प्रखंड उपाध्यक्ष मोईन अंसारी ने सत्य प्रकाश और पूरे परिवार वालों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि सत्य प्रकाश जी शुरू से ही अभिनय की दुनिया में अपनी काबिलियत का लोहा मनवाने हेतु काफी मेहनत करते थे,आज उनकी कामयाबी ने हमें गौरवान्वित किया है जिसकी जितनी भी तारीफ की जाए कम ही है। मोईन अंसारी ने आगे सत्य प्रकाश को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने कड़ी मेहनत और अपने हुनर को मुम्बई जैसे बड़े शहरों में प्रदर्शित कर न केवल झारखंड के सबसे छोटे जिला लोहरदगा और परिवार एवं जिलेवासियों का नाम रोशन कर दिखाया है बल्कि अपने काबिलियत को मुम्बई फिल्म नगरी में अपनी महत्वपूर्ण छाप छोड़कर बड़ी ही प्रशंसनीय कार्य कर दिखाया है। आज सत्य प्रकाश इंजीनियरिंग छोड़ कर फिल्मी दुनिया में कदम रखकर लोहरदगा जिला को मुम्बई में पहचान दिलाने का काम किया है। सत्य प्रकाश शुरू से ही काफी मेहनती और होनहार रहे हैं, उनकी उपलब्धि ने जिलेवासियों के लिए बड़ा ही उत्साहित किया है। मोईन अंसारी ने बताया कि डॉ टी साहू और उनकी धर्मपत्नी सरिता देवी बड़ी बेटी आरती कुमारी और दूसरी बेटी पूजा कुमारी देश सेवा में योगदान दे रही हैं। दोनों बेटियां दंत चिकित्सक स्पेशलिस्ट हैं।

# नौ कन्या पूजन के साथ केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति का कार्यालय खुला



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाने हेतू रविवार को केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति लोहरदगा का कार्यालय उद्घाटन संध्या 5 बजे देवी मंदिर पावरगंज में किया गया। सभी संरक्षक गण सभी पूजा पंडाल के पदाधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन के उपरांत मां दुर्गे के स्वरूप रूप में नौ कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया। कार्यालय खुलने से नौ दिनों तक होने वाले पूजन कार्यक्रमों में आपसी समन्वय बनाने में आसानी होगी। कार्यालय में समिति के पदाधिकारी उपस्थित होकर सभी कार्यक्रमों की रूप रेखा तय करेंगे। महामंत्री मिथुन तमेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिपदा के दिन प्रातः होने वाले कलश यात्रा में सभी धार्मिक संगठनों के लोग सहित शहर के सभी माता भक्त निकलेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति अध्यक्ष संतोष लकड़ा, महामंत्री मिथुन तमेड़ा, गंगोत्री कुजूर, ओम सिंह, कमल केसरी, श्रीचंद प्रजापति,परमेश्वर साहू, राजकुमार वर्मा, अशोक घोष, संजय बर्मन,कमलेश कुमार, अभय महतो, जय प्रकाश शर्मा, अजय पंकज, रोहित साहु, नीलेश गुप्ता,सुमित राय, सुनील अग्रवाल,सरोज प्रजापति, पशुपतिनाथ पारस, संजय बर्मन, विमलकांत सिंह, मिथिलेश वर्मा, दुर्गा प्रजापति,आनंद पांडे, दीपक शर्मा, लक्ष्मी नारायण भगत, मनोज कुमार गुप्ता ,लाल ओंकार नाथ शाहदेव, महेंद्र महतो, मोहन गुप्ता, अशोक रजक, त्रिलोक साहब, संदीप पोद्दार बृजेश भारती, रोहित साहू सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्राओं की स्वास्थ्य जांच हुई



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत भंडरा में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के छात्राओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। स्वास्थ्य जांच के क्रम में डॉक्टर निर्मला शांति, लकड़ा बीटी टी दयामनी मिंज, एएनएम उमा झा, संदीप उरांव, सहिया पूनिया उरांव, सूरजमनी कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी साथ में थे। मौके पर डॉ निर्मला शांति लकड़ा ने बताया कि स्वस्थ नारी से ही सशक्त परिवार की परिकल्पना की जा सकती है।

# आजादी के बाद भी गोताग में बिजली, सड़क और संचार के साधन नहीं

राहुल कुमार



**सरयू (आजाद सिपाही)।** लातेहार कहा गया है कि किसी भी क्षेत्र का विकास तब संभव है, जब उस क्षेत्र में बिजली, पानी एवं सड़क का सेवा उपलब्ध हो। परतूं यह एक कहावत बन कर रह गया है। हर घर बिजली योजना के तहत गांव में बिजली का तार तो लगा दिया गया है। परंतू अभी भी कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां ट्रासफोर्मर एवं तार लगने के बावजूद भी अभी तक बिजली की सेवा बहाल नहीं किया जा सका है और ना ही सड़क बनाया गया है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोग शहर से जूड़ सकें। जिसमें ऐसा ही लातेहार जिले के नवनिर्मित प्रखण्ड सरयू क्षेत्रांतर्गत चोरहा पंचायत का एक गांव है गोताग जो आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी बिजली, सड़क एवं संचार के साधन से वंचित है। सरयू प्रखण्ड मुख्यालय से करीब 10 किमी दुर स्थित इस गांव में करीब 40 घरों में लगभग 120 परीवार निवास करते हैं। जहां जाने के लिए एक ही सड़क है जो वर्षों से जर्जर है। जर्जर सड़क एवं अंधेरे जीवन ने ग्रामीणों की मुश्किलें कई गुणा बढ़ा दी है। सड़क के अभाव ने ग्रामीणों को रोजमर्रा की गतिविधियों से लेकर आपालकालिन परिस्थितियों तक हर कदम पर जोखिम उठाना पड़ रहा है। इस गांव में करीब 5 वर्ष पहले बिजली का खंभा लगाकर तार तो लगा दिया गया है परंतू अभी तक बिजली की सेवा बहाल नहीं किया गया है, और ना ही संचार का साधन उपलब्ध है।

## ग्रामीणों ने कहा जर्जर सड़क से होती है परेशानी

जितवहन उरांव, राम उरांव, निर्मल उरांव, बिलेश्वर उरांव, सुगंती देवी, शुशिंता देवी, प्रमेश्वर उरांव समेत दर्जनों स्थानिय ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षों से इस गांव में बिजली एवं प्रखण्ड मुख्यालय जाने के लिए सड़क का व्यवस्था नहीं होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जर्जर सड़क होने से इस गांव में एक भी सवारी गाड़ी का आवागमन नहीं होता है। हमलोगों को पहाड़ पार कर पैदल ही 6 किमी दूर बाजार करने सरयू जाना पड़ता है। अचानक किसी का तबियत खराब हो जाये तो चारपाई के सहारे मरीज को लेकर पैदल चल कर अस्पताल जाने में घंटों समय लग जाता है। जिससे मरीज की स्थिति नाजुक हो जाती है। हमलोगों को खासकर बरसात के दिनों में काफी परेशानी होता है, जब अस्पताल तक जाने वाली सड़क नदीं के बाढ़ में डुब जाता है। बाढ़ से पुरी तरह से आवागमन ठप हो जाता है। प्रसव जैसी स्थिति में तो महिलाओं की जान तक जोखिम में पड़ जाता है। चार वर्ष पहले चोपत नाला मुख्य मार्ग से गोताग तक सड़क निर्माण का कार्य प्ररंभ किया गया था। परंतू संवेदक द्वारा लापरवाही के कारण काम निर्माण कार्य को अधुरा ही छोड़ दिया गया। नतीजा है कि सड़क कच्चे गढ्ढों में तब्दील हो गया है। इस गाँव में अभी तक बिजली नहीं आई है। जिसके वजह से बच्चों की पढ़ाई में समस्या होती है। साथ ही हमलोगों को खेती करने के लिए पूरी तरह से मौसम पर ही निर्भर रहना पड़ता है।

# कार्यक्रम में किशोरियों को दी स्वास्थ्य की जानकारी

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अंतर्गत आयुषमान आरोग्य मंदिर घाटा गगेया में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के क्रम में राष्ट्रीय किशोर स्वच्छता कार्यक्रम के तहत किशोरियों को स्वस्थ्य स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दिया गया। आयोजित कार्यक्रम में सीएचओ प्रियंका कुजूर द्वारा किशोरियों को मासिक धर्म के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा इसका साफ सफाई के बारे में बताया गया। साथ ही किशोर युवतियों का सर्दी खांसी, बीपी, शुगर, बलगम के अलावे हीमोग्लोबिन का जांच कर सभी बालिकाओं का लंबाई और वजन मापा गया। सीएचओ द्वारा किशोरियों को नियमित हरा साग सब्जी, फल, दूध, अंडा का और भरपूर मात्रा में निंद का सेवन करने के लिये निर्देश दिया गया। मौके पर स्वास्थ्य सहिया शकुंतला देवी, ललिता खेस, मांती देवी के अलावे शिखा कुमारी, महिमा कुमारी, उन्नति कुमारी,रितु कुमारी, छोटी कुमारी,बबिता कुमारी,तृप्ति कुमारी, सरस्वती कुमारी, मुस्कान समेत अन्य किशोरियां उपस्थित थी।

# तक्षशिला विद्यापीठ में महालया महोत्सव का किया गया आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

देवघर। तक्षशिला विद्यापीठ के डॉ. कृष्णानंद झा मेमोरियल ऑडिटोरियम में रविवार को महालया महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और सांस्कृतिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ प्रबंध निदेशक अशोकानंद झा, गणमान्य अतिथि रवि कुमार व रमेश बाजला, विद्यालय के प्राचार्य डॉ. केडी विश्वास और अनुमंडल पदाधिकारी शुभ भट्टाचार्य ने संयुक्त रूप से किया। शंख ध्वनि के बीच 'महिषासुर मर्दिनी' नृत्य नाटिका का मंचन हुआ, जिसकी शुरुआत छात्राओं ने सुरीले आगमनी गीत से की। इसके बाद आगमनी नृत्य 'बाजलो तुमार आलोर वेणु' के साथ महिषासुर वध से जुड़े विभिन्न प्रसंगों की प्रस्तुति दी गयी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों, छात्रों और अभिभावकों का योगदान सराहनीय रहा। नृत्य, संगीत और अभिनय से सजे इस महोत्सव ने न केवल छात्रों की प्रतिभा को मंच दिया बल्कि सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत किया।

# सड़क हादसे में किशोरी की मौत ग्रामीणों ने सड़क किया जाम



जपला-दंगवार मुख्य सड़क जाम करते ग्रामीण।

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के जपला-दंगवार मुख्य सड़क के बड़ेपुर गांव के समीप तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने मंगलडीह गांव निवासी धर्मेंद्र राम की 6 वर्षीय पुत्री अंजली कुमारी उर्फ माया को टक्कर मारकर दी, जिससे घटना स्थल पर ही किशोरी की मौत हो गयी। वहीं वाहन चालक वाहन लेकर भागने लगा जिसके बाद स्थानीय लोगों ने दंगवार ओपी पुलिस को इसकी सूचना दी। वहीं दंगवार ओपी पुलिस की तत्परता से वाहन को चालक सहित पकड़ लिया गया। जिसके बाद उक्त वाहन एवं चालक को हुसैनाबाद थाना को सुपुर्द कर दिया गया। वहीं घटना के बाद आक्रोशित परिजनों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने जपला-दंगवार मुख्य सड़क को बड़ेपुर उच्च विद्यालय के पास जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद अंचलाधिकारी पंकज कुमार, बीडीओ सुनील कुमार वर्मा व स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर आक्रोशित ग्रामीणों को समझा समझाने का प्रयास किया। सीओ ने पारिवारिक लाभ के तहत तत्काल सहायता राशि मुहैया कराया। साथ ही आपदा राशि देने का आश्वासन दिया। इसके बाद जाम खत्म किया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## देवघर में उत्पाद विभाग की छापामारी, दो गिरफ्तार, एक फरार

देवघर (आजाद सिपाही)। जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार को उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। अधीक्षक उत्पाद के निर्देश पर 21 सितंबर 2025 को जसीडीह थाना एवं देवीपुर थाना क्षेत्र में संयुक्त छापामारी की गयी। इस दौरान सजनी और मानपुर स्थित विभिन्न ठिकानों पर दबिश दी गयी। कार्रवाई में दो व्यक्तियों भुटकू मंडल और निरंजन कुमार रामानी को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अन्य आरोपी मंगरू तुरी मौके से फरार होने में सफल रहा। सभी आरोपितों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और फरार आरोपी की तलाश जारी है। छापामारी के दौरान बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गयी। जब्त किये गये प्रदर्श का विवरण अवैध विदेशी शराब : 5.86 लीटर जावा महुआ : 105 लीटर अवैध बीयर : 25.3 लीटर अवैध जुलाई शराब : 15.0 लीटर उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। विभाग का लक्ष्य जिले को अवैध शराब और इससे जुड़े अपराधों से मुक्त करना है। अधिकारियों ने आम जनता से भी अपील की है कि वे अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की जानकारी विभाग को तुरंत उपलब्ध कराएं, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

## महायज्ञ को लेकर निकाली गयी कलशयात्रा



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही) । रामचरितमानस नवाह्न पारायण महायज्ञ समिति महावीर जी भवन के तत्वावधान में शहर के महावीर जी भवन परिसर में आयोजित 45वां रामचरितमानस नवाह्न पारायण महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। 22 सितंबर से मानस पाठ की शुरुआत होगी। मौके पर मुख्य रूप से यज्ञ समिति के अध्यक्ष उदय सोनी, संरक्षक श्रवण अग्रवाल, राजेंद्र पाल, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, विनय सिंह यादव, रविंद्र सिंह उर्फ बबलू सिंह, रवि यादव, प्रकाश लाल अग्रवाल, लोकनाथ केशरी, मनिष अग्रवाल, अजय प्रसाद गुप्ता, योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह,संतोष कुमार, डॉ एमके राय, अरविंद ओझा, शनि कुमार, सूरज प्रसाद गुप्ता, पप्पू कुमार, विजय प्रसाद गुप्ता, राजकुमार गुप्ता समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर मधुपुर थाना परिसर में एसडीओ की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक

मधुपुर (आजाद सिपाही)। रविवार को दुर्गा पूजा पर्व को लेकर मधुपुर थाना परिसर में शांति समिति का बैठक एसडीओ राजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में रविवार को आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मंत्री हफीजुल हसन के प्रतिनिधि सब्बीर हसन अंसारी हुए शामिल। इस मौके पर मंत्री प्रतिनिधि ने सभी उपस्थित पूजा समिति के प्रतिनिधियों एवं समाजसेवी से अपील करते हुए कहा के मधुपुर में आपसी सौहार्दपूर्ण ढंग पर्व को बनाएं और इसे बरकरार रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। वहीं मधुपुर एसडीओ राजीव कुमार सिंह ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह से त्योहार बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है माहौल बिगाड़ने वाले को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा चाहे वह कोई भी हो, पूजा को सफल बनाने के लिए विधि व्यवस्था का इंतजाम भी कर ली जायेगी।

# देवघर में महालया अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**श्रद्धालुओं ने पवित्र जल में स्नान कर विधिवत तर्पण और जल अर्पण कर अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की**



आजाद सिपाही संवाददाता

देवघर। अश्विन अमावस्या, जिसे पितृ अमावस्या भी कहा जाता है, के मौके पर रविवार को देवघर की पावन शिवगंगा में आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। पितृपक्ष के अंतिम दिन अपने पूर्वजों को तर्पण करने के लिए सुबह से ही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने पवित्र जल में स्नान कर विधिवत तर्पण और जल अर्पण कर अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पुरोहितों ने बताया कि पितृपक्ष का आरंभ भाद्रपद शुक्ल प्रतिपदा से होता है और अश्विन अमावस्या को इसका समापन होता है। मान्यता है कि जिन लोगों को अपने पितरों की मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं होती, वे इस दिन अमावस्या पर श्राद्ध और तर्पण कर पितरों को तृप्त कर सकते हैं। इसी कारण महालया अमावस्या का विशेष महत्व माना गया है।

शिवगंगा परिसर में सुबह से ही तर्पण कराने के लिए श्रद्धालु कतारों में खड़े दिखायी दिये। परंपरागत रीति-रिवाजों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच लोगों ने अपने पितरों का स्मरण किया और जल अर्पित कर पुण्य अर्जित किया। श्रद्धालुओं का मानना है कि इस दिन किए गए तर्पण से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है और घर-परिवार पर उनका आशीर्वाद बना रहता है। पंडित सुनील नारायण मिश्र ने कहा कि पितृपक्ष आत्मीय संबंधों की स्मृति और पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का अवसर है। वहीं, पंडित बसंत नारायण मिश्र ने बताया कि आज के साथ ही पितृपक्ष का समापन होकर देवी पक्ष की शुरुआत हो गयी है। अब श्रद्धालु पूरे भक्ति भाव से मां दुर्गा की आराधना और नवरात्र की तैयारियों में जुट जायेंगे।

# रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति ने सिगसिगी रेलवे स्टेशन परिसर में दिया एक दिवसीय धरना

**पांच सूत्री मांगों को लेकर पांच घंटे तक चला धरना, स्टेशन मास्टर को सौंपा ज्ञापन**



आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। डीडीयू रेलखंड के सिगसिगी रेलवे स्टेशन परिसर में रविवार को रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति द्वारा पांच सूत्री मांगों के समर्थन में एक दिवसीय धरना दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी ने किया। धरना को संबोधित करते हुये भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने समिति की मांगों को जायज ठहराते हुये कहा कि रेलवे प्रशासन को सभी मांगे मान लेनी चाहिए, ताकि इस स्टेशन के आसपास के दर्जनों गांव के लोगों को झारखंड की राजधानी रांची व बिहार की राजधानी पटना जाने में कोई दिक्कत न हो। जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि रेल प्रशासन मांगों को जल्द पूरा करे वरना चरणबद्ध आंदोलन छेड़ा जायेगा। कार्यक्रम के आयोजक अनुज कुमार चौधरी ने कहा कि अगर हमारी मांगें पूरी नहीं की गयी तो अगली बार रेल चक्का जाम सहित उग्र आंदोलन शुरू किया जायेगा। धरना समाप्ति से पहले समिति के नेताओं ने डीआरएम के नाम का मांगपत्र स्टेशन मास्टर को सौंपा। धरना स्थल पर जीआरपी, आरपीएफ व जिला बल की पर्याप्त तैनाती की गयी थी, ताकि विधि व्यवस्था दुरुस्त रहे। मौके पर मनोहर दिलवाले, इदरीस हवारी, जेएमएम नेता अजय गुप्ता, रामकृष्ण पाल, पिंटू चौधरी, राजकुमार चौधरी, रामनरेश चंद्रवंशी, संतोष गुप्ता, सुनील पांडेय, विनोद चौधरी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### संघर्ष समिति की प्रमुख मांग

रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति की प्रमुख मांगों में सिगसिगी रेलवे स्टेशन पर सासाराम इंटरसिटी व सिंगरौली पटना एक्सप्रेस का ठहराव, रेल पहुंच पथ का निर्माण, आवागमन को देखते हुए समपार फाटक संख्या 74 को फ्लाईओवर ब्रिज में तब्दील करना, प्लेटफॉर्म स्थित फुटओवर ब्रिज को दोनों तरफ प्लेटफॉर्म से बाहर निकालना व रेलवे परिसर में बने आजाद पार्क का सुंदरीकरण करना शामिल है।

## कौआखोह में ब्राइट फ्यूचर कोचिंग इंस्टीट्यूट शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज। पलामू प्रखंड क्षेत्र के कौआखोह एनएच 139 रोड स्थित ब्राइट फ्यूचर कोचिंग इंस्टीट्यूट का रविवार को उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि बसपा नेता राजकुमार गौतम, सरयु मेहता और महेश वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप जलाकर संस्थान का उद्घाटन किया। संस्थान के निदेशक शैलेंद्र कुमार ने जानकारी दी कि इस कोचिंग संस्थान में 8वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए सभी विषयों की तैयारी कराई जायेगी। इसके अतिरिक्त, बैंक, जेएसएससी, रेलवे और सभी प्रकार की कांस्टेबल परीक्षाओं के लिए भी तैयारी कराई जायेगी। उद्घाटन समारोह में इसरार आलम, अवधेश यादव, जितेंद्र रवि, राजेश मेहता, सीताराम रवि, मनोज राम, गौतम, राजकुमार राम, केदार रवि, सतेंद्र मेहता और रविंद्र सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

चैनपुर(पलामू)। थाना परिसर में रविवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने किया। बैठक में बीडीओ प्रदीप दास ने कहा कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक उत्सव ही नहीं, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक है। इस अवसर पर मौके पर जिला परिषद सदस्य फैयाजल अहमद, प्रमोद सिंह, मुखिया नीतीश सिंह, दिनेश पासवान, दीनानाथ मांझी, पुलिस अवर निरीक्षक देवव्रत पोद्दार, आरसी चौधरी, रूदानंद सरस सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# मनातू प्रखंड में चार सड़कों का विधायक ने किया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

मनातू/पलामू। मनातू प्रखंड में मुख्यमंत्री ग्राम सुदृढीकरण योजना के तहत बनने वाली चार सड़कों का रविवार को पांकी विधानसभा के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता पूजा अर्चना और नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इनमें कुसडी से सिकनी 2.900 किमी, सेमरी से करैला 4 किमी, सेमरी से बंशी खुर्द 3.50 किमी, पदमा पाटन, पी डब्ल्यू डी से रबदा मनातू तक 11 किमी शामिल है। करीब 21.40 किलोमीटर लंबी सड़क पर लगभग 17 करोड़ 2769132 रुपये खर्च होगा। इस दौरान लोगों ने विधायक को जोरदार स्वागत किया।

शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने कहा कि हमारा लक्ष्य हर क्षेत्र में विकास करना है। जिसमें सड़क व पुलों की विशेष महत्ता होती है। जहां यह सड़क का शिलान्यास किया गया है। पूर्व में जर्जर रहने से लोगों को गांव से निकलना मुश्किल होता था। मुख्य मार्ग तक जाने में काफी दिक्कतें होती थी। अब इन सड़कों के निर्माण होने से ग्रामीणों को मुख्य सड़क तक जाने में आसानी होगी पूर्व में हो रही कठिनाई दूर होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि निखिल कंस्ट्रक्शन द्वारा कार्य कराया जायेगा, विश्वास है कि दुरुस्त काम करेंगे। तमाम लोगों को मैं कहना चाहूंगा कि जिस प्रकार से लोग काम कर रहे हैं निश्चित रूप से सराहनीय कार्य कर रहे हैं गुणवत्ता के साथ कर रहे हैं साथी सभी लोगों का दुर्गा पूजा की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि उदेश कुमार यादव, अनूप गुप्ता, कनीय अभियंता प्रवीन प्रताप सिंह, प्रकाश मेहता, पिंटू कुमार, विनोद यादव, उमेश यादव, समेत कई लोग उपस्थित थे।

# कर्नाटक जैव ऊर्जा विकास बोर्ड के अध्यक्ष ने देवघर में बायोगैस संयंत्र का किया दौरा



आजाद सिपाही संवाददाता

देवघर। कर्नाटक राज्य जैव ऊर्जा विकास बोर्ड के अध्यक्ष एस. ई. सुधींद्र ने झारखंड के देवघर जिले मोहनपुर प्रखंड के कटवान पंचायत अंतर्गत बंदरबोना गांव में स्थापित 30 घन मीटर प्रतिदिन क्षमता वाले बायोगैस संयंत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संयंत्र की कार्यप्रणाली का जायजा लिया और अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। अध्यक्ष ने योजना से जुड़े अधिकारियों इंदुशेखर, संदीप और दीपक से बातचीत कर संयंत्र की उपयोगिता और ग्रामीण स्तर पर इसके लाभों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि जैव ऊर्जा क्षेत्र की सफलता के लिए स्थायी फीडस्टॉक आपूर्ति श्रृंखला सबसे बड़ी चुनौती है। कर्नाटक सरकार इस दिशा में निरंतर काम कर रही है और गुणवत्तापूर्ण कच्चे माल के विभिन्न विकल्पों की तलाश कर रही है। उन्होंने कहा कि चीनी उद्योगों में उपलब्ध शीरे से पहली पीढ़ी का इथेनॉल उत्पादन, भारत सरकार द्वारा 2025 तक पेट्रोल में 20% इथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति से देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता मजबूत होगी और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

सुधींद्र ने बताया कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व में कर्नाटक राज्य नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं के अलावा जैव ऊर्जा क्षेत्र की पूरी मूल्य श्रृंखला में तालमेल लाने की दिशा में कार्य जारी है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज तथा आईटीबीटी मंत्री विशेष रूप से सभी नगरपालिका ठोस अपशिष्ट, हरित अपशिष्ट और खाद्य अपशिष्ट से संपीड़ित बायोगैस उत्पादन को बढ़ावा देने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

इस मौके पर अध्यक्ष ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री समेत अन्य अधिकारियों को कर्नाटक आने का निमंत्रण दिया, ताकि वे राज्य के जैव ऊर्जा कार्यक्रमों को नजदीक से समझ सकें और आपसी सहयोग को बढ़ावा मिल सके। अध्यक्ष ने कहा कि 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन (नेट जीरो एमिशन) प्राप्त करने का लक्ष्य पूरी दुनिया का साझा उद्देश्य है और भारत इसमें अग्रणी भूमिका निभा सकता है। देवघर में उनका यह दौरा इसी हरित पहल को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# कलश स्थापना के साथ नवरात्रि का शुभारंभ

## बाबा मंदिर में तांत्रिक विधि से हो रही मां दुर्गा की पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

देवघर। सोमवार को अश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरुआत हो गयी है। देशभर में श्रद्धा और भक्ति के माहौल के बीच घर-घर और पूजा पंडालों में कलश स्थापना कर मां भगवती की आराधना का शुभारंभ हुआ। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में श्रद्धालु शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की उपासना कर सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना करेंगे।


देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ मंदिर परिसर में भी नवरात्रि की धूम देखने को मिल रही है। यहां परंपरा के अनुसार मां दुर्गा की पूजा तांत्रिक विधि से की जाती है, जो सदियों पुरानी मान्यता से जुड़ी हुई है। मंदिर के स्टेट पुरोहित जय बैद्यनाथ पांडा ने जानकारी देते हुए बताया कि बाबा मंदिर में नवरात्र के दिनों विशेष गुप्त तांत्रिक अनुष्ठान किए जाते हैं। इस दौरान शक्ति स्वरूपा देवी की साधना अत्यंत गोपनीय तरीके से की जाती है।

उन्होंने बताया कि नवरात्र के आरंभ के साथ ही मंदिर प्रांगण में स्थित मां काली, मां त्रिपुर सुंदरी और मां पार्वती के मंदिरों के पट बंद कर दिये जाते हैं। इन दिनों यहां कोई आम दर्शन नहीं हो पाता, क्योंकि गुप्त विधि से पूजा संपन्न की जाती है। इस परंपरा के पीछे मान्यता है कि साधना और अनुष्ठान की पवित्रता केवल तभी पूर्ण होती है, जब वह लोकदृष्टि से दूर रहे। नवरात्र की नवमी और दशमी को इन मंदिरों के पट पुनः खोले जाते हैं और समापन के दिन पूरे विधि-विधान और भव्य आयोजन के साथ पूजा प्रणाली पूर्ण होती है। इस दौरान विशेष हवन, पूजन और देवी के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठता है।

नौ दिनों तक शक्ति उपासना का यह महापर्व श्रद्धालुओं के जीवन में नयी ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करता है।

# सेवा, अनुशासन और नेतृत्व की सीख देता है स्काउट-गाइड : प्रधानाचार्य

**सरस्वती विद्या मंदिर में त्रिदिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का समापन**



समापन के अवसर पर पौधरोपण करते विद्यालय परिवार के लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में आयोजित भारत स्काउट और गाइड प्रशिक्षण शिविर प्रथम सोपान का त्रिदिवसीय कार्यक्रम उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र चंदेल तथा प्रो. राजेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने अनेक उपयोगी प्रशिक्षण प्राप्त किये। वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। प्रशिक्षकों द्वारा प्राथमिक उपचार, रस्सी का उपयोग, झंडोत्तोलन एवं झंडा बांधने की विधि की जानकारी दी गयी। साथ ही लाठी और बेडशीट से स्ट्रेचर बनाना तथा सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायल को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने की विधि का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी कराया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्काउट एवं गाइड को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षक अमित झा ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण बच्चों में सेवा भाव, आत्मनिर्भरता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रबल बनाते हैं। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय ने कहा कि स्काउट-गाइड बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करता है, जो जीवन में सफलता का मूलमंत्र है। शिविर के सफल आयोजन में जिला प्रशिक्षक विवेक सिंह, प्रशांत कुमार, शारीरिक शिक्षक अभिषेक पाठक, राजेश्वर सिंह यादव, संजय सिन्हा, राजकुमार सिंह, हर्षदा चौबे, छाया कुमारी और धर्मेंद्र कुमार का योगदान सराहनीय रहा।

# सर्वेश्वरी समूह का मनाया गया 65वां स्थापना दिवस, निकाली प्रभात फेरी



आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर शाखा द्वारा श्री सर्वेश्वरी समूह का 65 वां स्थापना दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर श्री सर्वेश्वरी समूह के विश्रामपुर शाखा ने कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। अहले सुबह शाखा समूह द्वारा प्रभात फेरी निकली गयी। प्रभात फेरी में शामिल लोगों ने नगर भ्रमण किया। प्रभात फेरी विश्रामपुर, बी मोड़, रेहला, स्टेशन रोड सहित कई जगहों से गुजरा। प्रभात फेरी के बाद सर्वेश्वरी समूह के विश्रामपुर शाखा में ध्वजातोलन किया गया। इसके बाद परम पूज्य भगवान अघोरेश्वर की आरती की गयी। इसके अलावा विशेष पूजा-अर्चना भी हुयी। समूह ने विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया। गोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। सागर चंद्रवंशी ने कहा कि मानव सेवा ही सर्वेश्वरी समूह का एक मात्र लक्ष्य है। मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। गोष्ठी में भजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, शाखा मंत्री नागेंद्र प्रसाद पांडेय व रविंद्र नाथ उपाध्याय ने भी अपना-अपना विचार व्यक्त किया। मौके पर नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्सराय उर्फ बड़कू सिंह, इदरीश हवारी, रघुनाथ सिंह, गजेंद्र बक्सराय, सुमन बक्सराय, अजय चौधरी, अनिल चौधरी, दिलीप कुमार, राजू पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

### जरमना पल्ली में धूमधाम से मनाया गया करमा महोत्सव, मांदर बजाकर थिरके विधायक

# सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड में खींचीं विकास की लंबी लकीर : भूषण तिर्की

**कहा : अपने-अपने बाल-बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, ताकि प्रखंड में गलत काम होने पर कर्मचारियों से आंख से आंख मिलकाकर बात कर सकें**


**आजाद सिपाही संवाददाता**



करमा महोत्सव में शामिल गुमला विधायक भूषण तिर्की।

**जारी।** प्रखंड के जरमना पारिश मैदान में करमा महोत्सव हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। गांव के लोग सुबह से ही रंग-बिरंगे परिधानों में सजकर कार्यक्रम में शामिल हुए। पारंपरिक विधि-विधान से करम देव की पूजा-अर्चना कर ग्रामीणों ने अच्छी फसल, सुख-समृद्धि और गांव की खुशहाली की कामना की। इस दौरान महिलाएं और युवतियां करम डाल लाने के लिए सुबह जंगल गईं और गीत-संगीत के बीच करमा डाल को मैदान में स्थापित किया। इसके बाद ढोल-मांदर और नगाड़े की थाप पर युवक-युवतियों ने पारंपरिक करमा नृत्य कर वातावरण को उल्लास मय बना दिया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में गुमला विधायक भूषण तिर्की उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य की नींव रखने वाले महान नेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन भले हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के विकास की लकीर खींच दिये हैं, जो विपक्षियों की आंख में कांटे की तरह चुभ रही है। उन्होंने कहा कि आप अपने बाल-बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, ताकि प्रखंड में गलत काम होने पर कर्मचारियों से आंख से आंख मिलकाकर बात कर सकें। इसके बाद विधायक भूषण तिर्की ने खुद नगाड़ा बजाया और पारंपरिक थाप पर थिरकते हुए करमा नृत्य में भाग लिया। इससे पूरे कार्यक्रम का उत्साह और बढ़ गया। कार्यक्रम में आसपास के 18 गांवों के महिला-पुरुषों ने भाग लिया। सभी ने अपने-अपने पारंपरिक नाच-गान की प्रस्तुति दी। इस मौके पर आरिफ अंसारी, शकील खान, लडन खान, रंजित सरदार, राजेश टोप्पो, नोवेल लकड़ा, फादर निरंजन एक्का, पुष्पा टोप्पो आदि मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री सर्वेश्वरी समूह का स्थापना दिवस



**गुमला (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह संस्था का 65वां स्थापना दिवस रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन सुबह शाखा उपाध्यक्ष अजय प्रसाद की अगुवाई में प्रभात फेरी निकाली गयी, जो विभिन्न मुख्य पथों का परिभ्रमण करते हुए समूह के आश्रम तक पहुंची। इस दौरान भक्तगण मां सर्वेश्वरी की जय हो, अघोरेश्वर महाप्रभू की जय, मां गुरु की जय के जयकारे लगा रहे थे। इस दौरान फूलों से सजे वाहन में अधिष्ठापित परमपूज्य अघोरेश्वर महाप्रभू के चित्र को नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पूजन आरती की गयी। प्रभात फेरी के बाद आश्रम प्रागंण में आरती की गयी। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं की उपस्थिति में श्री सर्वेश्वरी समूह का ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह एक ऐसी संस्था है जिसके उद्भव के पीछे एक विलक्षण प्रेरणा और अदृश्य शक्ति कार्य कर रही है। इस संस्था के संस्थापक परमपूज्य अघोरेश्वर महाप्रभू ने काशी जैसी नगरी में 21 सितंबर 1961 को श्री सर्वेश्वरी समूह नामक संस्था की स्थापना कर अघोर परंपरा को एक नई और ऊजार्युक्त प्रतिष्ठा, दिशा एवं भावभूमि प्रदान की। लोक कल्याणकारी कार्यों के 19 सूत्री मूल उद्देश्यों से आच्छादित इस संस्था का 65वां स्थापना दिवस देश-विदेशों में भी स्थापित समूह की शाखाओं में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर समूह की गुमला शाखा में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अंत में आश्रम प्रागंण में ही श्री सर्वेश्वरी समूह का 'हमारे व्यक्तित्व पर प्रभाव' विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं विनय लाल, भोला नाथ दास, आदर्श कुमार, योगेंद्र प्रसाद, हेमलता यादव, सौरभ गुप्ता, सलोनी गुप्ता, अनुपमा विनायक और दीक्षा गुप्ता ने समूह के कार्यवृत्त, उद्देश्यों आदि पर अपने-अपने विचार साझा किये। मांडवी रानी ने अपने भजन से तो ऋषिकेश यादव ने कविता पाठ कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन अजय सिन्हा और धन्यवाद ज्ञापन शाखा मंत्री विपिन कुमार सिन्हा ने किया। वहीं, कार्यक्रम में पहुंची माताओं का महिला संगठन की नीता हरीतिमा ने आभार व्यक्त किया।

## पांच एकड़ में तैयार धान की फसल जहरीली दवा से बर्बाद

**चाचा और चचेरे भाइ पर लगाया जहरीली दवा डालकर खेती बर्बाद करने का आरोप**

**प्रशासन से दोषियों पर कार्रवाई और आजीविका के लिए मदद करने की अपील**



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के इटकीरी ग्राम में फाइलेरिया रोग से ग्रस्त दिव्यांग किसान लक्ष्मण उरांव की मेहनत और सालभर की उम्मीदें कुछ ही घंटों में खत्म हो गयी। लक्ष्मण ने अपने चाचा गंदूर उरांव एवं चचेरे भाई गोविंदा उरांव पर धान की पूरी फसल पर जहरीली दवा छिड़क कर बर्बाद करने का आरोप लगाया है। बताया कि जहरीली दवा के कारण 5 एकड़ जमीन में तैयार फसल पूरी तरह जल गयी है। लक्ष्मण उरांव ने बताया कि उसकी पूरे परिवार की आजीविका केवल खेती पर ही निर्भर हैं। कड़ी मेहनत और कर्ज लेकर चार अलग-अलग जगहों पर धान की खेती की थी। पहले से ही धान का बिछड़ा तैयार था। उसमें भी उनके चाचा और चचेरे भाई ने जहरीली दवा डाल दिया था जिससे पूरा बिछड़ा बर्बाद हो गया था। इसके बाद लक्ष्मण इधर-उधर से पौधा जुटाकर करीब पांच एक-ड़ जमीन में रोपा रोपवाया था। महीनों की कठिन मेहनत के बाद अब धान की फसल पूरी तरह पकने की स्थिति में थी, तभी एक बार फिर पूरी फसल पर जहरीली दवा छिड़क दी गई। जिससे पूरा फसल बर्बाद हो गयी। लक्ष्मण ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाय। उसने आजीविका के लिए मदद की भी गुहार लगायी है।

## मूल्यांकन परीक्षा से 8 हजार से अधिक नवसाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** जिले के सभी 12 प्रखंडों में स्थित विद्यालय के जन चेतना केंद्रों पर रविवार को उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत नवसाक्षरों के लिए मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसका लक्ष्य जिले के 8 हजार से अधिक असाक्षर व्यक्तियों को साक्षरता की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उनका प्रमाणीकरण करना है। इसके लिए विशेष रूप से पिछले कुछ महीने पहले सभी विद्यालय शिक्षकों द्वारा अपने पोषक क्षेत्र में ऐसे लोगों को चिन्हित कर स्वयंसेवकों के माध्यम से विशेष कक्षाएं संचालित कराई गई हैं, ताकि शिक्षा से वंचित कोई भी व्यक्ति पीछे न रह जाए। मूल्यांकन परीक्षा में प्रतिभागियों के साक्षरता के मूलभूत कौशल,पढ़ने-लिखने की क्षमता के साथ साथ सरल गणना एवं संख्यात्मक योग्यता तथा दैनिक जीवन से जुड़े सामान्य ज्ञान एवं व्यवहारिक समझ का परीक्षण किया गया। बतातें चलें कि गुमला एक आदिवासी बहुल जिला है। जिसकी साक्षरता दर झारखंड के कई अन्य जिलों की तुलना में कम है, लेकिन साक्षरता संबंधी किए जा रहे संगठित प्रयासों के कारण अब सकारात्मक बदलाव दिखाई देने लगे हैं। जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने बताया कि परीक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा । वहीं, डीसी प्रेरणा दीक्षित ने संदेश दिया कि 'नव भारत साक्षरता कार्यक्रम केवल अक्षरज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में जागरूकता, आत्मविश्वास, आर्थिक सशक्तिकरण और बेहतर जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है।'

## व्यापारी से मकई सप्लाई के नाम पर 4.82 लाख की ठगी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एक प्रतिष्ठित व्यापारी से मक्का सप्लाई कराने के नाम पर करीब 4 लाख 82 हजार 500 रुपये की ठगी कर लिये जाने का मामला सामने आया है। मामला इतना सुनियोजित था कि ठगों ने न सिर्फ कंपनी का नाम और पता दिखाया, बल्कि नकली इनवॉइस, ट्रक की तस्वीर और गाड़ी नंबर तक मुहैया कराया, ताकि पीड़ित व्यापारी को यकीन हो जाए कि उसका माल भेज दिया गया है। गुमला थाना क्षेत्र के ग्राम पतिया निवासी प्रवीण कुमार दास, जो गुमला में इशांक ट्रेडर्स के नाम से कारोबार करते हैं, ने रविवार की शाम चार बजे पुलिस को लिखित आवेदन देकर पूरी घटना बतायी। कहा कि 22 अगस्त को इंडिया मार्ट ऐप पर मक्का का रेट सर्च किया। तभी एक मोबाइल नंबर से संपर्क कर खुद को इंदौर के जय हिंद ट्रेडिंग कंपनी का प्रतिनिधि बताने वाले शख्स ने उनसे डील की। 24 अगस्त को 20.50 रुपये प्रति किलो के दर पर 30 टन मक्का की सप्लाई का सौदा पक्का हुआ। ठग ने बैंक खाता यूको बैंक, इंदौर (अकाउंट होल्डर अंकित कुमार सिंह) बताया। व्यापारी ने भरोसा कर सात अलग-अलग किस्तों में कुल भुगतान 4,82,500 कर दिया। व्यापारी को झांसा देने के लिए ठगों ने ट्रक नंबर भी साथ ही ड्राइवर का मोबाइल नंबर भी थमा दिया। लोडिंग, भाड़ा और अन्य खर्चों के नाम पर अतिरिक्त रकम की मांग की जाती रही। लेकिन 4 सितंबर के बाद से ठग के सारे मोबाइल नंबर बंद हो गए।

## विश्व शांति दिवस पर बिशुनपुर में निकली 10 किमी लंबी प्रभात फेरी

**बिशनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में राज विद्या केंद्र के बैनर तले रविवार को विश्व शांति दिवस के अवसर पर 10 किलोमीटर लंबी प्रभात फेरी निकाली गयी। यह पैदल मार्च बनारी गूंगाटोली से शुरू होकर बिशुनपुर बिरसा बाग तक पहुंची। इस दौरान शांतिप्रिय लोगों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लिए 'पांतिवाद कम से कदम मिलाकर शांति संभव है' और 'विश्व शांति दिवस अमर रहे' जैसे नारों के साथ पूरे मार्ग को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम में बिशनपुर प्रखंड, बिशुनपुर, बनारी एवं हेलता केंद्र के सैकड़ों लोग शामिल हुए। मौके पर बनारी, बिशुनपुर एवं हेलता केंद्र से बिगन उरांव, राजीव माझी, निरंजन बड़ाईक, कमला देवी, शांति देवी, बसु उरांव, वीरेंद्र लोहार, शंभू बड़ाईक, जीतन लोहरा, जयकरण खेरवार, विनोद बड़ाईक, रामविलास साहू, तुलसी साहू, सूर्यदेव तुरी, मनफिरन उरांव, जगदीश लोहरा, अंजनी देवी आदि थे।

## नवसाक्षरों के लिए मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन



**जारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत असाक्षरों की मूल्यांकन परीक्षा का रविवार को सभी जन चेतना केंद्रों पर सफल आयोजन हुआ। बीपीएम सरफराज अन्सारी ने बताया कि असाक्षर व्यक्तियों को साक्षरता की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उनका प्रमाणीकरण करना है। इसके लिए विशेष रूप से पिछले कुछ महीने पहले सभी विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अपने पोषक क्षेत्र में ऐसे लोगों को चिन्हित कर स्वयंसेवकों के माध्यम से विशेष कक्षाएं संचालित कराई गई, ताकि शिक्षा से वंचित कोई भी व्यक्ति पीछे न रहे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन, 40 यूनिट रक्त संग्रहित

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चांदनी चौक दुर्गा पूजा समिति की ओर से अध्यक्ष अमित कुमार नाग के नेतृत्व में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मोहरचंद सिंह, रितेश सिंह, फाल्गुनी सिंह, अमिताभ लोहारा, स्नेह स्मृति, मेघनाथ राय, सुनील कुमार, बैद्यनाथ सिंह, भानु प्रताप सिंह, नीरज जायसवाल, पंकज कुमार, रामदुलार सिंह, दिलीप दास, रविंद्र साहू, अरुण कुमार पांडे, रामचंद्र बडाइक आदि लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 40 यूनिट रक्तदान संग्रहित किया गया। रक्तदान शिविर में खास बात यह रही कि पुरुषों के साथ ही महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुई। पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार भी दुर्गापूजा से पहले रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। समिति अध्यक्ष अमित कुमार नाग ने कहा कि रक्तदान महादान है। हर स्वस्थ व्यक्ति को समाज के हित में रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। मौके पर विपिन बिहारी सिंह, पवन जायसवाल, मनोज महापात्र, विजय कुमार साहू आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के युवा विभाग का चुनाव संपन्न, परिणाम का इंतजार






**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के युवा विभाग का चुनाव संपन्न हो गया है। कांग्रेसी युवाओं को चुनाव परिणाम का बेसब्री से इंतजार है। युवा कांग्रेस का जिला अध्यक्ष बनने के लिए गुमला जिला से कुल चार प्रत्याशी आजाद अंसारी, उरांव, हारून रशीद और ऋषिकांत साहू मैदान में थे। इन चारों प्रत्याशियों ने अपने-अपने मतदाताओं से मिलकर लगातार 30 दिनों तक ऑनलाइन वोटिंग कराई। घर-घर जाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील किये। इस चुनाव में 18 से 35 वर्ष के भारतीय युवा ऑनलाइन मतदाता थे। बताया जा रहा कि कुछ प्रत्याशी को कई दिग्गज कांग्रेसियों का आशीर्वाद प्राप्त है। युवा कांग्रेसियों से पूछने पर वे बताते हैं कि आजाद अंसारी और उत्तम उरांव इस बार दौड़ में आगे हैं। वहीं, हारून रशीद और ऋषिकांत साहू को भी अच्छे खाते मत मिलने की उमीद है। इस संबंध में आजाद अंसारी ने बताया कि उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में किए गए कार्य को आधार बनाकर युवाओं से अपने पक्ष में वोट करने की अपील की है। वह चुनाव जीतने के प्रति अश्वस्त हैं। वहीं, उत्तम उरांव ने कहा कि वह नई ऊर्जा के साथ युवा राजनीति में आए हैं और उनकी कार्यशैली को देखते हुए युवाओं ने उन्हें वोट किया है। वह चुनाव जीत रहे हैं। हारून रशीद ने कहा कि उन्होंने सक्रिय राजनीति में कदम रखा है। परिणाम की वह परवाह नहीं करते लेकिन युवाओं का जो प्यार उन्हें मिला है वह अविस्मरणीय है।

## बसिया के छात्रों ने विभिन्न श्रेणियों में किया बेहतर प्रदर्शन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** चाईबासा में आयोजित एकलव्य विद्यालयों के छठे राज्य स्तरीय सांस्कृतिक एवं कला उत्सव, उद्भव-2025 में बसिया एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न श्रेणियों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 8 प्रथम, 12 द्वितीय एवं 06 तृतीय स्थान प्राप्त किये। ट्राइबल इंस्ट्रुमेंटल, फोक ससमूह गान, चमड़ा वाले वाद्ययंत्र, क्लासिकल इंस्ट्रुमेंटल, फोक समूह नृत्य, जनजातीय समूह नृत्य और मिमिक्री में बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, विद्यालय के संगीत शिक्षक सूरज कुमार प्रसाद ने इंस्ट्रुमेंटल केटेगरी में प्रथम और लोक गीत श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कुल मिलाकर 26 ट्रॉफियों के साथ जब बच्चे विद्यालय पहुंचे तो स्कूल बैंड बजाकर और पुष्प वर्षा कर विद्यालय के मुख्य द्वार पर ही उनका स्वागत किया गया। विद्यालय के तीन शिक्षक सूरज कुमार प्रसाद, आर्यण शाह एवं संदीप कुमार पंडित ने 44 छात्रों के संरक्षक के रूप में चाईबासा गये थे। प्राचार्य संजय कुमार सिंह, निरीक्षक अखिलेश कुमार एवं झारखंड विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा ने विजयी छात्रों को बधाई दी।

## विश्व शांति दिवस पर निकाली गयी प्रभात फेरी

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** विश्व शांति दिवस पर राज विद्या केंद्र की ओर से घाघरा प्रखंड मुख्यालय में रविवार को प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें हाथों में शांति, सद्भावना और अहिंसा के संदेश लिखी तख्तियां लिए बड़े बुजुर्ग विश्व शांति का संदेश घर-घर पहुंचे जैसे नारों के साथ मुख्य सड़कों से गुजरे। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज मुहल्ला से शुरू हुआ और यह मुख्य बाजार होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरकर पुनः कॉलेज मुहल्ला में आकर समाप्त हुआ। वक्ताओं ने कहा कि शांति के बिना समाज और राष्ट्र की प्रगति संभव नहीं है। विश्व शांति दिवस हमें यह याद दिलाता है कि वैमनस्य, हिंसा और अशांति से केवल विनाश होता है। बच्चों में शांति और भाईचारे की भावना जगाना ही भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में पहला कदम है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक शपथ के साथ हुआ, जिसमें सभी ने शांति, सद्भाव और आपसी भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया। मौके पर जिलाध्यक्ष सुखदेव सिंह, राजेंद्र राम, लक्ष्मण लोहरा, रीता देवी, उर्मिला देवी आदि मौजूद थे।

## धूमधाम से मना सर्वेश्वरी शाखा समूह का स्थापना दिवस

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सर्वेश्वरी शाखा समूह का 65वां स्थापना दिवस घाघरा शाखा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रविवार की सुबह प्रभात फेरी से हुई। बाइक रैली के रूप में निकली इस प्रभात फेरी में समूह के सदस्य मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण करते नजर आए। पूरे मार्ग में अघोरेश्वर भगवान राम की जय के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। प्रभात फेरी के बाद चांदनी चौक स्थित शाखा परिसर में ध्वजारोहण किया गया। वहीं शाम को विशेष आरती, भजन-कीर्तन और पुनः प्रसाद वितरण किया गया। सदस्यों ने बताया कि प्रतिवर्ष स्थापना दिवस के अवसर पर इस प्रकार के धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिसका उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारे और आध्यात्मिकता का संदेश देना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समूह के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' को लेकर गुमला में कार्यशाला का आयोजन

# 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान प्रत्येक नागरिक के सशक्तिकरण का माध्यम : गंगोत्री कुजूर

**गुमला जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत अभियान नयी संभावनाओं के द्वार खोल सकता है : कमलेश उरांव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** भाजपा की गुमला जिला इकाई ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत रविवार को लोहरदगा रोड स्थित सोनालिका ट्रैक्टर शोरूम के ऊपर कांफ्रेंस हॉल में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया। जिसका विषय 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' था। कार्यशाला में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की संयोजक गंगोत्री कुजूर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को सशक्त भारत की आधारशिला बताया। कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के सशक्तिकरण का माध्यम है। इसका उद्देश्य गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। वहीं, पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने कहा कि गांव, किसान और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र को सशक्त बनाना है। गुमला जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत अभियान नई संभावनाओं के द्वार खोल सकता है। यदि स्थानीय संसाधनों को सही दिशा मिले तो यह क्षेत्र भी आर्थिक दृष्टि से अग्रणी बन सकता है। कार्यकर्ता इस दिशा में संकल्प लें कि वे आत्मनिर्भरता के बीज गांव-गांव में बोयेंगें। वहीं, कार्यक्रम के जिला संयोजक रामअवतार भगत ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सभी से आह्वान किया कि वे आत्मनिर्भर भारत अभियान को जमीनी स्तर तक ले जाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस दौरान वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिया। जिनमें स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहन, स्वरोजगार के अवसर, आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था आदि प्रमुख रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री यशवंत कुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष रविंद्र सिन्हा ने किया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, भिखारी भगत, रविंद्र सिन्हा, मंगल सिंह भोक्ता, संतोष देवघरिया, करमपाल सिंह, विकास सिंह, अमरमणि उरांव, सोनामणि देवी, भैरव सिंह खेरवार, किशोर जायसवाल, बालकेश्वर सिंह, रविंद्र भगत और किशुन बड़ाइक आदि उपस्थित थे।

## एजी चर्च स्कूल ने आदिवासी बच्चों से सड़क पर मंगवाया चंदा, लोगों में आक्रोश

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** शिक्षा देने वाले संस्थान से संस्कार और आदर्श की उम्मीद की जाती है। पर बडीकाड़ीह एजी चर्च स्कूल पर आरोप है कि विद्यालय प्रबंधन ने कक्षा 4 से 7 तक के आदिवासी बच्चों को चंदा इकट्ठा करने के लिए सड़कों, दुकानों और गांव-गांव में भेजा। जानकारी के अनुसार, बच्चों को दो-दो के समूह में बांटकर नेशनल हाईवे, बाजार और ग्रामीण इलाकों में डोनेशन के नाम पर चंदा मांगने भेजा गया। इतना ही नहीं, कहा गया कि जो छात्र सबसे ज्यादा चंदा लेकर आएगा, उसे क्रिकेट किट और नकद इनाम दिया जाएगा। इस आदेश के बाद बच्चे साइकिल से घाघरा और आसपास के इलाकों में घूमते देखे गए। उधर, ग्रामीणों ने इसे शिक्षा के नाम पर गंभीर लापरवाही और बच्चों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बताया है। कहा कि विद्यालय प्रबंधन ने आदिवासी बच्चों को पढ़ाई की जगह पैसों का साधन बना दिया है। मामले की शिकायत स्थानीय थाना को भी दी गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इसकी निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, एजी चर्च स्कूल के डायरेक्टर फ्रांसिस टोप्पो ने कहा कि विद्यालय में आशा नामक संस्था ने सहयोग राशि मांगी थी, जिसके लिए प्राचार्य ने बच्चों से अपने-अपने घरों से राशि लाने को कहा था। उन्होंने माना कि पुरस्कार की चाहत में बच्चे दुकानों तक चले गए होंगे, जो खतरनाक है।

### ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने किया बाइक चोर गिरोह का उद्भेदन

# 16 बाइक के साथ पांच गिरफ्तार, तीन को जेल और दो को जुबेनाइल कस्टडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** धनबाद ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने रविवार को बरोरा थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर बताया कि बरोरा थाना क्षेत्र और बाघमारा थाना क्षेत्र से 16 चोरी का बाइक बरामद किया गया है। साथ ही पांच बाइक चोरों को भी पकड़ा गया है 0, जिसमे से तीन को न्यायिक हिरासत तथा दो नाबालिग आरोपियों को जुबेनाइल कस्टडी में भेज दिया गया है और बाकी की तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाये जा रहे एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के तहत पुलिस ने बाइक चोरी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। हिरक रोड मुराईडीह कॉलोनी गेट के समीप वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका। कागजात मांगने पर बाइक सवारों ने स्वीकार किया कि वाहन चोरी का है।



पकड़े गये दोनों व्यक्तियों की पहचान रोहित कुमार वर्णवाल उर्फ विवेक वर्णवाल उर्फ कार्टिज और राज चौहान उर्फ गुड्डू चौहान, दोनों डुमरा बाघमारा थाना क्षेत्र के डुमरा निवासी थे। पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि वे अपने अन्य साथियों के साथ भीड़-भाड़ वाले बाजारों से मोटरसाइकिल चोरी कर धनबाद और बोकारो के विभिन्न इलाकों में बेचते थे। गिरोह अब तक लगभग 40 मोटरसाइकिल की चोरी कर चुका है। ग्रामीण एसपी ने फिर कहा कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर त्वरित छापामारी कर पुलिस ने विभिन्न स्थानों से छिपाकर रखी गयी कुल 16 मोटरसाइकिल बरामद किया। साथ ही 3 बालिग और 2 नाबालिगों को भी गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध बरोरा थाना कांड संख्या 35/2025 दिनांक 21.09.2025 के तहत मामला दर्ज उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

गिरफ्तार आरोपियों में 27 वर्षीय राहुल कुमार वर्णवाल उर्फ कार्टिज 25 वर्षीय राज चौहान उर्फ गुड्डू चौहान, 37 वर्षीय रंजीत यादव है।

छापामारी दल में मुकेश चौधरी (कतरास अंचल निरीक्षक), साधन कुमार (थाना प्रभारी बरोरा), दिलीप पाल (ओपी प्रभारी सोनारडीह), शुभम कुमार (थाना प्रभारी मधुबन), अजित कुमार (थाना प्रभारी बाघमारा), राहुल झा (थाना प्रभारी हरिहरपुर), विवेक चौधरी (थाना प्रभारी तेतुलमारी), गौतम कुमार (बरोरा थाना), जनार्दन महतो (बरोरा थाना), संदीप कुमार सुमन (बरोरा थाना), मुकेश कुमार महतो (बरोरा थाना), मिथुन कुमार (बरोरा थाना) कतरास, बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर मुकेश चौधरी, बाघमारा थाना प्रभारी अजीत कुमार और बरोरा थाना प्रभारी साधन कुमार भी उपस्थित थे।

### कोयलांचल पहुंची विधानसभा की विशेष समिति

# निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने बीसीसीएल और डीजीएमएस के क्रियाकलापों पर जतायी नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल पहुंची विधानसभा की विशेष समिति का रुख कड़ा देखने को मिला। कोयला खनन के नियमों के उल्लंघन को लेकर समिति सख्त है। हो सकता है कि समिति लौटने के पहले कुछ आउटसोर्सिंग कंपनियों को बंद करने का आदेश बीसीसीएल मैनेजमेंट को दे सकती है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो रही है। समिति में शामिल निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने बीसीसीएल और डीजीएमएस के क्रियाकलापों से काफी नाराज है। रविवार को विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि कानून के हिसाब से बीसीसीएल गलत तरीके से काम कर रही है। कोयला उद्योग के राष्ट्रीयकरण के समय बीसीसीएल को दावे के मुताबिक 23000 एकड़ जमीन मिली थी। लेकिन वह जमीन कहां है, इसकी जानकारी मैनेजमेंट को नहीं है। इस जमीन का अभी तक म्यूटेशन नहीं कराया गया है। लेकिन बीसीसीएल दावा कर रही है कि जमीन उसकी है। इधर, रैयतों की जमीन पर पहाड़ खड़े कर दिये गये है। यह सब डंपिंग के नियम के खिलाफ किया गया है और किया जा रहा है।



**नियम को ताक पर रखकर हो रही ओबी डंपिंग**

विधायक अरूप चटर्जी ने बताया कि नियम के मुताबिक ओबी डंपिंग 30 फीट ऊंचाई तक करनी है। उसके बाद फिर रास्ता रहेगा, फिर डंपिंग की जा सकती है। जिस वजह से पत्थर के टुकड़े से कोई नुकसान नहीं हो। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। डीजीएमएस भी असहाय बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यह समस्या बहुत जटिल और पुरानी है। रैयतों के साथ अत्याचार हो रहा है। कहा कि रैयतों को मुआवजा नहीं दिया गया है, लेकिन उनकी जमीन पर कोयला खनन किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि रैयतों ने वंशावली जमा नहीं की है, इस वजह से उनका भुगतान नहीं किया गया है। विधायक का सवाल है कि अगर किसी वजह से कोई परिवार वंशावली नहीं जमा कर सका हो, तो उसकी जमीन से बिना मुआवजा भुगतान के कोयला खनन कैसे किया जा सकता है? यह तो सरासर अन्याय है।

शनिवार को अधिकारियों के साथ विधानसभा की विशेष समिति ने बैठक की। संयोजक विधायक मथुरा महतो ने कहा कि रैयतों की जमीन संबंधित समस्या का निराकरण करने के लिए विशेष कोषांग का गठन किया जायेगा। इसमें रैयतों की भूमि संबंधित कागजात की जांच की जायेगी और उनकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

**बीसीसीएल के अधिकारियो के आदेश की भी कोई परवाह नहीं :** अरूप चटर्जी का कहना है कि मामला बहुत गंभीर है। इसमें सख्त कदम उठाने की जरूरत है, क्योंकि बीसीसीएल के अधिकारी लिखकर देते रहे हैं कि रैयतों की जमीन पर ओबी डंप नहीं किया जायेगा, लेकिन उस आदेश का अनुपालन आउटसोर्स कंपनियां नहीं कर रही है। नियम का उल्लंघन हो रहा है, कोयला चोरी भी हो रही है और अवैध उत्खनन भी हो रहा है। विधानसभा की विशेष समिति ने कोयलांचल के कई इलाकों का दौरा किया है।

# बैठक में बिजली, पानी और टैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुण्डा।** चिरकुंडा थाना परिसर में रविवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय, विशिष्ट अतिथि निरसा अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी एसडीपीओ रजत मणिक बाखला तथा संचालन जगरनाथ गोस्वामी ने किया ।एसडीपीओ श्री बाखला ने कहा कि पूजा के दौरान सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी गयी है और जिला से अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी,पूजा पंडालों में चिकित्सक ए एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध रहेगा,डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा,रात 10 बजे के बाद से सभी पूजा पंडालों में धीमी आवाज से बाजा बजाया जाये, सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगायी जाये, यातायात को सुगम बनाने के लिए भूलेंटियर तैनात रहे,पंडालों में रहने वाले वॉलंटियर्स शराब से दूर रहें। शांति समिति के सदस्यों ने बिजली, पानी, सड़क, साफ सफाई और ट्रैफिक व्यस्था को दुरुस्त करने की मांग की गयी है।



पूजा के दौरान बिजली और पानी की सुचारु आपूर्ति की मांग गयी। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी और पूजा त्यौहार के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी ने मिलकर काम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच बेहतर समन्वय बनाने पर जोर दिया। वही विद्युत विभाग के सहायक अभिनता संतोष मंडल ने कहा कि आगामी पर्व को लेकर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से होगा। चिरकुंडा नगर परिषद के पप्पू कुमार ने कहा कि क्षेत्रों में साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाएगा जनता से भी अपील हैं कि स्वच्छ चिरकुंडा सुंदर चिरकुंडा बनाने में सहयोग प्रदान करे।थाना प्रभारी रामजी राय ने कहा कि उपायुक्त का निर्देश है कि बेहतर पूजा पंडाल एव शांति व्यस्था कायम रखने वाले पूजा कमेटी सम्मानित होगे मैं चाहूंगा कि इस का यह मौका चिरकुंडा क्षेत्र के लोग प्राप्त करे मैं समझूंगा की यह सम्मान इस क्षेत्र के नागरिकों एव पुलिस को मिली हैं आपसभी बेहतर ढंग से पूजा मनाने पूरा प्रशासन आपके सहयोग में तात्यपर रहेगा।

इस मौके पर चिरकुंडा नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी, दशरथ साव, जयप्रकाश सिंह, अनिल साव, मणिक गोराई, रंजीत पासवान, राजू अंसारी, प्रो० अरुण कुमार, सुनीता देवी, इरफान अहमद खान,मोईज खान, आजाद खान, ननटू गोस्वामी, शशि तिवारी, संतु चटर्जी, पप्पू सिंह, ब्रजेश सिंह, काजल चक्रवर्ती इत्यादि शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# रोटी बैंक यूथ क्लब ने शुरू किया '1 रुपये थाली अभियान'

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पवित्र महालय के शुभ अवसर पर रोटी बैंक यूथ क्लब धनबाद ने रविवार को '1 रुपये थाली' अभियान की शुरूआत की। इस अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन बिनोद बिहारी चौक पर जरूरतमंदों को मात्र एक रुपये में संपूर्ण भोजन थाली उपलब्ध करायी जायेगी। इस पहल का उद्देश्य शहर के उन लोगों तक भोजन पहुंचाना है जो आर्थिक तंगी के कारण भरपेट खाना नहीं खा पाते। मात्र 1 शुल्क लेकर यह पहल उनकी गरिमा बनाये रखने के साथ-साथ समाज में साझा जिम्मेदारी की भावना को भी प्रोत्साहित करती है।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि रिंकू पाल, निदेशक सीएमसी हॉस्पिटल एवं युवा समाजसेवी ने इस अभियान का समर्थन करते हुए कहा कि भोजन हर इंसान का अधिकार है, विलासिता नहीं। रोटी बैंक यूथ क्लब का यह प्रयास निश्चित ही धनबाद को भूखमुक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।



पहले ही दिन स्थानीय लोगों और स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की और आने वाले दिनों में भोजन, सहयोग और समय देकर इस मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

रोटी बैंक यूथ क्लब अब तक कई सामाजिक अभियानों में सक्रिय रहा है और 1 रुपये थाली इसकी सेवाओं की श्रृंखला में एक नया मील का पत्थर है। क्लब का लक्ष्य है कि आने वाले समय में यह अभियान धनबाद के अन्य हिस्सों तक भी विस्तारित हो। रोटी बैंक अध्यक्ष का रवि शेखर ने बताया कि हमारा उद्देश्य है हर एक उसे इंसान तक भोजन पहुंचाना जो एक समय तक का भोजन सही से नहीं कर पाते हैं।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सहयोगी और सक्रिय सदस्य नीलकमल खवास ओर सभी सक्रिय सदस्य मौजूद थे।

# दुगार्पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा/ भाटडीह।** आगामी दुगार्पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को भाटडीह ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी अनूप सिंह ने की। इसमें क्षेत्र के सभी पूजा समितियों के पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक के दौरान पूजा आयोजन के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित समस्याओं पर चर्चा हुई। समिति सदस्यों ने पुलिस प्रशासन के समक्ष अपने सुझावों और चिंताओं को साझा किया। ओपी प्रभारी अनूप सिंह ने सभी को दुगार्पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्व के दौरान जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने भड़काऊ एवं भ्रामक गीतों के बजाने और उच्च ध्वनि वाले साउंड सिस्टम के उपयोग पर पूर्णतः रोक लगाने की बात कही। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि हर पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरे, पुलिस एवं प्रशासन के संपर्क नंबर, स्वयंसेवकों की टीम, और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। बैठक में सामूहिक सहयोग एवं समन्वय से दुगार्पूजा का शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया।

# शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सेक्टर-4 थाना परिसर में रविवार को पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में शांतिसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों के प्रतिनिधियों के साथ स्थानीय गणमान्य लोग भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

बैठक में आगामी पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए आपसी सहयोग और समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गयी। पुलिस प्रशासन ने विधि-व्यवस्था बनाए रखने और हर स्तर पर प्रशासन को सहयोग देने पर जोर दिया।

विशेष रूप से विसर्जन जुलूस के दौरान सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और निर्धारित मार्ग का पालन सुनिश्चित करने संबंधी दिशा-निर्देश पंडाल समितियों को दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि विसर्जन जुलूस केवल तय किए गए मार्ग से ही निकाला जाएगा ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या जाम की स्थिति न उत्पन्न हो।

पुलिस प्रशासन ने आम जनता और समिति प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और समस्या आने पर तुरंत थाना को सूचना दें। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

# त्रिया फाउंडेशन और आशादीप हॉस्पिटल ने लगाया चिकित्सा शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सेक्टर बारह स्थित उकरीद बस्ती स्थित पंचायत भवन में रविवार को त्रिया फाउंडेशन एवं आशादीप हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन आशादीप हॉस्पिटल के डायरेक्टर कुमार प्रभात रंजन, त्रिया फाउंडेशन की निदेशिका कुसुम भारती और रीना कुमारी की उपस्थिति में किया गया।




शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जाँच कराई। डॉक्टरों की टीम ने लोगों का शुगर, ब्लड प्रेशर एवं पीएफटी (फेफड़ों की जांच) निःशुल्क किया। जरूरतमंद मरीजों को दवाइयां भी वितरित की गयी। इस अवसर पर जेपी राय, दिन बंधु प्रकाश, सीबी सिंह, प्रदीप कुमार, निर्मल कुमार, तीया यादव, दिलीप कुमार, दीपशिखा कुमारी, मनोज कुमार सिन्हा, शशि भूषण तिवारी, आकाश कुमार, तबस्सुम परवीन और रैश कौशर सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे। शिविर को सफल बनाने में योगदान देने वालों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बोकारो विधायक के स्वास्थ्य प्रतिनिधि एवं आशादीप हॉस्पिटल के डायरेक्टर कुमार प्रभात रंजन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# झारखंड पान स्वासी तांती कल्याण समिति की बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रविवार 21 सितंबर को धनबाद जिला कमेटी झारखंड पान स्वासी तांती कल्याण समिति का एक अहम बैठक जगजीवन नगर बालाजी मंदिर प्रांगण में हुई। जिस बैठक का अध्यक्षता निश्चित कुमार गुप्ता ने किया। इस बैठक में अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। जिनमें धनबाद जिला कमेटी का चुनाव कराना, झारखंड सरकार से तांति को पान का दर्जा दिलाने, महिला शक्तिकरण, शिक्षा के क्षेत्र में समाज को आगे बढ़ाने, धनबाद जिला कमेटी को ओर मजबूत बनाने पर बल दिया गया। बैठक में प्रदेश महासचिव विजय दास, निर्मल दास, पंकज दास धनबाद जिला सचिव नरेंद्र कुमार भोला पान, दशरथ तांती, डीके पटवा, आनंद प्रसाद, जय शंकर प्रसाद, भोला तॉती, संतोष तांती, कृष्ण लाल प्रसाद, गौतम तॉती सरवन तांती, विनोद चंद्र प्रसाद और स्वजाति बंधुओ मोजूदगी रही।

# कतरास कोयलांचल में भू-धंसान, कारण और निदान पर परिचर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** कतरास नागरिक मंच के तत्वावधान में रविवार को भारतीय क्लब में कतरास कोयलांचल में भू-धसान, कारण और निदान पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता वियाडा के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी विजय कुमार झा ने की। जबकि संचालन प्रभात मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत इप्टा कलाकार विष्णु कुमार द्वारा क्रांतिकारी गीत के साथ हुआ। परिचर्चा को संबोधित करते हुए आइआइटी, आइएसएम धनबाद के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो प्रमोद




कुमार पाठक ने कहा कि कतरास में आये दिन हो रहे भू-धसान की घटना पर चिंता प्रकट की। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इसका निदान निकलना होगा। अवैध उत्खनन पर चर्चा करते हुए कहा कि लोगों का अभाव में स्वभाव नष्ट हो जाता है। 2025 में बना माइंस एक्ट पूर्णतः लागू हो।

जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि कतरास कोयलांचल के लिए भू-धसान की घटना गंभीर है। अवैध उत्खनन को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन को रोकने के लिए सड़क से लेकर सदन तक लड़ेंगे। बार एसोसिएशन धनबाद के महासचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अवैध उत्खनन करने वाले या प्रशासन अगर किसी भी व्यक्ति को परेशान या झूठे मुकदमे में फसाने का प्रयास किया तो मैं उनका केस निःशुल्क लड़ूंगा। उन्होंने कहा कि यहां के जनप्रतिनिधियों की संवेदनाएं मर चुकी है। लोगों को जागरूक होने की जरूरत है.हम गांधीवादी तरीके से लड़ाई लड़ेंगे। विजय कुमार झा ने कहा कि कतरास कोयलांचल को बचाने की जिम्मेदारी सबकी है। डीजीएमएस अगर सही तरीका से अपने काम नहीं करेगी तो हम उनके कार्यालय में अनिश्चितकालीन सत्याग्रह पर बैठेंगे।

मौके पर एलएन भट्टाचार्य, निरुपमा देवी, राजेंद्र प्रसाद राजा, रणधीर ठाकुर, शौकत खान, अनुज सिन्हा,शंकर चौहान, महादेव चटर्जी, राजीव रंजन, अधिवक्ता सोमनाथ चटर्जी, राकेश पाठक, गौतम मंडल, विष्णु कुमार, राजेश स्वर्णकार, अधिवक्ता एनुल हक आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन उदय सिंह ने किया।

# अटल जागृति मंच की तीसरी बैठक में संगठन विस्तार पर विचार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** रविवार को अटल जागृति मंच की तीसरी बैठक चास भोजपुर कॉलोनी, हनुमान मंदिर के प्रांगण में रखा गया। किसकी अध्यक्षता प्रदीप कुमार शर्मा और संचालन प्रवीण कुमार ने किया। जिसमें मुख्य रूप से संगठन विस्तार पर विचार किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जयशंकर सिंह को संयोजक बनाया गया और संयोजक मंडल में पांच सदस्य मनोनीत किये गये। राकेश कुमार मधु, परवीन कुमार, टुनटुन मिश्रा, सुनील कुमार एवं अजीत कुमार ठाकुर। बैठक में सुनील कुमार, अजीत ठाकुर, प्रदीप कुमार शर्मा, प्रवीण कुमार, जय भूषण त्रिपाठी, सियाराम सिंह, जयशंकर सिंह, कुंदन कुमार सिंह, राकेश कुमार मधु, टुनटुन मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, अरुण शर्मा, अमित कुमार शामिल रहे।



# अमेरिकी कंपनियों ने 40 हजार से ज्यादा आइटी पेशेवरों को निकाला : व्हाइट हाउस

● एच-1बी वीजा धारकों को दी गयी नौकरी

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एच-1बी वीजा को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। व्हाइट हाउस ने शनिवार को कहा कि कई अमेरिकी कंपनियों ने इस साल 40 हजार से ज्यादा अमेरिकी टेक वर्कर्स की छंटनी की और उनकी जगह विदेशी कर्मचारियों, खासकर एच-1बी वीजा धारकों को नौकरी दी। व्हाइट हाउस ने कहा कि इस कदम से अमेरिकी युवाओं का साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स (एसटीइएम) करियर की तरफ रुझान कम हो रहा है और यह अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है।

व्हाइट हाउस की तरफ से जारी फैक्ट शीट के अनुसार, एक कंपनी को 5,189 एच-1बी वीजा की मंजूरी मिली, लेकिन उसने इसी साल 16,000 अमेरिकी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला। दूसरी कंपनी को 1,698 एच-1बी वीजा की मंजूरी मिली, जबकि उसने ओरेगन में 2,400 वर्कर्स को जुलाई में हटा दिया। तीसरी कंपनी ने 2022 से अब तक 27,000 अमेरिकी कर्मचारियों की छंटनी की, जबकि उसे इसी दौरान 25,075 एच-1बी वीजा मिले।




एक और कंपनी ने फरवरी 2025 में 1,000 अमेरिकी कर्मचारियों की छंटनी की, जबकि उसे 1,137 एच-1बी वीजा की मंजूरी दी गयी।

व्हाइट हाउस ने यह भी खुलासा किया कि कई बार अमेरिकी कर्मचारियों को गोपनीय समझौते (एनडीए) के तहत अपने विदेशी रिप्लेसमेंट को ट्रेनिंग देने के लिए मजबूर किया गया।

## ट्रंप ने $100,000 का शुल्क लगाया

इस विवाद के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि अब कंपनियों को हर नये एच-1बी वीजा के लिए $100,000 (करीब 83 लाख रुपये) का एकमुश्त शुल्क देना होगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह कदम एच-1बी प्रोग्राम के दुरुपयोग को रोकने, अमेरिकी कर्मचारियों की तनख्वाह गिरने से बचाने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए उठाया गया है।

## इन्हें देना होगा शुल्क

यह शुल्क केवल नये एच-1बी वीजा आवेदनों पर लागू होगा। पहले से जारी वीजा या उनके नवीनीकरण पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। यह नियम 21 सितंबर 2025 से प्रभावी होगा। 2025 की एच-1बी लॉटरी जीत चुके उम्मीदवारों पर यह शुल्क लागू नहीं होगा। अमेरिकी यूएससीआइएस (यूएससीआइएस) ने स्पष्ट किया कि जो वीजा आवेदन 21 सितंबर से पहले दाखिल किये गये हैं, उन पर नया शुल्क नहीं लिया जायेगा।

## ट्रंप के फैसले का भारत पर असर

इस फैसले का सीधा असर भारतीय आइटी प्रोफेशनल्स पर पड़ेगा। हर साल एच-1बी वीजा धारकों में भारतीयों की संख्या सबसे ज्यादा रहती है। हालांकि, जो भारतीय कर्मचारी पहले से अमेरिका में काम कर रहे हैं या अपना वीजा रिन्यू करा रहे हैं, उन्हें यह शुल्क नहीं देना होगा।

# पीएम नरेंद्र मोदी की सौगात का असर आज से दिखेगा : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



**धनवार (आजाद सिपाही)।** पूर्व आइजी सह वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि सोमवार से त्योहारी सीजन के आगाज के साथ ही जीएसटी दरों में बदलाव के कारण कई चीजें सस्ती हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोगों को दी गयी सौगात के कारण रोजमर्रा की जरूरतों से लेकर गाड़ियों और दवाओं तक की कीमतों में फर्क पड़ेगा। श्री सिंह ने कहा कि 22 सितंबर को सूर्योदय के साथ ही जीएसटी बचत उत्सव शुरू हो जायेगा। इसका फायदा सभी वर्गों को होगा। अब घी, पनीर, मक्खन, नमकीन, जैम, केचप, ड्राय फ्रूट्स, कॉफी और आइसक्रीम जैसी चीजों पर कम टैक्स लगेगा। कई कंपनियों ने कीमतें घटाने की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि अब ग्लूकोमीटर, डायग्नोस्टिक किट्स और ज्यादातर दवाओं कम रेट मिलेंगी। अब टीवी, एसी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन जैसी चीजों पर भी टैक्स कम हुआ है। सीमेंट भी सस्ता मिलेगा, जिससे घर बनाने की लागत थोड़ी कम होगी। छोटी गाड़ियों की कीमतें कम होंगी। सैलून, योगा सेंटर, फिटनेस क्लब, हेल्थ स्पा जैसी सेवाओं पर राहत मिलेगी।

# यूपी में दीपावली से पहले शिक्षकों को मिल जायेगी कैशलेस इलाज की सुविधा


लखनऊ। यूपी में शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को दिवाली से पहले कैशलेश चिकित्सा सुविधा का लाभ दिलाने की कवायद तेज हो गयी है। प्रस्ताव के अनुसार कैशलेश चिकित्सा सुविधा के लिए 2480 रुपये प्रति कार्मिक सालाना व्ययभार आयेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पांच सितंबर शिक्षक दिवस पर प्रदेश भर के शिक्षकों-कर्मचारियों को कैशलेश चिकित्सा सुविधा देने की घोषणा की है।





# फलस्तीन को ऑस्ट्रेलिया ब्रिटेन, कनाडा ने दी मान्यता

**टोरंटो/लंदन।** ब्रिटेन ने औपचारिक रूप से फलस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता दे दी है। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने रविवार को यह एलान किया। यह कदम अमेरिका और इस्राइल के कड़े विरोध के बावजूद उठाया गया। स्टार्मर ने कहा कि इस फैसले का उद्देश्य फलस्तीनियों और इस्राइलियों के लिए शांति की उम्मीद को जीवित रखना है। इससे पहले कनाडा और ऑस्ट्रेलिया भी यह मान्यता दे चुके हैं। स्टार्मर ने कहा कि भले ही यह फैसला प्रतीकात्मक है, लेकिन यह एक ऐतिहासिक क्षण है।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** **:** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**